राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 25
लखनऊ, शनिवार 3 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



गंगापार में बाढ़ का कहर, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने दी दो नावें 10

राज्यपाल ने गांधी-शास्त्री को दी श्रद्धांजलि 03

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,50,450/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,860/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दयाराम राजभर को बनाया प्रत्याशी

**अंबेडकरनगर।** बसपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए जलालपुर सीट से दयाराम राजभर को प्रत्याशी घोषित किया है। शुक्रवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर संपर्क कर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एमएलसी दिनेश चंद्रा ने की।

### हिमाचल में पर्यटकों की बढ़ी आमद

**शिमला।** सप्ताहांत पर हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भारी आमद रही। परवाणू टोल प्लाजा पर वाहनों का दबाव बढ़ने से करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शिमला में होटल ऑक्यूपेंसी 70 प्रतिशत तक पहुंच गई। मनाली में दो दिन में चार हजार से अधिक पर्यटक वाहन और करीब 150 वोल्वो बसें पहुंचीं। रोहतांग, सिस्सू, अटल टनल और सोलंगनाला में भी पर्यटकों की भीड़ रही।

### बिहार में पीएचडी दाखिले के नियम सख्त

**पटना।** बिहार के विश्वविद्यालयों में पीएचडी दाखिले के नियम कड़े कर दिए गए हैं। नए पीएचडी रेगुलेशन-2026 के तहत नेट की पात्रता उसी वर्ष के नामांकन चक्र के लिए मान्य होगी। 2026 सत्र तक रिक्त सीटों की अधिकतम दो-तिहाई सीटों पर ही दाखिला दिया जा सकेगा। शोध पर्यवेक्षकों और उपलब्ध संसाधनों से जुड़े मानकों का पालन अनिवार्य होगा। नियमों में गड़बड़ी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### ओवरलोडिंग पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ओवरलोड वाहनों को लेकर स्पष्ट किया है कि केवल जुर्माना भरने से वाहन को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। निर्धारित सीमा से अधिक भार होने पर अतिरिक्त भार उतारना जरूरी होगा। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने 28 सितंबर को सड़क सुरक्षा और मोटर वाहन नियमों के अनुपालन से जुड़े मामले में यह निर्देश दिया।

### पाकिस्तान में हिंसा से मौतें 83 प्रतिशत बढ़ीं

**इस्लामाबाद।** सीआरएसएस की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में जुलाई से सितंबर के बीच हिंसा से जुड़ी मौतों में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि में 385 हिंसक घटनाओं में 1,415 लोगों की मौत और 558 लोग घायल हुए। बलूचिस्तान में 829 और खैबर पख्तूनख्वा में 556 मौतें दर्ज की गईं। दोनों प्रांतों में कुल मौतों का करीब 98 प्रतिशत हिस्सा दर्ज हुआ।

# सुनहरा छक्का

- एशियाड में भारत: 16 स्वर्ण 25 रजत, 35 कांस्य
- 76 पदकों के साथ पदक तालिका में 5वां स्थान

**गोल्डेन फ्राईडे**

- 13वें दिन भारत को मिले छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक
- लवलीना, परवीन और अंकुश ने मुक्केबाजी में रच दिया इतिहास
- सुजीत कलकल और महिला रिकर्व टीम भी बनी चैंपियन



**एजेंसी, नागोया (जापान)।**

भारत के लिए शुक्रवार का दिन बेहद शानदार रहा। छह स्वर्ण पदक हमारे खाते में आए। महिला हॉकी के अलावा मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन, परवीन हुड्डा और अंकुश पंघाल ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण जीते। कुश्ती में सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में और तीरंदाजी में अंकिता भगत, कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम ने स्वर्ण पर कब्जा किया। कुलमिलाकर छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक भारत की झोली में आए।

**मुक्केबाजी:** पहली बार तीन स्वर्ण लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में चीन की बाओ जियी को 5-0 से हराकर स्वर्ण जीता। जन्मदिन पर मिली यह जीत उनके लिए खास रही। हांगझोउ में रजत जीतने वाली लवलीना ने इस बार खिताब अपने नाम किया।

इसके बाद परवीन हुड्डा ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में चीनी ताइपे की चेन निएन-चिन को 3-2 के स्प्लिट निर्णय से हराया। वहीं अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दक्षिण कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से शिकस्त देकर स्वर्ण जीता। इस तरह भारत के तीन मुक्केबाज एक ही एशियाई खेल में चैंपियन बने।

अंकुश 2018 में अमित पंघाल के बाद एशियाड में मुक्केबाजी स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बने।

**कुश्ती: आखिरी सेकंडों में सुजीत का कमाल:** कुश्ती के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में सुजीत कलकल एक समय ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव से 2-9 से पीछे थे। मुकाबला खत्म होने में महज 1 मिनट 40 सेकंड बाकी थे। सुजीत ने लगातार टेकडाउन कर स्कोर 8-9 किया और आखिरी 11 सेकंड में दो अंक हासिल कर 10-9 से मुकाबला जीतते हुए स्वर्ण छीन लिया।

**नौकायन में कांस्य:** नौकायन में नेथ्रा कुमानन ने महिला डिंगी स्पर्धा में कांस्य जीता। सेपकटकरा में मालेंगनबा सिंह सोरोखैबम, राम कुमार शर्मा, बॉबी कुमार व आकाश युमनाम की पुरुष क्वाड्रेंट टीम को जापान से सेमीफाइनल में 0-2 की हार के बाद कांस्य मिला।

### महिला हॉकी टीम ने जीता सोना ओलंपिक का टिकट पक्का



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में 44 साल का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म कर दिया। शुक्रवार को रोमांचक फाइनल में भारत ने मेजबान जैसी मजबूत चुनौती पेश कर रही चीन की टीम को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत के लिए निर्णायक गोल लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में किया। इस जीत के साथ भारत ने लास एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई भी कर लिया। भारत ने इससे पहले 1982 में महिला हॉकी का स्वर्ण जीता था।

### महिला रिकर्व टीम का ऐतिहासिक स्वर्ण

तीरंदाजी में अंकिता भगत, कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर स्वर्ण जीता। यह एशियाई खेलों में महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण है। 17 वर्षीय कुमकुम ने निर्णायक मौकों पर शानदार निशाने लगाए।

### दो रजत, दो कांस्य भी भारत के नाम

दिन में भारत को दो रजत पदक भी मिले। रिकर्व मिश्रित टीम में कुमकुम मोहोड़ और धीरज बोम्मादेवरा की जोड़ी चीन से हारकर रजत पर रही। इसके बाद धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और यशदीप भोगे की पुरुष रिकर्व टीम को दक्षिण कोरिया के खिलाफ फाइनल में हार के बाद रजत मिला। एशियाड में भारतीय दल पांचवें पायदान पर पहुंच चुका है।

# एसआईआर का दिल्ली से मुंबई तक विरोध



**आक्रोश**

- जंतर-मंतर पहुंचने से पहले आप नेताओं व छात्र संगठनों पर कार्रवाई
- निषेधाज्ञा, इंटरनेट बंद मेट्रो के 11 स्टेशन सील, 1100 से ज्यादा हिरासत में
- मुंबई में शिवाजी पार्क के बाहर 'कॉकरोच जनता पार्टी' का शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली/मुंबई।**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शुक्रवार को गांधी जयंती पर दिल्ली से मुंबई तक विरोध प्रदर्शन हुए। दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन को पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद आम आदमी पार्टी (आप), छात्र संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ता जुटे। पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में लिया। दिन में जारी अलग-अलग रिपोर्टों में हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या 1100 से अधिक बताई गई है। हिरासत में लिए जाने वालों में आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह, संजीव झा और छात्र संगठनों के नेता शामिल हैं।

उधर मुंबई में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) ने शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके और प्रवक्ता सौरव दास के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों ने गांधी की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहन रखी थी। दीपके ने कहा कि गांधी देश की आत्मा, डॉ. भीमराव आंबेडकर रीढ़ और जवाहरलाल नेहरू दिमाग हैं।

# मोदी से कैप्टन मच्छार ने की बात, बोले- हनुमान जी ने बचाया

- विमान में सह-पायलट के हमले के बाद भी खोला कॉकपिट का दरवाजा
- यात्रियों ने आरोपी को दबोचा, मोदी ने साहस व सूझबूझ की सराहना की



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

फ्लाईदुबई के विमान में सह-पायलट के हमले के बावजूद सैकड़ों यात्रियों की जान बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉल पर बातचीत की। इस दौरान कैप्टन मच्छार भावुक हो गए।

उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि संकट के उस बेहद कठिन क्षण में उन्होंने हनुमान चालीसा का जाप किया और उन्हें लगा कि हनुमान जी ने उन्हें बचाया। प्रधानमंत्री ने कैप्टन मच्छार के साहस, संयम और त्वरित निर्णय क्षमता की सराहना की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बातचीत में मच्छार ने विमान में हुए घटनाक्रम की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने का निर्णय लिया, जिससे यात्रियों और चालक दल के अन्य सदस्यों को हमलावर को काबू करने का मौका मिला। इसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से सऊदी अरब के ताबुक में उतारा गया। मच्छार ने बताया कि हमले के बाद स्थिति बेहद गंभीर थी। विमान तेजी से नीचे जा रहा था और वह खुद भी गंभीर रूप से घायल थे। इसके बावजूद उन्होंने हालात को समझते हुए अंतिम क्षण तक विमान और यात्रियों को बचाने का प्रयास किया।

# आकाश ने बुआ मायावती से मांगी माफी

- कहा- दूसरी पार्टी में नहीं जाऊंगा
- आप मेरी राजनीतिक गुरु प्रेरणा और बुआ मां
- ससुर अशोक को पार्टी से निकालना सही



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निष्कासन के 22 दिन बाद मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने शुक्रवार को पहली बार चुप्पी तोड़ी। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती से माफी मांगते हुए फिर उनके नेतृत्व में पार्टी और मिशन के लिए काम करने का अवसर मांगा। आकाश ने साफ किया कि वह किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बसपा को अपना परिवार और मायावती को अपना राजनीतिक गुरु, प्रेरणा और 'बुआ मां' बताया।

आकाश आनंद ने एक्स पर मायावती को संबोधित खुले पत्र में लिखा कि राजनीति में उन्होंने जो कुछ सीखा और किया, वह उनके मार्गदर्शन में ही किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके बारे में मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर कई तरह की खबरें और अफवाहें चल रही हैं। वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि ÷मैं किसी दूसरे राजनीतिक दल में नहीं जा रहा। न आज, न कभी।÷ उनके मुताबिक बसपा उनके लिए सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि परिवार है। आकाश ने मायावती की उस पोस्ट को दोबारा साझा नहीं करने के मामले में भी सफाई दी।

# भारत-पाक सीमा पर घुसपैठ की कोशिश, दो घुसपैठिये ढेर

- चेतावनी के बाद भी बढ़ते रहे आगे

**एजेंसी, तरनतारन।**

पंजाब के तरनतारन जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नाकाम कर दिया। राजोके सीमा चौकी के पास पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश कर रहे दो संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठियों को जवानों ने फायरिंग में मार गिराया। घटना में शामिल तीसरे संदिग्ध के वापस पाकिस्तान की ओर भाग जाने की सूचना है। अधिकारियों के अनुसार, घटना गुरुवार देर रात करीब 12:30 बजे की है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की ओर चट्टनवाला इलाके से तीन संदिग्ध भारतीय सीमा की तरफ बढ़ रहे थे। सीमा पर तैनात जवानों ने उनकी संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें रुकने की चेतावनी दी। जवानों ने कई बार चुनौती देकर वापस लौटने को कहा, लेकिन संदिग्ध आगे बढ़ते रहे। खतरा महसूस होने पर बीएसएफ जवानों ने फायरिंग की। इसमें दो संदिग्ध मारे गए, जबकि तीसरे के पाकिस्तान की ओर लौट जाने की बात सामने आई है।

### बबीता चौहान, अपर्णा यादव और चारू चौधरी का कार्यकाल एक साल बढ़ा



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान और दोनों उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व चारू चौधरी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। शासन की ओर से एक अक्टूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। कार्यकाल विस्तार के बाद तीनों पदाधिकारी एक वर्ष और अपने पदों पर बनी रहेंगी। साथ ही आयोग में उन्हें सौंपी गई वर्तमान जिम्मेदारियां और दायित्व भी जारी रहेंगे। राज्य महिला आयोग का गठन सितंबर 2024 में किया गया था।

# यूपी के 14 शहरों में बाढ़, गोंडा में 25 हजार फंसे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/पटना।**



- नदियों के उफान से संकट
- बिहार के 3.65 लाख लोग प्रभावित
- बारिश थमी, लेकिन नदियां खतरे के करीब

उत्तर प्रदेश में बारिश थमने के बाद भी नदियों का उफान कम नहीं हुआ है। गंगा, शारदा समेत करीब 15 नदियां खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं। गोंडा में घाघरा नदी खतरे के निशान से 26 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई है। करीब 30 गांव बाढ़ के पानी से घिरकर टापू में बदल गए हैं और 25 हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। गांवों की गलियों में नावें चल रही हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत की सूचना है।

उन्नाव में सई नदी का पानी 12 से अधिक गांवों में घुस गया है। लखनऊ के निचले इलाकों में पांच फीट तक जलभराव की स्थिति है, जबकि बाराबंकी में पानी स्कूलों और मंदिरों तक पहुंच गया है। कई स्थानों पर सड़कें जलमग्न होने से आवागमन प्रभावित हुआ है। कुशीनगर में भी नदी के कटाव से घरों और झोपड़ियों के प्रभावित होने की सूचना है। बिहार में नेपाल से आए पानी और तटबंधों के टूटने से छह जिलों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब 253 गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है और 3.65 लाख से अधिक लोग प्रभावित बताए गए हैं। लगभग 44 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत की सूचना है। सारण और मुजफ्फरपुर में गंडक नदी के बढ़े जलस्तर के बीच तटबंध टूटने से कई गांवों में पानी फैल गया है। राहत और बचाव के लिए नावें तथा एसडीआरएफ की टीमें लगाई गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों में बारिश का दौर बना रह सकता है। हिमाचल प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में छह और सात अक्टूबर को तेज बारिश की संभावना जताई गई है।

### खादी पर 30 जनवरी तक 25 प्रतिशत छूट



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गांधी जयंती पर शुक्रवार को हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचकर खादी के वस्त्र खरीदे और लोगों से इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने चरखा चलाकर महात्मा गांधी के स्वदेशी और स्वावलंबन के संदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार ने खादी वस्त्रों की खरीद पर 30 जनवरी 2027 तक 25 प्रतिशत की विशेष छूट देने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि बचपन में गांधी आश्रम के कपड़ों को बड़ी उत्सुकता से देखते थे और आज उन्हें अंगीकार करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि गांधी आश्रम का चरखा केवल चरखा नहीं, बल्कि भारत के स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का आधार है।

# आराधना मिश्रा बनीं यूपी कांग्रेस की अध्यक्ष, अजय राय हटे

- इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी
- देवेंद्र व आलोक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह विधानमंडल दल के नेता



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस ने प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने शुक्रवार को आराधना मिश्रा 'मोना' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने अजय राय की जगह ली है। पार्टी ने अजय राय के कार्यकाल में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से मुक्त किया है।

प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा सीट से विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी की बेटी हैं। वह रामपुर खास से लगातार तीन बार विधायक चुनी गई हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 14,741 मतों से हराया था। कांग्रेस ने संगठन में अन्य बदलाव भी किए हैं। सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

**तकनीकी खतरा**

### ओपनएआई ने संगठनों को भेजा अलर्ट, एजेंटों ने बाहर जाकर बाहरी प्रणालियों तक पहुंचने का किया प्रयास

# बेकाबू हुआ एआई, सुरक्षा घेरा तोड़ 100 से ज्यादा संस्थानों में लगाई सेंध

**एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को।**

इंसानों के काम को आसान बनाने के लिए विकसित किए गए एआई एजेंट अब साइबर सुरक्षा के लिए नई चुनौती बनते दिख रहे हैं। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई ने 100 से अधिक संस्थानों को ऐसे मामलों के संबंध में अलर्ट किया है, जिनमें एआई एजेंटों ने तय सुरक्षा सीमाओं से बाहर जाकर बाहरी प्रणालियों और इंटरनेट संसाधनों तक पहुंच बनाने की कोशिश की। कंपनी के अनुसार, इन घटनाओं की जांच की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई तकनीक विकसित की जा रही है।

ओपनएआई के मुताबिक, अलर्ट भेजे जाने का अर्थ यह नहीं है कि सभी मामलों में निजी या संवेदनशील जानकारी चोरी हुई अथवा संबंधित संस्थानों के सिस्टम को नुकसान पहुंचाया गया। संस्थानों को सूचना इसलिए दी गई है ताकि वे अपने सिस्टम की जांच कर सकें और संभावित सुरक्षा जोखिमों पर समय रहते कार्रवाई कर सकें। एआई एजेंट सामान्य चैटबॉट से अलग होते हैं। चैटबॉट मुख्य रूप से सवालों के जवाब देते हैं, जबकि एजेंटों को निर्देश मिलने पर वेबसाइट खोलने, जानकारी जुटाने, विभिन्न स्रोतों की तुलना करने और कई चरणों वाले काम अपने स्तर पर पूरा करने की क्षमता दी जा सकती है। यही स्वायत्तता सुरक्षा के लिहाज से चुनौती बन रही है।



ओपनएआई के अनुसार, कुछ परीक्षणों में एआई मॉडलों ने इंटरनेट से जुड़ने और बाहरी प्रणालियों का इस्तेमाल करने के दौरान अपेक्षित सीमाओं का पालन नहीं किया। कुछ मामलों में मॉडलों ने ऐसी तकनीकी कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश की, जिनका इस्तेमाल सामान्य परिस्थितियों में नहीं किया जाना था।

### 50 पेटाबाइट डाटा की जांच

एआई मॉडलों की गतिविधियों को समझने और संभावित जोखिमों का पता लगाने के लिए ओपनएआई बड़े पैमाने पर डाटा की समीक्षा कर रही है। कंपनी के मुताबिक करीब 50 पेटाबाइट डाटा की जांच की जा रही है। सामान्य अंग्रेजी पाठ के रूप में देखें तो इतनी बड़ी मात्रा को किसी एक व्यक्ति के लिए पढ़ना अत्यंत लंबी प्रक्रिया होगी। कंपनी इस विश्लेषण में हजारों उन्नत ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) का इस्तेमाल कर रही है और कई स्तरों पर एआई की मदद से ही गतिविधियों की छंटाई की जा रही है।

### पहले भी जताई चिंता

जुलाई में हुए हगिंग फेस प्रकरण के बाद एआई एजेंटों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ी। जांच में बताया गया कि कुछ मॉडल इंटरनेट तक पहुंच बनाने, अनधिकृत माध्यमों से संवाद करने और साझा तकनीकी ढांचे की कमजोरियों का फायदा उठाने में सक्षम रहे।

कंपनी ने इससे पहले जुलाई 2026 की एक साइबर सुरक्षा परीक्षण घटना की भी जानकारी दी थी। ओपनएआई के अनुसार, उस दौरान उसके कुछ मॉडलों ने इंटरनेट से अलग रखने के लिए लगाए गए नियंत्रणों को दरकिनार किया और हगिंग फेस समेत बाहरी प्रणालियों तक पहुंच बनाई। कंपनी ने बाद में इस घटना की विस्तृत जांच की और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की बात कही। चैटबॉट आम तौर पर उपयोगकर्ता के सवाल का जवाब देकर काम पूरा कर देता है। इसके विपरीत एआई एजेंट को किसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई चरणों में काम करने, वेबसाइटों और उपकरणों से संपर्क करने तथा प्राप्त जानकारी के आधार पर अगला कदम उठाने की क्षमता दी जा सकती है। यही वजह है कि एजेंट तकनीक से काम की गति बढ़ने के साथ उसके लिए नए सुरक्षा नियंत्रणों की जरूरत भी बढ़ रही है। एआई एजेंट ईमेल तैयार करने, दस्तावेजों का विश्लेषण करने, वेबसाइटों से जानकारी जुटाने, आंकड़ों की तुलना करने और रिपोर्ट तैयार करने जैसे काम कर सकते हैं।

# बर्खास्त सिपाही वर्दी में वसूली करते गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

हरदी थाना पुलिस ने पुलिस की वर्दी पहनकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो बर्खास्त सिपाहियों समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को जेल भेजने की धमकी देकर रुपये वसूलते थे। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने शुक्रवार दोपहर 3 बजे पुलिस लाइन में एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कार में लगी थी फर्जी नंबर प्लेट

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह को सूचना मिली कि लाल-नीली बत्ती लगी कार में कुछ लोग खुद को पुलिसकर्मी बताकर संदिग्ध गतिविधियां कर रहे हैं। पुलिस ने सिंघिया नसीरपुर के पास कार को रोककर जांच की। कार में पुलिस की वर्दी पहने समर बहादुर सिंह और श्रीप्रकाश द्विवेदी उर्फ प्रकाश दूबे मिले। पुलिस ने दोनों से परिचय पत्र और वाहन के दस्तावेज मांगे। दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।



### गांजा रखने के आरोप में जेल भेजने की धमकी

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पुलिसकर्मी बनकर दुकानदारों को गांजा रखने के आरोप में जेल भेजने की धमकी देते थे। इसके बदले उनसे रुपये वसूलते थे। आरोपियों की निशानदेही पर मूले अवस्थी उर्फ अवधेश अवस्थी और वीरेंद्र उर्फ छोटू को भी गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से गांजा बरामद हुआ।

### 7.795 किलो गांजा और हथियार बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 किलो 795 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसके अलावा दो तमंचे, दो कारतूस, पुलिस की वर्दी, पुलिस संबंधी बैज, फर्जी नंबर प्लेट, छह मोबाइल फोन, नकदी और रेनॉल्ट ट्राइबर कार बरामद की गई है।
दो सिपाही पहले हो चुके हैं बर्खास्त
पुलिस के मुताबिक, समर बहादुर सिंह को वर्ष 2018 में मारपीट के मामले में जबरिया रिटायर किया गया था। वहीं श्रीप्रकाश द्विवेदी पीएसी में आरक्षी था। उसे वर्ष 2007 में बर्खास्त किया गया था।

## विशेश्वरगंज थाने की कमान अजय कुमार मिश्रा को



**समृद्धि न्यूज, विशेश्वरगंज, बहराइच।** पुलिस विभाग में हुए तबादले के बाद निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा को विशेश्वरगंज थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके सामने कानून-व्यवस्था मजबूत करने, अपराध नियंत्रण और फरियादियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की चुनौती होगी।

वहीं, पूर्व थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी का तबादला पुलिस अधीक्षक कार्यालय किया गया है। उन्हें जनसंपर्क की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए प्रभारी निरीक्षक से पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई जा रही है।

# 10 लाभार्थियों को वितरित की गई नाव लाइफ जैकेट, जाल व आइस बॉक्स

▸ विधानसभा संयोजक व सीडीओ ने लाभार्थियों को किया वितरण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



गांधी जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत मत्स्य विभाग बहराइच के तत्वाधान में निषाद राज बोट योजना अन्तर्गत घाघराघाट स्थित संजय सेतु के निकट आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा मछुआ समुदाय के चयनित लाभार्थियों को नाव, लाइफ जैकेट, जाल व आइस बॉक्स तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गौरव वर्मा ने सरकार द्वारा मत्स्य पालन तथा मछुआ समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किया सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि जनपद में मत्स्यपालन की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम ने बताया कि योजना अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को परियोजना लागत रू. 80,400.00 पर अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान देय है। उन्होंने बताया कि नाभान्वित किये जा रहे 10 लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित की जायेगी। इस अवसर पर निषाद पार्टी के मंडल प्रभारी बलकेश एवं खुशीराम निषाद, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिला उपाध्यक्ष रजित राम कश्यप, खंड विकास अधिकारी जरवल राजेंद्र कुमार तथा निषाद राज बोट योजना अंतर्गत नाव एवं किट प्राप्त करने वाले लाभार्थी महेश, हरिलाल, धर्मेंद्र, सुरेश कुमार, दीपक, संदीप कुमार, विद्याराम, दिनेश कुमार, कैलाश व पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### न्यायालय सुरक्षा में तैनात अवनीश को उत्कृष्ट सेवा पदक



**अम्बेडकरनगर।** न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी अवनीश कुमार सिंह को उत्कृष्ट सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पदक प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों की निष्ठा और जिम्मेदारी से विभाग की कार्यप्रणाली मजबूत होती है। सम्मान मिलने पर अवनीश ने अधिकारियों का आभार जताया और भविष्य में भी पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का संकल्प लिया।

### एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बलरामपुर।** 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी के निर्देशन में एमएलके पीजी कॉलेज के कैडेटों ने शुक्रवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत परिसर में सफाई की। प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन और मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह की अध्यक्षता में कैडेटों ने स्टेप्यू हॉल, उद्यान, पुस्तकालय और विभिन्न संकायों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। प्रो. वीणा सिंह ने कहा कि स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने लोगों से कूड़ा कूड़ेदान में डालने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रो. रेखा विश्वकर्मा, डॉ. राजीव रंजन सहित एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

### गन्ना समिति सदस्यता की तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ी

**बलरामपुर।** पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना समिति की सदस्यता और उपज बढ़ोतरी के आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है। जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की मांग पर तिथि बढ़ाई गई है। पहली बार गन्ने की खेती करने वाले किसान भी सदस्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसानों से निर्धारित समय में आवेदन पूरा करने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-121-3203 पर संपर्क करें।

### बारा टोल प्लाजा पर दो बाइकों की भिड़ंत, पांच घायल



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** बारा टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में नाबालिग बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद लक्ष्मी (30) और दशरथ (35) की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कान्हूपुर निवासी नरेंद्र (32) अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ सायपुर देहवा स्थित ससुराल से दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर गोसुपुर निवासी दशरथ, धनौती का पुरवा निवासी हरिबक्श (54) और सौम्या (10) सवार थे। बताया गया कि वे लखनऊ अस्पताल जा रहे थे। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ग्राम्यांचल महाविद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्राचार्य डॉ. लालमणि शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद महाविद्यालय के संस्थापक स्व. पं. सुरेन्द्र नाथ अवस्थी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता तथा शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सार्वजनिक विद्यालय इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण व पुष्पार्चन किया। छात्रों ने प्रभात फेरी, पोस्टर मेकिंग और स्वच्छता अभियान में भाग लिया। कम्पोजिट विद्यालय अन्सारी में भी जयंती मनाई गई। बच्चों को दोनों महापुरुषों के योगदान से अवगत कराते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों को पॉक्सो एक्ट के प्रति भी जागरूक किया गया।

### धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती



**बहराइच।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा (1-8) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण , ड्राइंग कम्पटीशन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों के द्वारा दोनों महापुरुषों का देश के प्रति समर्पण भाव को बच्चों के साथ साझा किया गया। झण्डारोहण विद्यालय के प्रधान अध्यापक राजेश कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षक दिनेश कुमार, महिमा दुबे, रत्ना देवी सिंह, रसोईया, व अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प शिविर में 177 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

गांधी जयंती पर हैदरगढ़ विकासखंड परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत तहसील स्तरीय कल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया। विधायक दिनेश रावत ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। सहायक उपकरण योजना के तहत 95 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और 22 को बैसाखी दी गईं। शादी अनुदान के 20, वृद्धावस्था पेंशन के 10 और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 10 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र मिले। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना के पांच, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पांच और निराश्रित महिला पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। शिविर का शुभारंभ छह माह की बालिका के अन्नप्राशन से हुआ। विधायक ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर में कुल 177 लाभार्थी लाभान्वित हुए।



# होटल में महिला और 19 साल छोटे प्रेमी की मौत

▸ मौत से पहले इंस्टाग्राम पर डाली रील

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



नगर कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के सामने स्थित अवध कैलाश होटल के कमरा नंबर 201 में गुरुवार देर शाम एक महिला और युवक के शव मिले। दोनों ने कथित रूप से आत्महत्या की। महिला युवक से 19 साल बड़ी थी। दोनों 22 सितंबर से होटल में खुद को पति-पत्नी बताकर ठहरे हुए थे। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

होटल स्टाफ के मुताबिक, दोनों ने खुद को प्राइवेट नौकरी करने वाला बताया था। गुरुवार को सुबह नाश्ता करने के बाद दोनों ने दिनभर खाने-पीने का कोई ऑर्डर नहीं दिया। काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं होने पर शाम को कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो दोनों के शव कमरे में मिले। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य जुटाए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान गौतमबुद्ध नगर निवासी पिंकी (46) के रूप में हुई है। वह शादीशुदा थी। उसके पति विजय शर्मा कैटरिंग का काम करते हैं। परिवार में एक बेटा और 10 साल की बेटी है। वहीं युवक रिंकू (27) श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के कथरा माफी मजरा हसनापुर का रहने वाला था और बिजली मैकेनिक का काम करता था। पिंकी के पति विजय ने पुलिस को बताया कि रिंकू उनके घर के सामने किराये पर रहता था और इसी दौरान परिवार से उसकी पहचान हुई थी।

विजय के मुताबिक, रिंकू पहले पिंकी को बहन मानता था। 14 सितंबर को पिंकी घर से करीब एक लाख रुपये नकद और जेवर समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान लेकर चली गई थी। बाद में उसका फोन बंद हो गया। 30 सितंबर को रिंकू के फोन से पिंकी ने विजय से 80 हजार रुपये ऑनलाइन भेजने को कहा था। रिंकू के परिजनों के मुताबिक, उसकी शादी इसी वर्ष 11 जुलाई को हुई थी, लेकिन दुल्हन की विदाई नहीं हुई थी। वह एक अगस्त को काम के सिलसिले में नोएडा चला गया था। परिवार को उसकी मौत की जानकारी पुलिस के माध्यम से मिली। परिजनों ने पिंकी के साथ उसके संबंधों की जानकारी होने से इनकार किया है। जांच के दौरान रिंकू के इंस्टाग्राम अकाउंट पर बुधवार को पोस्ट की गई एक रील मिली। इसमें वह पिंकी के साथ नजर आ रहा है। पुलिस का कहना है कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, इसलिए मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। होटल रिकॉर्ड और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

# गांधी जयंती पर स्कूल में निकली प्रभात फेरी

▸ छात्र-छात्राओं ने नारों के माध्यम से दिया सत्य व अहिंसा का संदेश

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छंदवल स्थित बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर दोनों महापुरुषों के विचारों और आदर्शों का संदेश दिया।

प्रभात फेरी को संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंधक रत्नेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ निकले विद्यार्थियों ने गगनभेदी नारों के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। प्रभात फेरी गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित सभा में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

विद्यार्थियों ने भाषण और देशभक्ति गीतों के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष व प्रबंधक रत्नेश कुमार ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने जा मकसद उनके जीवन आदर्शों को आत्मसाद करना है, संकल्प लेना है कि हमें भी रचनात्मक कार्य करने हैं। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का संदेश तथा शास्त्री जी का सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का जीवन आज भी समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम में शिक्षक मदन कुमार, सुनील कुमार, प्रिया मौर्या, सरिता यादव, इलावती, पलक कनौजिया, अर्चना, श्रद्धा गुप्ता, सरोज एवं जियालाल सहित करीब दो सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रिसिया में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। प्राचार्य प्रो. दिव्य दर्शन तिवारी ने गांधी और शास्त्री के जीवन, आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सत्याग्रह तथा शास्त्री की सादगी, ईमानदारी, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों महापुरुषों के विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान राष्ट्रसेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया।

# 8 तक चलेगा लोकतंत्र बचाओ सप्ताह



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर 2 से 8 अक्टूबर तक जिले में 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' एवं 'वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च' आयोजित किया जाएगा।

सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में हुई प्रेस वार्ता में नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से गलत तरीके से नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं के नाम पुनः जोड़ने, आगामी विधानसभा चुनाव तथा स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत और पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों से जुड़े मुद्दे भी उठाए। उन्होंने आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाने की बात कही। इसके बाद सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर जिलेभर में गूंजा सत्य व अहिंसा का संदेश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, चिकित्सालय, जिला उपभोक्ता आयोग और शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा, समानता, सादगी और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान सीएमएस की छात्राओं ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को पुरस्कृत किया।

रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता-अखंडता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की शपथ दिलाई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

एमएलके पीजी कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य प्रो. वीणा सिंह ने ध्वजारोहण किया। गांधी के जीवन और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सुमायला कय्यूम ने प्रथम, सुधांशु पाठक ने द्वितीय और सुभाष मिश्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न कार्यक्रमों में सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर पौधरोपण



**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

एनटीपीसी टांडा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा विनीता सिन्हा समेत अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# खेत में नवजात को छोड़ने के आरोप में मां-नानी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के किठुरा गांव में नवजात बच्ची को धान के खेत में मरने के लिए छोड़ने के मामले में पुलिस ने उसकी मां और नानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, लोक-लाज के डर से बच्ची को खेत में छोड़ा गया था। मामले में बच्ची के एक रिश्तेदार साजन की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक, 17 सितंबर की सुबह करीब 5:25 बजे सूचना मिली कि किठुरा गांव के धान के खेत में एक नवजात बच्ची पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को सफेद कपड़े में लिपटी करीब एक दिन की बच्ची मिली। उसकी हालत गंभीर थी और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। पुलिसकर्मियों ने तत्काल बच्ची को खेत से निकालकर सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। फिलहाल उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

इस मामले में ग्राम चौकीदार राममिलन की तहरीर पर श्रीदत्तगंज थाने में मुकदमा संख्या 105/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 93 और 109 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। तहरीर में गांव की एक युवती के गर्भवती होने और घटना से कुछ समय पहले अपनी मां के साथ नवजात को घर ले जाते देखे जाने का उल्लेख किया गया था।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में मां और नानी ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं, मामले में नाम सामने आए रिश्तेदार साजन की तलाश जारी है।

# मतदाता सरकार चुनता है, सरकार मतदाता नहीं : लालजी वर्मा

▸ सात अक्टूबर को अम्बेडकरनगर में सपा निकालेगी मार्च

▸ मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी की जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

समाजवादी पार्टी के सांसद लालजी वर्मा ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन का ऐलान किया है। इसके तहत सात अक्टूबर को सपा कार्यकर्ता जिला कार्यालय से कलेक्ट्रेट स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक मार्च निकालेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

सांसद लालजी वर्मा ने कहा, ÷मतदाता सरकार चुनता है, सरकार मतदाता नहीं।÷ उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का गठन मतदाताओं के मत से होता है। ऐसे में किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने की शिकायत सामने आने पर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। पार्टी मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और 'वोट चोरी' से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया है या चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता हुई है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। साथ ही प्रभावित मतदाताओं को अपनी शिकायत रखने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची में बदलाव और नाम हटाने की प्रक्रिया से संबंधित अभिलेखों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।




### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग

सपा नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग भी उठाई। पार्टी का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों का तथ्यात्मक जवाब दिया जाना चाहिए और मतदाता सूची में बदलाव संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। सात अक्टूबर को प्रस्तावित मार्च में मतदाता सूची की पारदर्शिता, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव आयोग की जवाबदेही प्रमुख मुद्दे रहेंगे।

सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव ने कहा कि पार्टी जिले में 'अम्बेडकरनगर लोकतंत्र बचाओ अभियान' चलाएगी। इसके तहत मतदाताओं को सूची में अपना नाम जांचने और त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया जाएगा।

अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर ने चुनाव आयोग सहित चुनावी संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत बताई। टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा ने मतदाता सूची में हुए बदलावों और आपत्तियों से संबंधित अभिलेख सार्वजनिक करने की मांग की। आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से मताधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी।

पूर्व सांसद शंखलाल मांझी ने पिछड़े, विशेषकर अति पिछड़े वर्गों के मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतों की जांच की मांग की। प्रदेश महासचिव अरुण सिंहहान ने अल्पसंख्यक मतदाताओं के नामों को लेकर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

# 2017 से पहले गांवों को मिले सिर्फ वादे : योगी

## मुख्यमंत्री बोले- आय व जाति प्रमाणपत्र के लिए ग्रामीणों को लगाने पड़ते थे तहसील-थाना और जिला मुख्यालय के चक्कर

▸ 57,600 ग्राम सचिवालयों में डिजिटल सुविधाओं का दावा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार गांवों को विकास की अंतिम सीढ़ी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहली इकाई मानकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायत और समृद्ध गांव ही ग्राम स्वराज की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि 2017 से पहले गांवों को विकास के बजाय केवल वादे मिले। गांवों के नाम पर राजनीति होती रही, लेकिन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव था।

मुख्यमंत्री के अनुसार, उस समय आय और जाति प्रमाणपत्र जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को तहसील, थाना और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि गांवों को केवल वोट बैंक के रूप में देखने वाली राजनीति से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित हुआ। योगी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश के 57,600 ग्राम सचिवालयों को ई-ग्राम स्वराज, डिजिटल भुगतान और आनलाइन निगरानी जैसी सुविधाओं से जोड़ा गया है। उनके मुताबिक इससे ग्राम पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिली है। ग्राम सचिवालयों के संचालन से प्रत्येक गांव में पांच से सात रोजगार के अवसर सृजित होने की बात भी उन्होंने कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं। उनका कहना था कि गांव में ही सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी।

### ग्राम स्वराज राजनीतिक नारा नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए ग्राम स्वराज कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर गांव के सपने को साकार करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायत, समृद्ध गांव और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश इसी दृष्टिकोण की आधारशिला हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्वराज की व्यवस्था में 'परिवारवादी मॉडल' के लिए कोई जगह नहीं है।

# राज्यपाल ने गांधी-शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जन भवन में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांधीजी के प्रिय भजनों और सर्वधर्म प्रार्थना का सामूहिक गायन किया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गांधी और शास्त्री का जीवन सत्य, सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' के भावों को जीवन में उतारने और अपनी कमियों को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अभियान तक सीमित न रखकर कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। कार्यालयों में फाइलें लंबित न रहें और अपशिष्ट का तत्काल निस्तारण हो। वरिष्ठ अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छता व कार्यव्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने टीम भावना बढ़ाने के लिए जन भवन में साइकिल यात्रा दोबारा आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

राज्यपाल ने गुजरात में शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए विद्यालयों के विकास और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की जरूरत पर जोर दिया।

## खबरें एक नजर में

### यूपी को मिलेंगे आठ नए एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ।** यूपी में रोड कनेक्टिविटी को और मजबूत करने की दिशा में आठ नए लिंक और एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर काम तेज किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के टेंडर को अंतिम रूप देने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। अधिकारियों को तय अवधि में प्रक्रिया पूरी करने और प्रोजेक्ट की लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। यूपीडा के रिकॉर्ड में भी आगरा-लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लिंक और अन्य लिंक परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रियाएं दर्ज हैं।फर्रुखाबाद लिंक, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक, झांसी लिंक और जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे के टेंडर 15 अक्टूबर तक फाइनल करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे की प्रक्रिया 30 अक्टूबर तक पूरी करने की समयसीमा तय की गई है। मेरठ-हरिद्वार लिंक, विंध्य एक्सप्रेस-वे और विंध्य-पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के टेंडर नवंबर के अंत यानी 30 नवंबर तक अंतिम रूप देने का लक्ष्य है। झांसी लिंक परियोजना के लिए यूपीड़ा के ई-टेंडर रिकॉर्ड में ग्रीनफील्ड, छह लेन और आठ लेन तक विस्तार योग्य सड़क का प्रावधान दर्ज है।बैठक में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा की प्रगति की भी समीक्षा हुई। कुल 56,662 एकड़ भूमि के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 28,874 एकड़ जमीन का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। बीडा की महायोजना-2045 को 25 अक्टूबर तक मंजूरी दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### गांधी-शास्त्री के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**लखनऊ।** गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विराम खंड-5 जनकल्याण समिति की ओर से गुरुवार को पार्क में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महासमिति के कार्यकारी महासचिव कर्नल एएन पांडे, सचिव संजय निगम, समिति अध्यक्ष प्रो. भरत राज सिंह और सचिव नित्यानंद पांडे ने पुष्प अर्पित किए। उन्होंने गांधी और शास्त्री के बताए सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समारोह में सांस्कृतिक सचिव अरुण त्रिवेदी, सदस्य अतुल पंत, विवेक सिंह अधिकारी, आनंद प्रकाश, विमल चंद्र श्रीवास्तव और पूर्व आईएएस उमेश तिवारी ने भी दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और देश के प्रति योगदान को याद किया।

### रैली निकालकर स्वच्छता व नशामुक्ति का दिया संदेश

**लखनऊ।** राजधानी के नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर में शुक्रवार कों गांधी-शास्त्री जयंती पर 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया। 'सेवा संकल्प अभियान', राष्ट्रीय सेवा योजना और 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के सहयोग में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वच्छता श्रमदान और जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता व नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई। छात्राओं ने 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' भजनों का गायन किया। एनसीसी कैडेट निकिता सिंह और एनएसएस स्वयंसेविका अनुश्री त्रिपाठी ने दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विचार रखे। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि अहिंसा, शुचिता और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने पंचायती राज, सत्ता के विकेंद्रीकरण और अंत्योदय की अवधारणा का उल्लेख करते हुए युवाओं से 'सादा जीवन, उच्च विचार' अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्राचार्या ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से राजेंद्र नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नाका चौराहा तक पहुंची। छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत', 'देश को स्वच्छ बनाना है' और 'नशे को ना, स्वच्छता को हां' जैसे नारे लगाए। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने श्रमदान कर कक्षाओं व परिसर की सफाई की। स्वच्छता और राष्ट्र सेवा पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कालीचरण पीजी कॉलेज में मनाई गई गांधी जयंती

**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में शुक्रवार को गांधी जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन व आदर्शों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कॉलेज प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्रा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गांधीजी के लखनऊ से जुड़े संबंधों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्महात्मा गांधी की पर्यावरण दृष्टिश् विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक वीके मिश्रा ने प्राचार्य और प्राध्यापकों के साथ पौधरोपण भी किया। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन से प्रेरणा लेने और सादगीपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने गांधीजी के आश्रमों और तपस्वी जीवन पर चर्चा की।

# सूचना विभाग में गांधी व शास्त्री को किया गया नमन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सभागार में हर्षोल्लास से मनाई गई।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का सस्वर पाठ भी किया गया।

अपने संबोधन में अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र ने दोनों महापुरुषों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से न केवल भारत को ब्रिटिश हुकूमत से स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया को शांतिपूर्ण संघर्ष का मार्ग दिखाया, वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्री मिश्र ने कहा कि शास्त्री जी ने अत्यंत साधारण परिवार से आकर अपनी असाधारण प्रतिभा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से देश का नेतृत्व किया। उनके द्वारा दिया गया अमर नारा 'जय जवान, जय किसान' आज भी देश की सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा का मूल मंत्र है। उन्होंने देश के जवानों का मनोबल बढ़ाया और किसानों को अन्नदाता के रूप में सम्मान दिलाया। उनकी सादगी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्री जी एक ऐसी मिसाल हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए भी कभी अपने पद का दुरुपयोग नहीं किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ऊँचे पद पर रहकर भी कैसे विनम्र और जमीन से जुड़े रहा जाता है।

उन्होंने सूचना विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी की सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनी कार्यशैली में अपनाएं।

इस अवसर पर वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, उपनिदेशक अनुराग प्रसाद, आत्रेय मिश्रा, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, चन्द्र मोहन, डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह, सी.एल. सिंह, प्रभात श्रीवास्तव,अमित कुमार यादव, निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मायावती का सपा पर हमला, 'पीडीए' को बताया राजनीतिक छलावा




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बसपा प्रमुख मायावती ने सपा पर 'पीडीए' के नाम पर राजनीतिक ढोंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सपा चुनाव में पीडीए के वोट मांगती है, लेकिन टिकट अपने परिवार, रिश्तेदारों और बड़े पूंजीपतियों को देती है।

मायावती ने एक्स पर कहा कि बसपा गरीब, मध्यम वर्ग और कमजोर तबकों के कर्मठ अम्बेडकरवादी कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाती है, जबकि सपा परिवारवाद और धनबल की राजनीति करती है। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में रामगोपाल यादव को दोबारा उम्मीदवार बनाए जाने और उद्योग जगत से जुड़े धनराज परिमल नाथवानी को टिकट देने का हवाला दिया। बसपा प्रमुख ने लोगों से सपा के 'पीडीए' के बहकावे में न आने और विधानसभा चुनाव से पहले सतर्क रहने की अपील की।

# अभाविप कार्यकर्ताओं से मिले डीएम ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

▸ मांगों के समाधान के लिए स्पष्ट समय सीमा की निर्धारित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बांदा में विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पांच दिनों से चलाया जा रहा आंदोलन शुक्रवार को प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। पांचवें दिन जिलाधिकारी अमित आसेरी ने स्वयं अभाविप का ज्ञापन लिया और मांगों के समाधान के लिए स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की।

अभाविप ने महिला छात्रावास के संचालन, महाविद्यालय के जर्जर भवनों की मरम्मत, खेल मैदान में बाउंड्रीवाल, खेल सामग्री की जांच एवं उपलब्धता, पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकों, परिसर की स्वच्छता एवं सुंदरीकरण, छात्र-छात्राओं के प्रसाधन तथा कक्षाओं के नियमित संचालन सहित विभिन्न मांगें प्रशासन के समक्ष रखी थीं। लिखित आश्वासन के अनुसार महिला छात्रावास को 1 नवंबर, प्रशासनिक एवं अन्य समितियों के गठन को 4 अक्टूबर, समय-सारिणी के प्रदर्शन को 7 अक्टूबर, प्रसाधन एवं कक्षाओं की व्यवस्था को 17 अक्टूबर तथा परिसर की स्वच्छता एवं सुंदरीकरण को 25 अक्टूबर तक पूरा किए जाने की समय सीमा दी गई है। खेल सामग्री की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई 3 नवंबर तक तथा खेल मैदान की बाउंड्रीवाल का निर्माण तीन माह के भीतर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया गया है। अभाविप बांदा के जिला संयोजक कार्तिकेय गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय की मूलभूत एवं शैक्षणिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अभाविप ने पांच दिनों तक शांतिपूर्ण आंदोलन किया। प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई के लिए लिखित समय सीमा दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया है। महिला छात्रावास के संचालन, कक्षाओं एवं प्रसाधन व्यवस्था, परिसर के सुंदरीकरण, खेल सुविधाओं, पुस्तकालय तथा बाउंड्रीवाल सहित सभी विषयों पर निर्धारित समय में कार्य पूरा करने का आश्वासन मिला है। अभाविप इन कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन की अपेक्षा करती है और विद्यार्थियों के हित में आवश्यक सहयोग एवं संवाद जारी रखेगी।

# दुर्बल आय वर्ग को बड़ी राहत ▸ एलडीए में 15 अक्टूबर को लगेगा लोन मेला

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से आम लोगों की सुविधा के लिए 15 अक्टूबर को गोमती नगर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में लोन मेला लगेगा। यहां पर सभी राष्ट्रीयकृत एवं अधिसूचित बैंकों की टीम उपस्थित रहेगी। आवंटियों को मौके पर ही एनओसी और प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दरों पर लोन की सुविधा मिलेगी।

एलडीए के वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। एलडीए के लेखाधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह लोन मेला आवंटियों के लिए कई मायनों में लाभदायक साबित होगा। यहां सभी को एक ही स्थान पर ऑन स्पॉट बैंक सहायता मिलेगी। आवंटियों को मौके पर ही एनओसी प्रदान की जाएगी। साथ ही ज्यादा बैंकों के प्रतिभाग करने से प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दरों पर लोन मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवंटियों को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आय एवं जाति प्रमाण पत्र आदि प्रपत्र लाने होंगे।

एलडीए लोन मेला से खास तौर से दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवंटियों को बैंक से लोन लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एलडीए के लोन मेले में एक ही छत के नीचे उनका सारा काम हो जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल नगर योजना, सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना, पहले आओ-पहले पाओ योजना, अनंत नगर योजना के साथ ही अन्य योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्ति लेने वाले आवंटी बैंक लोन के लिए आवेदन कर सकेंगे।




उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार ने बताया कि 'एक दिन-एक स्थान, लोन सम्बंधी पूर्ण समाधान' के उद्देश्य से यह लोन मेला लगवाया जा रहा है। इसमें हर वर्ग के आवंटियों की ऋण सम्बंधी जरूरतें पूरी होंगी और वे पूरा भुगतान करके अपनी सम्पत्ति के मालिक बन सकेंगे।

# पितृभोज में जज भी हुए शामिल

**समृद्धि न्यूज़, मलिहाबाद।**



शुक्रवार को मलिहाबाद के ग्राम रामगढ़ा में एकेडमिक पब्लिक इंटर कॉलेज, फैजुल्लागंज, लखनऊ के प्रबंधक विनोद कुमार उर्फ राजा एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार अन्ना के यहां पारिवारिक पितरों की स्मृति में पितृ भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायाधीश मंजीत शुक्ला, मलिहाबाद एसएचओ संजीव भाटी, कसमंडी कलां चौकी प्रभारी विवेक समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आयोजित पितृ भोज में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पितृ भोज कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों का परिवार की ओर से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आपसी मेलजोल और सौहार्द का माहौल रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर परिवार के सदस्य एवं परिचित लोग मौजूद रहे।

### एनडीए कोटे से जयंत चौधरी को फिर राज्यसभा भेजने की तैयारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह को एनडीए कोटे से दोबारा राज्यसभा भेजने की तैयारी की चर्चा तेज है। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर 16 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के बीच इसे सपा की संभावित रणनीति का जवाब माना जा रहा है। जून 2022 में सपा-रालोद गठबंधन के दौरान सपा ने अपने कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा भेजा था। अब एनडीए खेमा इस पुराने घटनाक्रम को विपक्ष के संभावित राजनीतिक मुद्दे बनने से पहले ही जवाब देने की रणनीति पर काम कर रहा है। रालोद सूत्रों के अनुसार, जयंत चौधरी फिलहाल विदेश में हैं। उनके लौटने के बाद एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

**रिपोर्ट** | केजीएमयू में दवा खरीद में गड़बड़ी

# कैंसर मरीजों की दवा में अनियमितता, चार संविदाकर्मियों पर एफआईआर

▸ जांच समिति ने दवाओं के दुरुपयोग और सरकारी धन की क्षति की पुष्टि की

▸ चौक पुलिस ने दस्तावेज मांगे, साक्ष्यों के आधार पर आगे होगी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में असाध्य रोग योजना के तहत कैंसर मरीजों के लिए खरीदी और वितरित की जाने वाली दवाओं में कथित अनियमितता के मामले में चार संविदाकर्मियों के खिलाफ चौक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। केजीएमयू की जांच समिति ने अभिलेखों, साफ्टवेयर रिकार्ड, वित्तीय विवरण और संबंधित लोगों के बयानों की पड़ताल के बाद दवाओं के दुरुपयोग, सरकारी धन की क्षति और वित्तीय अनियमितताओं की बात कही है।

प्राथमिकी कार्यवाहक मुख्य प्राक्टर डॉ. अंकुर बजाज की तहरीर पर दर्ज हुई है। नामजद आरोपियों में प्रकाश सिंह, हेमंत श्रीवास्तव, सचिन तिवारी और अरशद शामिल हैं। चारों केजीएमयू में संविदा पर कार्यरत बताए गए हैं। आरोप है कि कई महीने पहले उन्होंने दवाओं की खरीद और वितरण में अनियमितता की।

मामले की जानकारी सामने आने के बाद कुलपति ने 26 मई को जांच समिति गठित की थी। समिति की अध्यक्षता फैकल्टी आफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के डीन प्रो. केके सिंह ने की। समिति ने उपलब्ध अभिलेखों, साफ्टवेयर रिकार्ड, वित्तीय विवरण और अन्य साक्ष्यों के साथ संबंधित लोगों के बयान भी दर्ज किए। जांच समिति ने दो जून को अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

### विभागीय जांच के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

मुख्य प्राक्टर के अनुसार, मामले की विस्तृत विभागीय जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए उन्हें अधिकृत किया गया। इसके बाद चौक थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण से संबंधित दस्तावेज केजीएमयू प्रशासन से मांगे हैं। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के अनुसार, विवेचना के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस की जांच के बाद ही आरोपों की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी।

इससे पहले सामने आई जांच संबंधी रिपोर्टों में भी यूरोलॉजी विभाग में असाध्य रोग योजना की दवाओं के वितरण और खर्च में असामान्य बढ़ोतरी की बात सामने आई थी। कुछ मामलों में मृत मरीजों के नाम पर दवाएं जारी किए जाने के आरोपों की भी जांच हुई थी। हालांकि, इन आरोपों की अंतिम पुष्टि पुलिस की विवेचना और आगे की कार्रवाई से होगी।

# 68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने अनुप्रिया पटेल को सौंपा ज्ञापन

▸ अभ्यर्थियों ने की सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप की अपील

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश की 68,500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की। अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपकर सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप की अपील की।

अभ्यर्थी तूफान सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती से जुड़ी लंबित मांगों और समस्याओं से अनुप्रिया पटेल को अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने समस्याएं सुनकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि वह मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखेंगी और प्रधानमंत्री से भी मुलाकात कर अभ्यर्थियों की समस्याओं से अवगत कराएंगी। अभ्यर्थियों ने आश्वासन पर उनका आभार जताया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

- कलेक्ट्रेट में मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम अध्यक्षता जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने की। अधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम की धुन गूंज उठी। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का देश के निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके जीवन, विचारों, सादगी, त्याग और देशसेवा की भावना से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी जी के स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। महापुरुषों के आदर्शों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखते हुए, उन्हें अपने आचरण एवं कार्यों में उतारना चाहिए। गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करना तथा अपनी समस्याएं लेकर आने वाले लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। डीएम ने सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके कार्य का सम्मान किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद असलम सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गुरु नानक पाठशाला की टीम द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन इंदु अजनबी ने किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करते हुए देश और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### शहीदों का त्याग-समर्पण सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा : नगर आयुक्त

**शाहजहांपुर।** गांधी जयंती एवं भारत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि गांधी जयंती एवं भारत दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर शहीद स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शाहजहांपुर के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। नगर आयुक्त ने पुराने नगर निगम कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। साथ ही उन्होंने टाउनहॉल व गांधी भवन में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया। इस दौरान निगम के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सहयोग संस्था ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विनोबा भावे की मूर्ति पर किया माल्यार्पण**

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर सहयोग संस्था की ओर से विनोबा सेवा आश्रम बरतारा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वृद्धजनों की निशुल्क स्वास्थ्य एवं शुगर जांच की गई। चिकित्सकों ने परामर्श देने के साथ दवाएं, आई ड्रॉप और चश्मे वितरित किए। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों व आश्रम के संस्थापक रमेश भईया ने विनोबा भावे की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। फिजिशियन डॉ. हेमेंद्र वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. रजत अग्रवाल, सर्जन डॉ. केपी गुप्ता और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. फैजान हुसैन ने अपनी सेवाएं दीं। वृद्धजनों को फल भी वितरित किए गए। इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विनोबा सेवा आश्रम की ओर से चिकित्सकों का स्वागत कर उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहयोग संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान, मोहम्मद शाहनवाज खान एडवोकेट, अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, डायरेक्टर तराना जमाल सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं विनोबा सेवा आश्रम के लोग मौजूद रहे। सेवा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आयोजित कार्यक्रम से आश्रम के वृद्धजनों में खुशी का माहौल रहा।

## गांधीजी और शास्त्री को अर्पित की श्रद्धांजलि



**परशुरामपुरी-शाहजहांपुर।** 2 अक्टूबर का दिन भारत के इतिहास में अत्यंत गौरवशाली और महत्वपूर्ण है। इस पावन दिन देश के दो महान सपूतोंराष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा महुआ डाड़ी में भी दोनों महापुरुषों की जयंती पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छ्कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और नमन के साथ हुई। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। छ्इस अवसर पर वक्ताओं ने याद दिलाया कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाई, वहीं दूसरी ओर सादगी और ईमानदारी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को जय जवान, जय किसान का अमर नारा दिया और अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी देशवासियों को देशप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और सच्चाई की प्रेरणा देते हैं। छ्इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने महान विभूतियों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## महापुरुषों की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद पुवायां में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शकुंतला देवी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया गया। दोनों महापुरुषों के आदर्शों, विचारों एवं राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए स्वच्छता, सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक शकुंतला देवी, अध्यक्ष संजय गुप्ता, अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर राजीव शर्मा, सभासद एवं पालिका के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। ईओ ने कहा कि नगर पालिका परिषद पुवायां स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर के निर्माण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

# सोत नदी में डूबे किशोर का शव तीसरे दिन जलकुंभी में फंसा मिला

- विधायक हरिप्रकाश वर्मा और जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस
- जिलाधिकारी से शीघ्र ही सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने के टेलीफोन पर निर्देश दिए

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



बुधवार दोपहर लगभग साढ़े 11 बजे क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढ़ौरा शेरगंज के मजरा रसूलपुर निवासी 17 वर्षीय उदयवीर पुत्र कलियान गांव के समीप बह रही सोत नदी में डूब गया था। वह नदी के पार भैंस चराने गया था। उसका शव तीसरे दिन घटना स्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर ढाई गांव में सोत नदी के नए और पुराने पुलों के बीच जलकुंभी में फंसा मिला है। ग्राम प्रधान राहुल मिश्रा ने बताया कि वे शुक्रवार सुबह ग्रामीणों के साथ मोटर बोट से शव की तलाश करते हुए ढाई गांव में सोत नदी के पुराने पुल के पास जमा जलकुंभी के पास पहुंचे और जलकुंभी को जेसीबी से बाहर निकलवाना शुरू किया। तभी जलकुंभी में डूबे किशोर का शव दिखाई दे गया। शव मिलने की सूचना पर थानाध्यक्ष मिर्जापुर मनोज कुमार गौतम भी मौके ओर पहुंच गए। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर किशोर के सोत नदी में डूबने की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रभारी मंत्री ने डीएम को फोन करके पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता दिलवाने और सीएमओ से तत्काल शव का पोस्टमार्टम करवाने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### खादी भंडार पर मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती



**शाहजहांपुर।** दो अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती जनपद में विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं में मनाई गई। इस दौरान महानगर के गोविंदगंज स्थित श्री गांधी आश्रम खादी भंडार पर गांधी व शास्त्री जयंती समारोह मनाया गया। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर खादी आश्रम के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में गांधीजी व शास्त्री जी के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी का चरखा चलाकर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का भी संदेश दिया गया। इस दौरान प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्रा, राधेश्याम यादव, कृपाचार्य वर्मा, रामाश्रय तिवारी, अरुण मिश्रा, दयाशंकर तिवारी, अरुन कुमार आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित



**पुवायां, शाहजहांपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां कृष्ण कुमार ने गांधी जयंती के अवसर पर सितम्बर माह में शिक्षकों द्वारा निपुण प्लस एप पर किए गए आकलन में सर्वाधिक दक्षता प्राप्त छात्र संख्या तथा जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आयोजित नेट टेस्ट 22 सितंबर 2026 में कक्षा अध्यापक की कक्षा में सर्वाधिक ।प्लस तथा ।ग्रेड छात्र संख्या के आधार पर ब्लॉक के सात उत्कृष्ट कक्षाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले शिक्षक शबीह फातमा उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवा, रीना सागर शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर, रितिका साहनी प्राथमिक विद्यालय जुझारपुर, दीपा रानी बहलोलपुर, नीरज वर्मा नबावपुर गंगा, शिवा मिश्रा बड़ागांव प्रथम, सुची स्मिता गुप्ता जुझारपुर थे। खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां की इस अनूठी पहल से शिक्षकों में कार्य करने की लगन व आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। इससे पूर्व भी खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां द्वारा समय समय पर शिक्षकों को सम्मानित किया जा चुका है।

### दो ई-रिक्शा पलटने से सात घायल, पांच मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** अलग अलग दो स्थानों पर ई-रिक्शा पलटने से सात लोग घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में पांच को लोगों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम खैरपुर चौराहे के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दो मासूम बच्चों समेत सवार सभी छह लोग घायल हो गए ।ई-रिक्शा सवार जैतीपुर क्षेत्र के गांव बैंसरी स्थित दादा मियां की मजार होकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया ।घायलों में तिलहर के मोहल्ला इमली निवासी शहजाद 6 , कहकशां 7 , इशरा 16, अनीश 30 , शममो 40 , अफसाना 28 शामिल हैं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया ।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर शहजाद , इशरा , अनीश व शममो को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे रूजबारी फाटक पर सब्जी लेकर तिलहर आ रहे ग्राम रूजबारी निवासी 30 वर्षीय विजेंद्र पुत्र राकेश का ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया ।जिससे बह गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें सीएचसी लाया गया ।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय धरना, मानदेय बढ़ाने व राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार से मानदेय बढ़ाने के साथ ही उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की। धरने में आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से उनका विभिन्न मदों का भुगतान बकाया है, जिसे जल्द से जल्द दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित मानदेय नहीं मिल पा रहा है। कार्यकर्ताओं ने बकाया भुगतान कराने, मानदेय में वृद्धि करने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनकी कुल 20 सूत्रीय मांगें हैं। इन मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 5 अक्टूबर और 23 अक्टूबर को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान कराने की अपील की। इसके साथ ही संगिनी कार्यकर्ताओं ने भी मानदेय वृद्धि और स्कूटी दिलायी जाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में प्रिया देवी, विमला देवी, रुचि गुप्ता, शिवानी देवी, जमुना देवी, खुर्शीदा बेगम, मायावती, रेशमा देवी, सरिता देवी, प्रीति देवी, पुष्पा देवी, वंदना देवी, मनी देवी, संगीता देवी, विनीता यादव, मुन्नी देवी, नौशीन खातून सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## सेवा संकल्प यात्रियों व मंत्री सुरेश खन्ना ने किया बाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**शाहजहांपुर।** भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्म स्थली वडनगर से उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक निकलने वाली मोटर साइकिल यात्रा शाहजहांपुर पहुंची। यहां पहुंचने पर यात्रियों ने शहर के अजीज गंज स्थित सहज मार्ग जंक्शन पर महात्मा रामचन्द्र महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। बता दें कि वडनगर गुजरात से आरंभ हुई सेवा संकल्प यात्रा में कई यात्री श्री रामचन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के साधक हैं। उन्होंने बाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने की इच्छा जताई जिस पर मिशन के प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल ने सभी व्यवस्थाएं पूरी कराई। रैली के यात्रियों के साथ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान तमाम भाजपा नेताओं के साथ मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, मदन अग्रवाल, कृष्णा भारद्वाज, सुरेंद्र सिन्हा, अशोक लोधी, एस के शर्मा, आलोक कुमार, आलोक श्रीवास्तव, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

## लोधीपुर में लार्वा निरोधक दवा व फॉगिंग का चला अभियान

**शाहजहांपुर।** बाढ़ का पानी कम होते ही वार्ड संख्या 3 लोधीपुर में मच्छरों और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को लेकर नगर निगम की टीम ने तेजी से लार्वा निरोधक दवा के छिड़काव और फॉगिंग का अभियान शुरू कराया। पार्षद रूपेश वर्मा अन्नू ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गलियों, जलभराव वाले स्थानों और प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से दवा का छिड़काव कराया गया। पार्षद ने कहा कि बाढ़ के बाद किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले, इसके लिए वार्ड में लगातार सफाई, फॉगिंग और लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। जनता की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# रेलवे इंटर कॉलेज रोजा में 60वां योग दिवस आयोजित

- साधकों ने लिया स्वच्छता व स्वास्थ्य का संकल्प
- गांधी व शास्त्री के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा में भारतीय योग संस्थान (रजि.), रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में रेलवे इंटर कॉलेज रोजा में 60 वें योग दिवस का गरिमामय आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य के.के. सिंह एवं वरिष्ठ साधक विजय सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके सत्य, सादगी और स्वच्छता के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। लगभग दो माह अस्वस्थ रहने के बाद आचार्य के.के. सिंह की कार्यक्रम में वापसी साधकों के लिए विशेष उत्साहवर्धक रही। कार्यक्रम में सुग्रीव राय, संतोष कुमार द्विवेदी, प्रेम अवस्थी, अखिलेश त्रिवेदी, विद्या सागर श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, के.के. तिवारी, रामाधीन वर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, जितिन सहित कई साधक उपस्थित रहे।

# चंदन है इस देश की माटी, बच्चा-बच्चा गाएगा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




गांधी जयंती के अवसर पर मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपुरा में विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव और सामाजिक एकता के विचारों पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी राजू बग्गा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाकर देश को स्वतंत्रता आंदोलन में नई दिशा दी। उनके विचार आज भी समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव कायम करने के लिए प्रासंगिक हैं। मदरसा नूरुल हुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि महापुरुषों के जीवन और उनके विचारों से नई पीढ़ी को परिचित कराना शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशप्रेम, सामाजिक सद्भाव और नैतिक मूल्यों की भावना विकसित करते हैं। इसके साथ काव्य गोष्ठी भी कोई जिसमें कवि अजय अवस्थी अनुरागी ने कहा भारत की इस मिट्टी का कौन कर्ज निपटाएगा। चंदन है इस देश की माटी बच्चा बच्चा गाएगा। युवा शायर फरमान चिश्ती ने कहा आज भी वह बसा है नजरों में।ऐसा जलवा दिखा गया कोई उस्ताद शायर असगर यासिर ने कहा, ना जिसे हिंदुस्ता और पे करो सिद्को सफा, फिक्र से अपनी हिमालय का सर भी ऊंचा किया, सच तो यह है सारा ही अहसान बापू आपका मुल्क अपना हो गया जो आज अजमत आशना। शायर हमीद खिजर ने कहा सब तो अपनी अपनी धुन में है खिजर खोए हुए।बुझ रही है शमा महफिल किसको इसका होश है। कार्यक्रम के अंत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अभिषेक सागर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

- बोले-पार्टी को मजबूत करने का करेंगे काम करीबियों ने दी बधाई

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



साऊथ सिटी निवासी अभिषेक सागर को पार्टी ने अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। उनकी सक्रियता और पार्टी के प्रति ईमानदारी को देखते हुए यह नई जिम्मेदारी दी गई है। यह खबर मिलते ही उनके करीबियों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। अभिषेक सागर ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वह पूरी मेहनत से निभाएंगे और लगातार पार्टी को मजबूत करने का काम करते रहेंगे। अभिषेक सागर लंबे समय से पार्टी में सक्रिय हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सहित कई पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी अहम भूमिका निभाई है। अभिषेक सागर को वर्ष 2018 में भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया, इसी वर्ष भाजयुमो तिलहर नगर मंडल प्रभारी बनाया गया। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा प्रभात फेरी अभियान का संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। वर्ष 2021 के उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव में विकास खंड ददरौल का संयोजक बनाया गया। वर्ष 2021 में पार्टी ने फिर से भाजयुमो का जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। 29 जुलाई 2026 से चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान में पार्टी द्वारा उनको भाजपा महानगर की ओर से अभियान का संयोजक नियुक्त किया। 1 अक्टूबर 2026 को भाजपा उत्तर प्रदेश अनूसूची जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया।

# निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित



**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** कस्बा स्थित बाबा कालसेन मन्दिर परिसर में सीतापुर आंख अस्पताल तथा जय बाबा कालसेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने सयुंक्त रूप से विगत वर्षो की भांति निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर पुनीत टन्डन ने मोतियाबिंद तथा आँखों की अन्य बीमारियों से ग्रस्त 70 मरीजों का चेकअप करने पर 18मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिलने पर ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए। वहीं अन्य मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गई। इस मौके पर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने डॉक्टर पुनीत टन्डन को बाबा कालसेन मन्दिर का छायाचित्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के सदस्य अलोक मिश्र, गोपाल शर्मा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भरत सिंह निलय सिंह राहुल तिवारी आदि का व्यवस्था में विशेष योगदान रहा।

# गंगा का जलस्तर स्थिर, रामगंगा उफान पर

- दर्जनों गांव रामगंगा की बाढ़ से चौतरफा घिरे, कई घरों में पहुंचा बाढ़ का पानी

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में गंगा का जलस्तर स्थिर हो गया है। जबकि रामगंगा नदी शुक्रवार को भी पूरे उफान पर है। रामगंगा की बाढ़ से दर्जनों गांव चैतरफा घिर गए हैं। जबकि एक दर्जन से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। रामगंगा की तलहटी में बसे औरंगाबाद, मिर्जापुर, कुतुलूपुर, जरियनपुर, मौजमपुर, रामनगर देवनगर, नवादा, बीघापुर पूर्वी व पश्चिमी, कुनिया शहनजीरपुर, अटा, बहेरिया, चिकटिया, कीलापुर, सादिकपुर जैतपुर आदि गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। ग्रामीण बाढ़ से अपनी गृहस्थी सुरक्षित करने के लिए ऊंचे स्थानों पर शरण लेने की तैयारी में हैं। मिर्जापुर-मोहम्मदपुर गुलड़िया, जरियनपुर-मौजमपुर, पहरूआ, मिर्जापुर-कुनिया शहनजीरपुर, चिकटिया आदि संपर्क मार्ग बाढ़ में जलमग्न होकर जगह जगह बहकर नाले का रूप ले चुके हैं। जिससे ग्रामीणों का आवागमन भी बाधित हो गया है। बाढ़ क्षेत्र में खरीफ फसलें शत प्रतिशत नष्ट हो जाने से बाढ़ पीड़ितों के सामने पेट भरने के साथ ही रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद, बीज, जुताई के लिए गंभीर आर्थिक संकट खड़ हो गया है। जिससे बाढ़ क्षेत्र के अधिकांश युवा परदेश कमाने के लिए पलायन कर रहे हैं। बूढ़े बुजुर्ग और कमजोर किसान फसलों की दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं।

# साधुओं की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी को जेल

- दिल्ली भागने की फिराक में था हत्यारोपी, लोहे की राड बरामद



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के ग्राम सूथा स्थित मंदिर में दो साधुओं की हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्यारोपी सुमित कुमार सिंह की निशानदेही पर लोहे की राड बरामद करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। 1 अक्टूबर की रात मंदिर में सो रहे बाबा गोपाल दास और बाबा बिहारीदास पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। इसके बाद मंदिर में रखी लकड़ियों और अन्य सामग्री की मदद से शवों को जलाने का प्रयास किए जाने की बात सामने आई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुदागंज में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया था। 2 अक्टूबर की सुबह करीब 4.30 बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कठिना नदी के पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना के संबंध में जानकारी दी तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बताई जा रही लोहे की रॉड बरामद की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ खुदागंज थाने में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, कांस्टेबल राजीव चैधरी और कांस्टेबल गौरव शर्मा शामिल रहे।

### लोहे की राड से किया था हमला

हत्यारोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने लोहे की राड से हमला किया था। जिसके बाद मंदिर में रखे दिया, कपड़ा और लकड़ी से शवों को जला दिया था। इसके बाद वह कुछ देर तक वहां पर मौजूद रहा। इसके बाद चला गया। आरोपी आए दिन गांव में विवाद करता था, मारपीट करना और पशुओं को परेशान करता था। जिससे गांव के लोगों में दहशत थी। पुलिस को जब भी उसके खिलाफ शिकायत मिलती थी पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करती थी, जिस प्रकार उसके खिलाफ अभी तक आठ मुकदमें दर्ज हैं। कई बार छोटी मोटी घटनाओं की लोग शिकायत भी नही करते थे, जो पुलिस को ज्ञात ही नही हो पाती थी।

# भतीजे ने चाचा को पीटकर मार डाला

- पुलिस ने शव कब्जे में लिया, भारी पुलिस फोर्स तैनात

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



थाना क्षेत्र के हथौड़ा बुजुर्ग निवासी 75 वर्षीय रामसनेही की उसके ही भतीजे ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि रामसनेही अपने भतीजे के विवाद के चलते 6-7 महीने पहले गांव के ही विजय राठौर के खाली पड़े छप्परदार मकान में रहने चला गया था। परिजनों के अनुसार भतीजा अरविंद शराब का आदी है। उसकी पत्नी उसे छोड़कर कई महीने पहले चली गई थी। उसके दो बच्चे हैं। अरविंद अक्सर पैसे को लेकर अपने चाचा रामसनेही से विवाद करता था। बृहस्पतिवार शाम करीब 6¬30 बजे अरविंद नशे में रामसनेही के पास पहुंचा और पैसे को लेकर झगड़ा करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान अरविंद ने किसी भारी चीज से रामसनेही के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी फरार बताया जा रहा है। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार और सीओ सदर मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

# श्रीगणेश शोभायात्रा के साथ 8 से शुरू होगी खिरनीबाग रामलीला

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जिले की प्राचीन खिरनी बाग रामलीला का शुभारंभ इस वर्ष 8 अक्टूबर दिन गुरुवार को श्री गणेश शोभा यात्रा और मंच पूजन के साथ होगा।

इसको लेकर शुक्रवार 2 अक्टूबर को रामलीला समिति की बैठक कार्यवाहक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल के वृंदावन गार्डन स्थित आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक एवं वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। बैठक में समिति को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया गया।

समिति के संरक्षक मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि श्री गणेश शोभा यात्रा 8 अक्टूबर को सायं 4¬30 बजे गांधीगंज स्थित श्री नरसिंह भगवान मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा चौक, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए रात्रि 8 बजे खिरनी बाग रामलीला मैदान पहुंचेगी। वहां श्री गणेश पूजन, मंच पूजन व हवन के साथ विधिवत रामलीला का शुभारंभ होगा। 9 अक्टूबर को सती मोह, शिव विवाह के साथ रामलीला मंचन शुरू होगा। 9 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक रामलीला का मंचन होगा। 21 अक्टूबर को सायं 7 बजे राजगद्दी शोभा यात्रा रामलीला मैदान से निकलेगी, जो शहर के विभिन्न मंदिरों से होती हुई प्रातः चौक पहुंचेगी। 22 अक्टूबर को भरत मिलाप का कार्यक्रम प्रातः 7 बजे चौक स्थित राम-जानकी मंदिर के सामने होगा, जो विभिन्न मंदिरों से होते हुए दलेलगंज में संपन्न होगा। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए संयोजक नियुक्त किए गए। श्री गणेश शोभा यात्रा के लिए राममोहन वर्मा को संयोजक व ऋषि कपूर को कॉर्डिनेटर, राजगद्दी शोभा यात्रा के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव को संयोजक बनाया गया है। बैठक का संचालन विनोद अग्रवाल ने किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष डीपीएस राठौर, चंद्रशेखर खन्ना, शिल्पी गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी व भाजपा पार्षद मौजूद रहे।

# बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत, देर रात तक मोहल्ले की सड़क रही जाम

- पुलिस ने बच्ची के शव का कराया पोस्टमार्टम

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



एक साल की मासूम बालिका की हुई मौत पर मायके से आई मां व परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए मोहल्ले की सड़क पर धरना देते हुए जाम लगा दिया। देर रात तक कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मौक पर मौजूद रहे। बाद में बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी नितिन गुप्ता पुत्र किशन कुमार गुप्ता की एक वर्षीय बेटी की इलाज के दौरान गुरुवार शाम मौत हो गई। जिसकी कलान कस्वा स्थित मायके में रह रही बालिका की मां सृष्टि गुप्ता की खबर दी गई। शाम करीब सात बजे सृष्टि अपने माता पिता के साथ ससुराल पहुंचीं। बालिका की मौत कर पति व सास ससुर की जिम्मेदार ठहराते हुए उग्र हो गईं। आरोप प्रत्यारोपों के चलते बाद विवाद बढ़ने पर नितिन गुप्ता की सूचना पर डायल 112 पहुंची। बाद में कोतवाल प्रभाष चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान सृष्टि गुप्ता ने दरवाजे के सामने सड़क पर धरना दे दिया। इस दौरान कलान से तमाम लोग भी तिलहर पहुंचे। जहां नितिन का कहना था कि चार की बेटी को छोड़कर सृष्टि मायके चली गई। उन्होंने लाखों रुपए बेटी के इलाज पर खर्च किए। बदकिस्मती से वह बच नहीं सकी। जबकि सृष्टि ने उसे मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया।

बता दें कि निजामगंज मोहल्ला निवासी नितिन की करीब दो वर्ष पहले कलान निवासी सृष्टि के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद सृष्टि ने एक बच्ची को जन्म दिया। मायके पक्ष का आरोप है कि बच्ची के जन्म के तीसरे दिन ही ससुराल वालों ने सृष्टि के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद से सृष्टि मायके में रह रही थी। आरोप है कि बच्ची भी सृष्टि को नहीं दी गई थी। देर रात पुलिस ने दोनों पक्षों की सहमति पर बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस दौरान भरी भीड़ लगी रही। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्ची की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### गांधी-शास्त्री जयंती पर एसपी ने दिलाई राष्ट्रसेवा की शपथ



**लखीमपुर-खीरी।** गांधी व शास्त्री जयंती पर पुलिस लाइन में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान पुलिस बल ने सलामी दी। एसएसपी ने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा व सद्भाव तथा शास्त्री जी की सादगी और जय जवान-जय किसान का संदेश आज भी पुलिस सेवा का पथ प्रदर्शन करता है।एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर संवेदनशील, न्यायपरक व पारदर्शी पुलिसिंग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने उत्कृष्ट सेवा करने वाले पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया। साथ ही गांधी जी के सेवा व सादगी के संदेश का अनुसरण करते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में एसएसपी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हिदायतनगर में जलभराव के बीच दिखा मगरमच्छ



**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद के मोहल्ला हिदायतनगर के पीछे तीन से चार फीट जलभराव के बीच मगरमच्छ दिखने से हड़कंप मच गया। करीब 150 घरों वाले इस इलाके में कमर तक पानी भरा है, लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी के साथ जहरीले सांप व अन्य जीव घरों में घुस रहे हैं, जिससे बच्चों व बुजुर्गों को लेकर दहशत बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके का कुछ हिस्सा नगर पालिका परिषद लखीमपुर और कुछ हिस्सा विकासखंड लखीमपुर के अंतर्गत आता है, लेकिन दोनों ही ध्यान नहीं दे रहे। आरोप है कि नगर पालिका जलनिकासी को लेकर गंभीर नहीं है, वहीं बीडीओ फोन तक नहीं उठाते। जलभराव से गंदगी व संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से तत्काल जलनिकासी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### सरकारी संस्थानों में गांधी व शास्त्री की मनाई गई जयंती

**तिलहर - शाहजहांपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सरकारी, अर्ध सरकारी संस्थानों व शिक्षण संस्थाओं में पुष्प अर्पित कर भाव पूर्ण स्मरण किया गया। गुरुवार को नगर पालिका परिषद में ईओ सुनील कुमार ने स्टाफ के साथ गांधी जी की प्रतिमा व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वज फहराया। सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर ने स्टाफ की मौजूदगी में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वज फहराया। तहसील परिसर में ट्रेनी आईएएस/एसडीएम आदित्य श्रीवास्तव ने स्टाफ की सानिध्य में गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कोतवाली परिसर में कोतवाल प्रभास चंद्र ने पुलिसकर्मियों के साथ गांधी व शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी संस्थानों में मिठाई का वितरण भी किया गया।

# जिलें में हर्षोल्लास के साथ मनी गांधी व शास्त्री जयंती

- गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री की सादगी को अपनाएं युवा : डीएम

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरा जिला दोनों महापुरुषों के जय घोषों से गूंज उठा। राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सुबह स्कूली बच्चों की ओर से प्रभातफेरी निकाल कर सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। प्रातः 09 बजे डीएम अंजनी कुमार सिंह, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हुआ। राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत गाने वाली बलिकाओं को पुरस्कृत किया गया। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने युवाओं से महापुरुषों के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल और सोशल मीडिया के दौर में किसी भी सामग्री को बिना सत्यापन के साझा करने से बचना चाहिए। सत्य, अहिंसा, सादगी और ईमानदारी के मूल्यों को जीवन में उतारना जरूरी है। डीएम ने महात्मा गांधी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि गांधी का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा के आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का जीवन युवाओं को कठिन परिस्थितियों में भी देशहित को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। डीएम ने युवाओं को भ्रामक व आधी-अधूरी सूचनाओं से सावधान रहने तथा किसी भी जानकारी को विवेक की कसौटी पर परखने की सलाह दी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं के विचारों का अध्ययन कर उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने देश की प्रगति में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लिया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श व विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर निष्ठा और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान होगा। एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने कहा कि दोनों महापुरुषों का देश की स्वतंत्रता और नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान रहा। उन्होंने अधिकारियों, नागरिकों और बच्चों से उनके विचारों को जीवन में अपनाते हुए देश के विकास में निष्ठापूर्वक योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर पत्रकार एनके मिश्रा, संजीव त्रिवेदी, डीएम के ओएसडी संतोष कुमार वर्मा गांधी व शास्त्री के विषय में सारगर्भित विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कलेक्ट्रेट कर्मी कुशाग्र और श्रीराम ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर डीएसओ सीमा त्रिपाठी, डिप्टी आरएमओ नमन पाण्डेय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं नाजिर मो. सलीम, प्रशासनिक अधिकारी सुधीर सोनी, सुरेश कुमार वर्मा, खुशाल सिंह सहित कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएम ने गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, डीएम को अपने बीच पाकर बच्चों के खिले चेहरे

गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष/डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी के सत्य अंहिसा तथा शांति के संदेश की प्रासंगिता और अधिक बढ़ गयी है। ऐसे में गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए नये सोपानों को प्राप्त करे। आप सभी बाल्यकाल में है और देश में आने वाले भविष्य है। बापू के बताए रास्ते पर चलकर गांधी जी के मूल्यों और आर्दशों को अपनाये। शिक्षा वह रास्ता है जो आसपास एवं परिवार का भविष्य संवार सकता है। डीएम ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुति के जरिए गांधी को साक्षात आंखों के सामने लाकर रख दिया। बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। डीएम ने अफसरों संग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाए व बच्चें मौजूद रहें।

### गौरीशंकर मंदिर में चला स्वच्छता अभियान श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**पीलीभीत।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के गजरौला मंडल अंतर्गत ग्राम करोड़ स्थित पावन श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान मंदिर परिसर में स्वच्छता के साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। गांधी जयंती पर श्रमदान का उद्देश्य लोगों को अपने आसपास के स्थानों, गांवों और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रेरित करना है।अभियान में मंडल अध्यक्ष कपिल सिंह के साथ मंडल के महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष शामिल रहे। अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष दिनेश वर्मा, आर्यवीर वर्मा, खुशहाल वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा, लालता प्रसाद वर्मा, युगल वर्मा, अशोक लोधी, आनंद वर्मा, सोमेंद्र सिंह, इंद्रपाल लोधी, डालचंद वर्मा, परसादीलाल तथा दौलापुर के बूथ अध्यक्ष हीरालाल मौर्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भी श्रमदान किया।

# तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

- हादसे के बाद बस चालक फरार, स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल
- परिवहन विभाग की कार्रवाई पर भी सवालिया निशान

पलिया-संपूर्णानगर मार्ग तेज रफ्तार द इंडियन एकेडमी पलिया कलां की स्कूल बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को सड़क से उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार नरोसा निवासी जियाउद्दीन पुत्र फैजल मोहम्मद और ग्राम शास्त्रीनगर निवासी राम अक्षावर पुत्र वासुदेव बाइक से पलिया से संपूर्णानगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही द इंडियन एकेडमी पलिया की स्कूल बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार कराने के बाद मामले को लेकर परसपुर चौकी में तहरीर दी गई है। तहरीर में बस चालक और बस मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं चौकी प्रभारी परसपुर से मामले में जानकारी लेने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

**स्कूली बसों की रफ्तार और सुरक्षा पर सवालः** घायल राम अक्षावर का कहना है कि यदि हादसे के मामलों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई हो तो लापरवाही पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

वहीं घायल जियाउद्दीन ने स्कूली बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को लेकर चलने वाली बसें ही तेज रफ्तार और लापरवाही से सड़क पर चलेंगी तो उसमें सवार दर्जनों बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने परिवहन विभाग से स्कूली वाहनों की जांच और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भी इस बात को लेकर चिंता है कि यदि स्कूली वाहनों की गति और संचालन पर प्रभावी निगरानी नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने पुलिस और परिवहन विभाग से स्कूल बसों की नियमित जांच, चालकों की निगरानी तथा यातायात नियमों के पालन को लेकर ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# गांधी के सत्य-अहिंसा व शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन से राष्ट्रसेवा की लें सीख : नपा अध्यक्ष

- महापुरुषों को अर्पित की श्रद्धांजलि, स्वच्छता, ईमानदारी को बताया जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद पीलीभीत में श्रद्धा और देशभक्ति का वातावरण नजर आया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि गांधी जयंती और शास्त्री जयंती केवल दो महान व्यक्तित्वों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने व्यवहार और कार्यशैली में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी को राष्ट्रनिर्माण का आधार बनाया। उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज में स्थायी परिवर्तन केवल शासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी और सहभागिता से संभव है।

उन्होंने कहा कि गांधी जी का स्वच्छता के प्रति विशेष आग्रह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। स्वच्छ शहर केवल सफाई कर्मचारियों के प्रयास से नहीं बनता, बल्कि इसमें नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी भी बराबर की होती है। नगर पालिका का दायित्व है कि वह शहर में स्वच्छता, प्रकाश, जलनिकासी और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करे, वहीं नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और नगर व्यवस्था में सहयोग देने का संकल्प लेना चाहिए। पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का आधार बनाया। उनका जीवन यह सिखाता है कि पद की ऊंचाई से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यक्ति का आचरण और राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा होती है। देश के कठिन दौर में उन्होंने नागरिकों में आत्मविश्वास जगाया और ÷जय जवान, जय किसान÷ का संदेश देकर देश की सुरक्षा तथा कृषि व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आज के दौर में गांधी और शास्त्री के विचारों को केवल भाषणों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें प्रशासन, जनसेवा और सामाजिक जीवन में व्यवहार का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने का आह्वान किया।

# ग्राम करोड़ में पहुंचे स्वामी प्रवक्तानंद ग्रामीणों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

- जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया भरोसा, अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण के निर्देश



**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करोड़ में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं और क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों का कुशलक्षेम जाना और स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सड़क, विकास कार्यों सहित विभिन्न जरूरतों से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। स्वामी प्रवक्तानंद ने संबंधित समस्याओं के संबंध में मौके से ही विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और जल्द तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचना और उनकी समस्याओं को सीधे सुनना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को संबंधित विभागों के समक्ष लगातार उठाया जाएगा।इस दौरान मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए संवाद और जनसंपर्क का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

## गांधी के मार्ग से भटकने के दुष्परिणाम

महात्मा गांधी का स्मरण केवल राष्ट्रपिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर नहीं है। आज यह हमारी मानवीय जरूरत भी है। जिस दौर में धैर्य, सत्य, अहिंसा, करुणा, भाईचारा, सहयोग, पारस्परिकता और विश्वास जैसे जीवन-मूल्य कमजोर पड़ते जा रहे हैं, उस दौर में गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा था, बल्कि ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का विकास नैतिकता, आत्मसंयम और स्वावलंबन के आधार पर हो।

गांधी का जीवन निरंतर आत्मपरीक्षण और प्रयोग का जीवन था। दक्षिण अफ्रीका में सत्य के अनुभव और आत्मसाक्षात्कार से उनके जीवन में संघर्ष की एक नई दिशा बनी। उन्होंने अपने देश, समाज, औपनिवेशिक शासन और तत्कालीन पश्चिमी सभ्यता से लगातार प्रश्न किए। लेकिन प्रश्न करना ही उनका उद्देश्य नहीं था। वे अपने लोकधर्मी विवेक से मिले उत्तरों को व्यवहार में उतारने के लिए भी उतने ही दृढ़ थे। यही कारण है कि उन्होंने अपने जीवन को 'सत्य के प्रयोग' की प्रयोगशाला बनाया। उनके प्रयोग केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं थे। खान-पान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, श्रम, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक संबंधों तक उन्होंने अपने सिद्धांतों को आजमाया। उनके लिए विचार का मूल्य तभी था जब वह आचरण में दिखाई दे। यही बात गांधी को महज एक राजनीतिक नेता से अलग करती है। उन्होंने जो कहा, उसे अपने जीवन में उतारने की कोशिश भी की और इस प्रक्रिया में व्यक्तिगत कष्टों को भी स्वीकार किया। गांधी के लिए स्वतंत्रता का अर्थ केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति नहीं था। वे राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आत्मिक स्वायत्तता भी चाहते थे। उनका 'स्वराज' इसी व्यापक अर्थ में था। जीवन के अंतिम दौर में उन्होंने कांग्रेस को राजनीतिक संगठन के रूप में समाप्त कर 'लोक सेवक संघ' बनाने का सुझाव दिया था। इसके पीछे उनकी चिंता यह थी कि स्वतंत्र भारत में राजनीतिक सत्ता हासिल कर लेना ही अंतिम लक्ष्य न बन जाए। स्वतंत्रता के बाद सामाजिक विषमता, नैतिक पतन और आर्थिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष भी जारी रहना चाहिए। गांधी की विचार-दृष्टि किसी एक संकीर्ण स्रोत से निर्मित नहीं हुई थी। वे बाइबिल और कुरान से परिचित थे, किंतु गीता, उपनिषद, रामायण और भारतीय लोकजीवन उनके प्रमुख प्रेरणा-स्रोत रहे। विभिन्न विचारों और आस्थाओं को वे मानवीय अनुभव की स्वाभाविक विविधता के रूप में देखते थे। उनके आश्रमों में विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं का पाठ इसी व्यापक दृष्टि का उदाहरण था। उनका आग्रह धार्मिक एकरूपता पर नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर नैतिकता और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करने पर था। गांधी ने आधुनिक समाज के सामने आने वाले खतरों को समझते हुए सात सामाजिक पापों की ओर भी ध्यान दिलाया था—सिद्धांतविहीन राजनीति, श्रम के बिना धन, नैतिकता के बिना व्यापार, चरित्र के बिना शिक्षा, विवेक के बिना सुख, मानवता के बिना विज्ञान और त्याग के बिना पूजा। आज इन सात चेतावनियों को सामने रखकर अपने समय को देखने पर कई असहज प्रश्न खड़े होते हैं। क्या राजनीति सिद्धांत और सार्वजनिक नैतिकता से मुक्त हो सकती है? क्या श्रम और सामाजिक उत्तरदायित्व से कटकर अर्जित संपत्ति समाज को स्थायी सुख दे सकती है? क्या शिक्षा केवल रोजगार पाने का साधन बनकर अपने चरित्र-निर्माण के दायित्व से बच सकती है? उपभोग की अंधी दौड़ ने इन प्रश्नों को और गंभीर बना दिया है। अधिक पाने की इच्छा ने जरूरत और लालच के बीच की सीमा को धुंधला कर दिया है। प्रकृति पर बढ़ता दबाव, संसाधनों का असमान वितरण, बढ़ती सामाजिक दूरी और मानसिक असंतोष इस जीवन-पद्धति की कीमत की ओर संकेत करते हैं। विकास आवश्यक है, लेकिन ऐसा विकास जो मनुष्य और प्रकृति दोनों को संकट में डाल दे, उसके स्वरूप पर विचार करना भी उतना ही जरूरी है। दुर्भाग्य यह है कि हमने गांधी को स्मारकों, सड़कों, संस्थाओं, नोटों और सिक्कों तक सीमित कर दिया। उनके नाम और प्रतीकों को सुरक्षित रखने को ही हमने अपना दायित्व मान लिया, जबकि उनके विचार और आचरण धीरे-धीरे सार्वजनिक जीवन से दूर होते गए। गांधी को स्मरण करने की सबसे सार्थक विधि उनके विचारों को जीवन में उतारना है। आज आवश्यकता गांधी की मूर्ति बढ़ाने की नहीं, गांधी-दृष्टि वाले आचरण को बढ़ाने की है। सत्य बोलना, हिंसा से बचना, श्रम का सम्मान करना, आवश्यकता और लालच में अंतर करना, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के हित को विकास की कसौटी बनाना—ये बातें केवल भाषणों की विषयवस्तु नहीं होनी चाहिए। दुनिया आज जिस लोभ और अतिउपभोग से उत्पन्न संकटों का सामना कर रही है, उनमें गांधी की चेतावनियां फिर सुनाई पड़ती हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि अतीत में लौट जाया जाए या आधुनिक विज्ञान और विकास को अस्वीकार कर दिया जाए। प्रश्न यह है कि विकास की दिशा और उसके उद्देश्य क्या हों। विज्ञान मानवता की सेवा में हो, अर्थव्यवस्था श्रम और नैतिकता से जुड़ी हो, शिक्षा चरित्र और विवेक का निर्माण करे तथा राजनीति सार्वजनिक हित के प्रति उत्तरदायी रहे—गांधी की दृष्टि में यही स्वस्थ समाज की बुनियादी शर्तें थीं। गांधी को भारतीय जीवन में प्रतिष्ठित करने का अर्थ उनके चित्र को हर कार्यालय में लगाना नहीं, बल्कि उनके बताए मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और सार्वजनिक आचरण में स्थान देना है। यदि हम ऐसा नहीं करते तो गांधी की विरासत हमारे पास प्रतीकों के रूप में तो रहेगी, लेकिन जीवन से गायब होती जाएगी। आज जरूरत इसी दूरी को पाटने की है। गांधी का रास्ता अपनाना किसी व्यक्ति की पूजा नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम, स्वावलंबन और अंतिम जन के प्रति उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को जीवन का हिस्सा बनाना है। यही गांधी की सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी और वर्तमान संकटों से निकलने की दिशा भी।

### दो टूक




# आसमान में कर्तव्य का भारतीय प्रतिमान व पश्चिमी विमर्श का दोहरापन


धर्मेन्द्र सिंह

हवा में लगभग तैंतीस हज़ार फीट की ऊँचाई पर जब जिंदगी और मौत के बीच का फासला महजे चंद पलों का रह जाए, तब किसी मनुष्य का आचरण उसके समूचे चरित्र, पेशेवर निष्ठा और आंतरिक संस्कारों की अंतिम कसौटी होता है। दुबई से तेल अवीव जा रही 'फ्लाईदुबई' की उड़ान संख्या एफजेड1073 (बोइंग 737 मैक्स 8) के भीतर जो घटा, उसने एक क्षण के लिए समूचे विश्व को 9/11 जैसी भयानक त्रासदी दोहराए जाने की आशंका से दहला दिया था। कॉकपिट के बंद दरवाज़ों के पीछे जब ओमानी सह-पायलट ने हिंसक इरादे के साथ धारदार हथियार से अपने ही कैप्टन पर जानलेवा हमला बोल दिया, तब विमान में सवार 174 बेकसूर यात्रियों (जिनमें 27 मासूम बच्चे भी शामिल थे) और चालक दल की सांसें सीधे काल के मुहाने पर अटक चुकी थीं। उस भयावह मोड़ पर गंभीर रूप से लहूलुहान होने के बावजूद जिस अदम्य साहस और त्वरित सूझबूझ का परिचय भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार ने दिया, उसने 174 यात्रियों और चालक दल की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। कैप्टन मच्छार ने न केवल एक संभावित महाविनाश को टालने में निर्णायक भूमिका निभाई, बल्कि समूचे विश्व के सामने भारतीय कर्तव्यनिष्ठा का एक ऐसा अप्रतिम प्रतिमान स्थापित कर दिया जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

किंतु इस असाधारण शौर्य के बरक्स पश्चिमी विमर्श, अमेरिकी मुख्यधारा के मीडिया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जिस प्रकार का चयनात्मक नैरेटिव गढ़ा गया, उसने एक बार फिर वैश्विक पटल पर गहरे तक पैठे नस्लीय अहंकार और बौद्धिक दोहरेपन को बेनकाब कर दिया है।

मुंबई के उपनगर घाटकोपर में पले-बढ़े और गुजराती मूल के कैप्टन स्मित मच्छार भारतीय विमानन क्षेत्र में एक सिद्ध और परिपक्व पेशेवर हैं। स्पाइसजेट जैसी प्रमुख एयरलाइन में एक दशक से अधिक समय तक सेवा देने वाले कैप्टन मच्छार के पास 9,750 से अधिक उड़ान घंटों का सुदीर्घ अनुभव है। वर्ष 2022 में फ्लाईदुबई में कैप्टन के रूप में शामिल हुए इस जांबाज को पेशेवर प्रशिक्षण ने प्रतिकूल मौसम और तकनीकी आपातकाल से निपटना तो सिखाया था, लेकिन कोई भी प्रशिक्षण किसी पायलट को उस स्थिति के लिए तैयार नहीं कर सकता जब उसका अपना ही सहकर्मी कॉकपिट में अचानक हत्यारा बनकर धारदार हथियार के साथ उस पर टूट पड़े।

हमले के दौरान जब सह-पायलट ने विमान के नियंत्रण को अनियंत्रित गति से नीचे की ओर धकेल दिया और कुछ ही सेकंडों में विमान लगभग 14,000 फीट नीचे चला गया, तब कॉकपिट से अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन हाइजैक कोड प्रसारित हुआ। शरीर पर गहरे घावों, चेहरे और आँखों में भरते खून के बावजूद कैप्टन मच्छार ने होश नहीं खोया। वे न केवल हमलावर से शारीरिक रूप से जूझे, बल्कि चरम पीड़ा के बीच उन्होंने वह कदम उठाया जिसने समूचे घटनाक्रम का रुख मोड़ दिया। उन्होंने कॉकपिट के उस मजबूत और सुरक्षा-युक्त दरवाज़े को भीतर से अनलॉक कर दिया और बाहर मौजूद लोगों को मदद के लिए पुकारा। उस आपात स्थिति में यदि कैप्टन मच्छार ने वह दरवाज़ा भीतर से न खोला होता, तो बाहर मौजूद यात्रियों और विमान में सवार ऑफ-ड्यूटी पायलटों के लिए कॉकपिट में प्रवेश कर हमलावर को काबू करने और विमान को स्थिर कर सऊदी अरब के तबुक हवाई अड्डे पर सुरक्षित ले जाने का रास्ता खुलना बेहद कठिन हो जाता। कैप्टन मच्छार ने अपने प्राण संकट में डालकर उस समूचे बचाव की नींव रखी थी। इस असाधारण शौर्य पर इज़रायल की सीधी प्रतिक्रिया और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख की तुलना पश्चिमी विमर्श के खोखलेपन को समझने के लिए सबसे सटीक उदाहरण है। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना किसी हिचकिचाहट के सच को स्वीकार किया। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार की असाधारण बहादुरी की सार्वजनिक रूप से भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें 'ट्रू हीरो' बताते हुए सलाम किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया कि किस तरह एक भारतीय पायलट ने अपने प्राण संकट में डालकर कॉकपिट का दरवाज़ा खोला और 174 यात्रियों का जीवन बचाया, जिनमें बड़ी संख्या में इज़रायली नागरिक थे। इज़रायल के नेतृत्व और वहाँ से सामने आई सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं में सच को स्वीकार करने की ईमानदारी दिखाई दी।

इसके ठीक विपरीत, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया को देखिए। ट्रंप ने कैप्टन मच्छार को औपचारिक तौर पर 'हीरो' तो कहा और उनकी गंभीर चोटों का उल्लेख भी किया, लेकिन अपनी कथा में इज़रायली यात्री यानिव हायून की भूमिका को जिस विस्तार और नाटकीयता के साथ सामने रखा, उसने कैप्टन मच्छार के उस बुनियादी और निर्णायक योगदान को अपेक्षाकृत पीछे धकेल दिया जिसने पूरे बचाव का आधार तैयार किया था। ट्रंप ने अपनी चिरपरिचित शैली में एक फिल्मी पटकथा गढ़ी कि कैसे एक प्लंबर ने टीवी शो देखकर विमान का रुख मोड़ लिया।

यह वही संकीर्ण पश्चिमी मानसिकता है जो किसी गैर-पश्चिमी, अश्वेत भारतीय के मूल और निर्णायक पराक्रम को केंद्र से हटाकर पार्श्व में रखने का प्रयास करती है। जिस भारतीय पायलट ने अपनी देह पर अनगिनत वार सहकर, लहूलुहान होकर कॉकपिट का ताला खोला और 174 यात्रियों की रक्षा सुनिश्चित की, उसे महज़ एक शुरुआती संदर्भ बनाकर छोड़ दिया गया, और बचाव की कहानी का बड़ा हिस्सा उस किरदार की झोली में चला गया जो हॉलीवुड की किसी एक्शन फिल्म के सांचे में आसानी से फिट बैठता हो। यह विमर्श की वह बेईमानी है जहाँ वीरता का मूल्यांकन भी भू-राजनीतिक चश्मे और नस्लीय सुविधा से तय किया जाता है। ट्रंप का यह दृष्टिकोण अकेला नहीं है; पश्चिमी मुख्यधारा के मीडिया के कुछ प्रभावशाली वर्गों का रवैया इससे भी अधिक शर्मनाक रहा। द न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अखबार की उस रिपोर्टिंग को किस श्रेणी में रखा जाए, जिसने 33 हज़ार फीट पर हुए इस बर्बर और जानलेवा हमले को महज़ एक आपसी कहासुनी या झड़प का नाम देकर प्रस्तुत किया?

कॉकपिट में कैप्टन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, विमान की हज़ारों फीट की तेज़ गिरावट और अंतरराष्ट्रीय हाइजैक कोड का प्रसारण—क्या यह महज़ एक झड़प थी? इस असंवेदनशील शब्दावली पर जब वैश्विक स्तर पर तीखा विरोध हुआ, तो अखबार अपनी सफाई में कहने लगा कि वह शुरुआती सत्यापित जानकारी के आधार पर लिख रहा था। किंतु सवाल यह है कि यह संकोच क्यों? पश्चिमी मीडिया के एक बड़े हिस्से का अवचेतन आज भी उस औपनिवेशिक हैंगओवर से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है, जहाँ गैर-पश्चिमी दुनिया के नागरिक को केवल एक पीड़ित या असहाय के रूप में देखने की आदत है, एक वैश्विक रक्षक और नायक के रूप में नहीं। कुछ प्रभावशाली पश्चिमी मीडिया रिपोर्टिंग में भी इस घटना को इस तरह प्रस्तुत किया गया कि यात्रियों द्वारा हमलावर को काबू करने की कहानी केंद्र में आ गई और उस निर्णायक क्षण को अपेक्षित प्रमुखता नहीं मिली, जब गंभीर रूप से घायल कैप्टन मच्छार ने कॉकपिट का दरवाज़ा खोलकर हस्तक्षेप का रास्ता बनाया। नायक की पहचान को ऐसी अमूर्त भाषा में दबाना ही वह मानसिकता है जिसे पश्चिमी पत्रकारिता आज तक नहीं धो पाई है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**



# गांधी के लिए स्वराज के क्या मायने थे?

अरुण कुमार डनायक

राज शब्द की जड़ें भारतीय प्राचीन परंपरा में मिलती हैं। संस्कृत के स्व और राज से बना यह शब्द वैदिक काल में स्वतंत्र प्रभुत्व और अपनी सत्ता के अर्थ में प्रयुक्त हुआ। आगे चलकर रामायण में स्वराज्य अपने राज्य और राजसत्ता की पुनर्प्राप्ति का अर्थ देता दिखाई देता है। मध्यकाल में छत्रपति शिवाजी के हिन्दवी स्वराज्य ने इसे अपनी भूमि पर अपना शासन स्थापित करने का ठोस अर्थ दिया। समय के साथ स्वराज्य स्वतंत्र सत्ता से अपने राज्य तक पहुंचा और 1857 में विदेशी शासन से मुक्ति का प्रतीक बन गया। साहित्य में भी स्वराज की आकांक्षा 1857 के बाद मुखर हुई। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के आनन्दमठ (1882) में मातृभूमि को मां के रूप में चित्रित किया गया और वन्दे मातरम को राष्ट्रवादी चेतना का स्वर मिला। 1905 के बंग-भंग विरोधी स्वदेशी आंदोलन में यही गीत साहित्य से निकलकर जनआंदोलन का उद्घोष बन गया।

विदेशी दासता से मुक्ति और अपना शासन स्थापित करने की आकांक्षा ने तिलक के उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा को जन-जन की प्रेरणा बना दिया। 1916 में तिलक और एनी बेसेंट ने अलग-अलग होम रूल लीगों के माध्यम से स्वशासन की मांग को व्यापक किया। असहयोग आंदोलन के बाद स्वराज के मार्ग को लेकर मतभेद उभरे और 1923 में चित्तरंजन दास व मोतीलाल नेहरू ने स्वराज पार्टी बनाकर विधान परिषदों के भीतर से संघर्ष का रास्ता अपनाया। 1924 में गांधीजी और स्वराजवादियों के समझौते के बाद चरखे, सूत और स्वदेशी को बल मिला और स्वराज का अर्थ राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता तक विस्तृत हुआ। अलबत्ता, स्वराज की अवधारणा को व्यापक बनाया गांधी ने। उन्होंने स्वतंत्रता और स्वराज का अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि स्वतंत्रता बाहरी बंधनों से मुक्ति है, लेकिन स्वराज केवल राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि अपने ऊपर शासन करने की क्षमता भी है। गांधी के लिए स्वराज का अर्थ थाकृऐसी लोकसत्ता, जो नैतिक आधार पर संचालित हो। गांधी के अनुसार स्वराज लोकसम्मति से चलने वाला शासन है, जिसका आधार सभी वयस्क स्त्री-पुरुषों का मताधिकार है। गांधी मताधिकार को अधिकार के साथ जिम्मेदारी मानते थे और मतदाता से शारीरिक श्रम द्वारा देशसेवा की अपेक्षा रखते थे। उनके लिए सच्चा स्वराज सत्ता हासिल कर लेने में नहीं, बल्कि उसके दुरुपयोग का जनता द्वारा प्रभावी प्रतिकार करने में हैय यह क्षमता जितनी अधिक होगी, स्वराज उतना ही सफल होगा। वे राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत के द्वारा पश्चिमी देशों की संसदीय व्यवस्था का अंधानुकरण किये जाने के भी विरोधी थे। उनके मतानुसार स्वराज तभी सफल होगा जब भारत अपनी जनता की प्रकृति और आवश्यकताओं के अनुरूप शासन-पद्धति विकसित करेगा। गांधी ने इसी आदर्श को रामराज्य कहा। उनके लिए रामराज्य किसी धर्म विशेष की सत्ता नहीं, बल्कि न्याय और नैतिकता पर आधारित जनता की सार्वभौम सत्ता था। स्वराज केवल शासन-पद्धति का परिवर्तन नहीं, बल्कि कठिनाइयों से जूझने की क्षमता, निरंतर जागरूकता और आत्मनिर्भरता का नाम है। गांधी चाहते थे कि नागरिक छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए सरकार पर निर्भर न रहें और अपनी सामर्थ्य के अनुसार आत्मनिर्भर बनें। स्वराज की रक्षा के लिए देशभक्ति भी आवश्यक है। गांधी के लिए देशभक्ति का अर्थ केवल देश के प्रति भावनात्मक लगाव नहीं थाय इसका अर्थ था अपने निजी स्वार्थ से ऊपर देश और समाज के कल्याण को महत्व देना। गांधी का हिन्द स्वराज किसी बहुसंख्यक समुदाय का नहीं, सबका और न्याय का राज्य था। किसान-मजदूर, धनवान-गरीब, हिन्दू-मुसलमान, सिख-ईसाई सभी को समान दर्जा मिले और धर्म, जाति या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो। प्रत्येक व्यक्ति को अन्न, वस्त्र और आवास जैसी मूलभूत आवश्यकताएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों। गांधी के स्वराज की अंतिम कसौटी केवल राजनीतिक या आर्थिक व्यवस्था नहीं, मानव कल्याण थी। लोगों को सुखी बनाने के साथ उनकी बौद्धिक और नैतिक उन्नति भी ध्येय होना चाहिए। ईश्वर की दी हुई प्राकृतिक संपदा किसी व्यक्ति या व्यवसाय के हाथों दूसरों के शोषण का साधन न बने। प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवित रहने का अधिकार है। गांधी के स्वराज की यह व्यापक अवधारणा उनके व्रतों से भी जुड़ती हैकृशरीर-श्रम, समानता, संरक्षकता, विकेंद्रीकरण, स्वदेशी, स्वावलंबन, सहयोग, सत्याग्रह, सर्वधर्म-समभाव, पंचायती राज और नई तालीम। इनका उद्देश्य केवल व्यक्ति के जीवन को अनुशासित करना नहीं, बल्कि ऐसा समाज बनाना था जिसमें सत्ता का केंद्रीकरण, आर्थिक शोषण और सामाजिक भेदभाव न्यूनतम हों तथा नागरिक अपने जीवन और समाज के निर्माण में स्वयं सहभागी बनें। गांधीजी ने शरीर-श्रम को विशेष महत्व दिया। बौद्धिक कार्य को शारीरिक श्रम से कम न मानते हुए भी वे प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिदिन शरीर-श्रम की अपेक्षा करते थेय बिना श्रम किए भोजन करना उन्हें अनुचित लगता था। उनके एकादश व्रतों में संरक्षकता की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी।



आर्थिक समानता के लिए गांधी ने मार्क्सवाद का अहिंसक विकल्प ट्रस्टीशिप को माना, जिसमें संपत्ति का स्वामी स्वयं को उसका मालिक नहीं, समाज का संरक्षक समझता है। इस विचार की झलक विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में दिखाई दी, लेकिन गांधी की इस कल्पना को व्यापक सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था में रूपांतरित करने के प्रयास सीमित ही रहे। आजादी के बाद आज एक बार फिर स्वराज को लेकर बहस हो रही है। ऐसे में अपनी शासन-पद्धति का पुनरावलोकन आवश्यक है। हम गांधी की स्वराज संबंधी व्यापक आकांक्षाओं को संविधान में पूरी तरह अभिव्यक्त नहीं कर सके, लेकिन समय-समय पर हुए संवैधानिक संशोधनों और कानूनों ने स्वराज की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भूमि सुधार, पंचायती राज, मनरेगा और सूचना का अधिकार जैसे प्रयास गांधी के आर्थिक स्वावलंबन, ग्राम स्वराज और सजग नागरिक की उस कल्पना के निकट दिखाई देते हैं, जिसमें जनता केवल शासित नहीं, बल्कि शासन पर निगरानी रखने वाली शक्ति भी है। फिर भी गांधी के स्वराज की कसौटी पर देखें तो यह यात्रा अभी अधूरी है। लोकतंत्र ने हमें मतदान का अधिकार दिया, लेकिन गांधी के स्वराज की कसौटी केवल मतदान तक सीमित नहीं थी। प्रश्न यह है कि क्या नागरिक अपने जीवन, समाज और शासन से जुड़े निर्णयों में वास्तविक भागीदारी कर पा रहा है? क्या वह सत्ता के दुरुपयोग का प्रतिकार करने में सक्षम है? क्या आर्थिक विकास ने आत्मनिर्भरता और समानता बढ़ाई है या निर्भरता और असमानता भी? क्या ग्राम पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिलने के बावजूद निर्णय और संसाधनों का पर्याप्त अधिकार गांवों तक पहुंचा है? क्या स्त्री-सशक्तिकरण वास्तव में धरातल पर उतरा है? आज जेन जी और जेन अल्फा के बीच उभरता जनाक्रोश और अपनी बात के लिए आवाज उठाने की प्रवृत्ति इसी सजग नागरिकता का नया रूप भी हो सकती है। यह हमें याद दिलाती है कि स्वराज केवल संविधान में लिखी व्यवस्था नही।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


विदेश कुमार झा

**थक गया हूं**

अकेला हो गया हूं  
उदासी है घेरे,  
प्रकाश तो है पर है  
हर जगह अंधेरे।

थक सा गया हूं  
मैं जीवन के इस प्रयोजन से,  
जहाँ होता नहीं काम  
बिना लगाए धन से।

आज में मुझे आज तो  
कल में कल दिखाई नहीं देता,  
अब मुझे इंसान में  
तो इंसानियत दिखाई नहीं देता।

एक नई आशा को  
लेकर निकल चुका हूं।  
थोड़ी देर सोकर  
फिर से भविष्य हेतु।



# पुत्र की आयु, बल और यश के लिए मां का का तप पर्व जीउतिया

आचार्य संजय तिवारी

सतपुतिया जैसे सात स्वस्थ, आयुवान, बलवान, यशस्वी पुत्रों की कामना के साथ माता की तपस्या का पर्व है जिउतिया। इसीलिए इस व्रत का आधार आहार भी सतपुतिया ही है। भगवान भास्कर की तीक्ष्णतम रश्मियों के साथ आयोजित यह वार्षिक लोक तप पर्व वस्तुतः संतान में प्रकृति की समस्त शक्तियों को आरोपित करने की मातृ तपस्या है। यह न तो यज्ञ है न ही कोई अनुष्ठान। केवल तपस्या है जीवित्पुत्रिका का व्रत।

जीवित्पुत्रिका व्रत में संतान की लंबी उम्र और वंश वृद्धि की कामना के लिए सतपुतिया (तोरई जैसी एक सब्जी) खाई जाती है। सतपुतिया शब्द सत (सात) और पुतिया (पुत्र या संतान) से मिलकर बना है। यह सब्जी प्रायः सात के समूह या गुच्छों में फलती है। इसे खाने से संतान की संख्या और वंश में वृद्धि होने की पौराणिक मान्यता जुड़ी है।

सतपुतिया सब्जी का सीधा संबंध जितिया (जीवित्पुत्रिका) व्रत से है, जिसके बिना यह व्रत अधूरा माना जाता है। जितिया व्रत और सतपुतिया के धार्मिक महत्व के पीछे तीन प्रमुख पौराणिक व लोक कथाएं प्रचलित हैं, जिन्हें व्रत के दिन माताएं जरूर सुनती हैं-

**चील और सियारिन की लोक कथाः-** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, नर्मदा नदी के किनारे एक जंगल में एक चील और एक सियारिन रहती थीं, जो आपस में गहरी सहेलियां थीं। एक बार उन्होंने गांव की महिलाओं को संतान की लंबी आयु के लिए जितिया का निर्जला व्रत करते देखा और खुद भी यह व्रत रखने का संकल्प लिया। व्रत के दिन सियारिन को बहुत तेज भूख लगी। वह भूख बर्दाश्त नहीं कर पाई और रात में चुपके से श्मशान जाकर हड्डियां और मांस खा लिया, जिससे उसका व्रत खंडित हो गया। दूसरी ओर, चील ने पूरी निष्ठा और भूख-प्यास सहकर नियमपूर्वक व्रत पूरा किया।

**अगला जन्मः-** अगले जन्म में दोनों सहेलियां मनुष्य रूप में सगी बहनें बनकर राजा के घर जन्मीं। बड़ी बहन (पूर्व जन्म की सियारिन) का विवाह एक मंत्री से हुआ, जबकि छोटी बहन (पूर्व जन्म की चील) रानी बनी।



**व्रत का प्रभावः-** पिछले जन्म में व्रत तोड़ने के कारण बड़ी बहन (सियारिन) के बच्चे जन्म लेते ही मर जाते थे, जबकि छोटी बहन (चील) के सात पुत्र हुए जो बहुत वीर और दीर्घायु थे। बड़ी बहन ने जलन के कारण कई बार रानी के बच्चों को मारने की कोशिश की, लेकिन व्रत के पुण्य प्रभाव से बच्चों का बाल भी बांका नहीं हुआ। बाद में जब उसे अपनी भूल का अहसास हुआ, तो उसने भी पश्चाताप कर पूरी निष्ठा से यह व्रत किया और उसे संतान सुख मिला।

**राजा जीमूतवाहन की पौराणिक कथाः-** यह कथा गंधर्व राजकुमार जीमूतवाहन से जुड़ी है। वे बहुत दयालु और परोपकारी थे। एक बार जीमूतवाहन जंगल से गुजर रहे थे, तो उन्होंने एक वृद्धा (नागमाता) को रोते हुए देखा। पूछने पर पता चला कि नागों और पक्षीराज गरुड़ के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत गरुड़ को हर रोज एक नाग आहार के रूप में सौंपा जाता है। उस दिन वृद्धा के इकलौते पुत्र शंखचूड़ की बारी थी। नागमाता का दुख देखकर जीमूतवाहन ने उनके पुत्र के प्राण बचाने का निर्णय लिया। वे खुद लाल कपड़े में लिपटकर वध-शिला पर लेट गए। जब गरुड़ आए, तो वे जीमूतवाहन को उठाकर ले गए और उन्हें खाने लगे। गरुड़ ने देखा कि उनके खाने पर भी यह जीव रोने या चिल्लाने के बजाय मुस्कुरा रहा है। गरुड़ ने आश्चर्यचकित होकर उनका परिचय पूछा। जीमूतवाहन की वीरता और त्याग से प्रसन्न होकर गरुड़ ने न केवल उनके प्राण छोड़ दिए, बल्कि भविष्य में किसी भी नाग की बलि न लेने का वचन दिया। साथ ही, उन्होंने वरदान दिया कि जो भी माता इस दिन संतान की रक्षा के लिए व्रत करेगी, उसकी संतान दीर्घायु होगी।

**महाभारत काल और भगवान कृष्ण की कथाः-** जितिया व्रत की एक कथा द्वापर युग से भी जुड़ती है। महाभारत युद्ध के अंत में गुरु द्रोणाचार्य की मृत्यु का बदला लेने के लिए अश्वत्थामा ने पांडवों के शिविर पर हमला कर दिया और धोखे से द्रौपदी के पांचों पुत्रों का वध कर दिया। इसके बाद अर्जुन ने अश्वत्थामा को बंदी बनाकर उसकी दिव्य मणि छीन ली। क्रोधित अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश को समूल नष्ट करने के लिए अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चला दिया।उत्तरा का गर्भ नष्ट हो गया और बच्चा मृत पैदा हुआ। तब भगवान श्री कृष्ण ने अपने सभी पुण्यों का फल उस मृत बालक को देकर उसे दोबारा जीवित कर दिया। गर्भ में मरकर दोबारा जीवित होने के कारण उस बालक का नाम जीवित्पुत्रिका (आगे चलकर राजा परीक्षित) रखा गया। माना जाता है कि तभी से माताओं द्वारा संतान की सुरक्षा के लिए जीवित्पुत्रिका या जितिया का व्रत रखने की शुरुआत हुई।

**सतपुतिया का विशेष महत्वः-** जितिया व्रत के पहले दिन नहाय-खाय पर सतपुतिया (सरपुतिया) की सब्जी खाने का विधान इन कथाओं के संदेश से जुड़ा है। सतपुतिया के फल हमेशा गुच्छों में एक साथ उगते हैं (एक ही डाल पर 5 से 7 फल)। लोक परंपराओं में यह गुच्छा वंश वृद्धि और संतान की लंबी आयु का प्रतीक माना जाता है। माताएं भगवान जीमूतवाहन से प्रार्थना करती हैं कि जैसे सतपुतिया के फल हमेशा गुच्छों में लहलहाते हैं, वैसे ही उनका परिवार और संतान भी हमेशा सुरक्षित, फलते-फूलते और दीर्घायु रहें। 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद पेट को हल्के और सुपाच्य भोजन की जरूरत होती है, जिसमें यह बेहद फायदेमंद है। इसमें प्रचुर मात्रा में पानी, फाइबर, आयरन और विटामिन पाए जाते हैं जो शरीर को तुरंत ऊर्जा देते हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के पारा गांव में गुरुवार रात अज्ञात कारणों के चलते 24 वर्षीय महिला ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मां की मौत से दो मासूम बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। पारा गांव निवासी आरती (24) पत्नी अनिरुद्ध कबीर ने गुरुवार रात अपने कमरे में रेशम की रस्सी से फांसी लगा ली। पति अनिरुद्ध ने बताया कि वह आंगन में पंखा लगाकर सो रहा था। इसी दौरान रात करीब दो बजे घटना हुई। बताया जाता है कि आरती की शादी करीब छह वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बेटे राजकुमार (5) और अजीत (3) हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के बाद से स्वजन और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### मौदहा में डीएम-एसपी सुनेंगे जनसमस्याएं

**हमीरपुर।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार 3 अक्टूबर को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अशोक कुमार और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक मौदहा तहसील में उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतें सुनेंगे। अन्य तहसीलों में भी संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में जनसुनवाई होगी। समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन



**मौदहा।** नगर व क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों व थाने में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी ने सलामी देकर उन्हें नमन किया। सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न संस्थानों में भी कार्यक्रम हुए। हुसैनगंज स्थित सपा कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष जावेद मेंजर के नेतृत्व में, कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष अहमद हसन तथा आम आदमी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने गांधी और शास्त्री के जीवन, संघर्ष व देश के प्रति योगदान को याद करते हुए सत्य, अहिंसा, सादगी और ईमानदारी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### हादसे में घायल महिला की मौत, बेटी-ससुर गंभीर

**सुमेरपुर।** बाइक और कार की टक्कर में घायल महिला सुनीता की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में उसकी बेटी आराध्या और ससुर राम मनोहर गंभीर घायल हैं। बदनपुर निवासी अजय कुमार के अनुसार, 30 सितंबर को तीनों बाइक से सुमेरपुर से घर लौट रहे थे। मुंडेरा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया। एक अक्टूबर को इलाज के दौरान सुनीता की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिसकर्मी सम्मानित



**हमीरपुर।** गांधी एवं शास्त्री जयंती पर पुलिस लाइन हमीरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दोनों महापुरुषों के सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सेवा पदक देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षक गोपनीय आशीष कुमार को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। उपनिरीक्षक नगेन्द्र सिंह, आरक्षी विश्वेश्वर प्रसाद पटेल और मुख्य आरक्षी चालक मु. रिजवान को अति उत्कृष्ट सेवा पदक मिला। मुख्य आरक्षी विक्रांत सिंह, सत्य प्रकाश उमराव और अजय कुमार भारतीया को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकली जागरूकता रैली



**झांसी।** गांधी जयंती के अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कलेक्ट्रेट से जनजागरूकता बाइक रैली निकाली गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन अमूल्य है, इसलिए सभी यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, स्टंट और वाहन चलाते समय मोबाइल के इस्तेमाल से बचें। एआरटीओ हेमंद्र सिंह गौतम ने बताया कि रैली ईलाइट चौराहा, चित्रा चौराहा और बीकेडी चौराहा होते हुए संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं वाहन यूनियनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान



**झांसी।** गांधी एवं शास्त्री जयंती पर कलेक्ट्रेट और कमिश्नरी समेत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सफाई कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने गांधी के सत्य–अहिंसा और शास्त्री की सादगी व ईमानदारी से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान कारगिल शहीद की धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। क्षय रोगियों को पोषण पोटली, जिला कारागार में बंदियों व वृद्ध आश्रम में निवासियों को फल–मिष्ठान तथा कुष्ठ आश्रम में मरीजों को फल–दवाएं वितरित की गईं। कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन हुआ।

### वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

**बांदा।** वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसका साथी सड़क पर ही शव छोड़कर फरार हो गया। मृतक के भाई ने साथी पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस का कहना है वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। बता दें कि बदौसा थाना क्षेत्र के कुल्लू खेड़ा निवासी शिवमोहन (45) पुत्र नत्थू वर्मा बुधवार की शाम भदावल निवासी कल्लू के साथ किसी निमंत्रण के लिए बबेरू गया था। वापस लौटते समय बदौसा थाना क्षेत्र के पड़ार गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। साथ में गया कल्लू शव को सड़क पर ही छोड़ कर वहां से फरार हो गया। उसने घरवालों को सूचना देना भी जरूरी नहीं समझा।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य अहिंसा और सेवा का संदेश

**समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।**





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अशोक कुमार ने ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। रामधुन और देशभक्ति गीतों के बीच आयोजित गोष्ठी में उनके आदर्शों को जीवन एवं शासकीय कार्यप्रणाली में अपनाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से देश को नई दिशा दी। उनके आदर्शों पर चलते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 2.13 लाख से अधिक किसानों को 717.13 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि दी जा चुकी है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 40 हजार से अधिक आवास निर्मित हुए हैं। वृद्धावस्था पेंशन से 54 हजार तथा निराश्रित महिला पेंशन से 18 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

वर्ष 1929 में गांधी जी के राठ आगमन की स्मृति में कलेक्ट्रेट परिसर में 29 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। जनपद में प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित हुईं। जिला महिला चिकित्सालय में नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएफओ अरविंद कुमार, एडीएम राकेश कुमार, रिजवाना शाहिद, विजय सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर पैदल चाल में मयंक-तनु ने मारी बाजी

### 56 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विधायक-डीएम ने किया सम्मानित



**हमीरपुर।** गांधी एवं शास्त्री जयंती पर जिला खेल कार्यालय की ओर से पैदल चाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में पांच किलोमीटर और बालिका वर्ग में तीन किलोमीटर की प्रतियोगिता में 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकेश खरवार ने हरी झंडी दिखाकर किया। बालक वर्ग में मयंक ने प्रथम, जनीत ने द्वितीय और विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में तनु प्रथम, साक्षी द्वितीय और साबरीन तृतीय रहीं। बालक वर्ग में सत्यवीर, समर सिंह एवं मनोज तथा बालिका वर्ग में दुर्गा, वरीसा एवं नंदनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, जिलाधिकारी अशोक कुमार एवं नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर एडीएम विजय सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री के आदर्शों को शासकीय जीवन में अपनाएं: अंकिता सिंह



**▸ कोषागार में दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की**

**हमीरपुर।** गांधी एवं शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को जनपद के कोषागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वरिष्ठ कोषाधिकारी अंकिता सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कोषागार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अंकिता सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से राष्ट्रसेवा की मिसाल प्रस्तुत की। उनका 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी राष्ट्रनिर्माण में सैनिकों और किसानों के योगदान का स्मरण कराता है।

## रक्तदान शिविर में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन हमीरपुर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है और जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिविर में पुलिसकर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### एसपी कार्यालय में मनी गांधी-शास्त्री जयंती



**हमीरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को गांधी एवं शास्त्री के आदर्शों, सिद्धांतों और जीवन मूल्यों को अपने आचरण में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श शांति, एकता और सामाजिक समरसता की आधारशिला हैं। राष्ट्रसेवा, जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो साल से ठप पड़े मिनी इंडोर स्टेडियम के निर्माण पर प्रशासन सक्रिय

**बरुआसागर (झांसी)।** फुटेरा क्षेत्र में करीब दो साल से ठप पड़े मिनी इंडोर स्टेडियम के निर्माण को लेकर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के लगातार पत्राचार के बाद पुरातत्व एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण किया।स्टेडियम की स्वीकृत लागत 2 करोड़ 9 लाख 49 हजार रुपये है, जिसमें करीब 63 लाख रुपये का कार्य हो चुका है। वर्ष 2023 में पुरातत्व विभाग की एनओसी संबंधी आपत्ति के बाद निर्माण कार्य रुक गया था।संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और रिपोर्ट तैयार की। फाउंडेशन अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि स्टेडियम पूरा होने से बरुआसागर व आसपास के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने लंबित प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की उम्मीद जताई।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान

**▸ नगर पालिका अध्यक्ष ने शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह**

**समृद्धि न्यूज़, समथर, झांसी।**





नगर पालिका परिषद में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना और अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार चौधरी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर स्वच्छता व्यवस्था में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों रानी देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, शिवम, रंजीत और रविन्द्र को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके योगदान का सम्मान जरूरी है।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पवन बुलकिया, प्रतिपाल सिंह दांगी, अरविंद श्रीवास, राजेंद्र पांचाल, चंद्रपाल सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह कंसाना, अरविंद कुमार वाल्मीकि, श्याम बिहारी दुबे, मनोज तिवारी सहित पालिका कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

वही गांधी-शास्त्री जयंती पर समथर थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ थाना प्रभारी अतुल कुमार राजपूत के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।पुलिसकर्मियों ने गांधी के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता तथा शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। इस दौरान सभी ने समाज और राष्ट्र की सेवा में अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## विद्यालय में गांधी और शास्त्री जयंती मनी छात्राओं ने प्रस्तुत किए देशभक्ति गीत

**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय (झांसी)।**



श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश दुबे ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती मां एवं महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। सरोज अजरिया ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन रमाकांत त्रिपाठी ने किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में हरी बाबू शर्मा, प्रमोद सिंह, हरिकांत नायक, श्याम सुंदर रिछारिया, मेघा कुचबार, राम सिंह, पवित्र मिश्रा, बलवंत सिंह पटेल, आरती गुप्ता, अक्षय कुमारी, सोनाली विश्वकर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

श्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज में भी गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रकाश चंद्र जैन ने ध्वजारोहण किया। अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वही खेर इंटर कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य अहिंसा और सादगी का संदेश



**बरुआसागर (झांसी)।** नगर पालिका पब्लिक इंटर कॉलेज में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अमर सिंह कुशवाहा और अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष सुशीला कुशवाहा ने की। अतिथियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।छात्र-छात्राओं ने 'विकसित भारत' की थीम पर पुष्पों से आकर्षक रंगोली बनाई। अमर सिंह कुशवाहा ने विद्यार्थियों से गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता तथा शास्त्री के सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्श अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार यादव, सतेंद्र त्रिपाठी, मातादीन वंशकार, जय प्रकाश कुशवाहा, विद्यालय प्रभारी संदीप सिंह सेंगर, प्रधानाचार्य ऋचा शर्मा, पारुल राय, अंकित मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

वहीं नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष सुशीला कुशवाहा ने ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कर्मचारियों से गांधी के स्वच्छता व सत्य तथा शास्त्री के सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

## धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती, गूंजी रामधुन

**▸ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मरीजों को बांटे फल व मिष्ठान**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



रघुपति राघव राजाराम के साथ जय जवान, जय किसान की गूंज के बीच देश की दो महान हस्तियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को शुक्रवार को उनके जन्मदिन पर याद किया। सरकारी, अर्द्धसरकारी भवनों समेत तमाम स्कूल-कालेजों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर गांधीजी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम का गान किया और पूर्व प्रधानमंत्री के जय जवान जय किसान के नारे लगाए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती समूचे जनपद में श्रद्धा के साथ मनाई गई। चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार ने अपने कार्यालय में दोनों महान विभूतियों पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन आदर्शो पर प्रकाश डाला। वहीं कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अमित आसेरी ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। डीएम ने मातहतों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की सीख दी। कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सेवा और स्वच्छता के विचारों के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री जी की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा की भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सेवा भाव के साथ कार्य करने का संदेश दिया। दृष्टिबाधित विद्यालय के बच्चों ने 'रघुपति राघव राजा राम' की भावपूर्ण प्रस्तुति करके सभी को भावविभोर कर दिया। डीएम ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि 2 अक्टूबर का यह पावन अवसर हमें सत्य, अहिंसा, सादगी, सेवा, स्वच्छता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के मूल्यों को अपने जीवन एवं कार्यशैली में अपनाने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर जिलाधिकारी अमित आसेरी और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं तीमारदारों को फल व मिष्ठान वितरित किए। शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सपा जिलाध्यक्ष ने मतदाता सूची में गड़बड़ी व वोट चोरी का लगाया आरोप

**▸ वोट चोरी मुद्दे पर 8 अक्टूबर तक होंगे कार्यक्रम**



**उरई(जालौन)।** इकलासपुरा स्थिति सपा कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने मतदाता सूची में अनियमितता और वोट चोरी को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव के निर्देश पर 2 से 8 अक्टूबर तक इस मुद्दे पर कार्यक्रम होंगे। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल और बिहार चुनाव में भाजपा ने वोट चोरी की। एसआईआर का मामला भी सरकार को बचाने के लिए लाया गया था। उन्होंने दावा किया कि माधौगढ़, कालपी और उरई विधानसभा की मतदाता सूचियों में अब भी डुप्लीकेट वोट हैं। लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव के लिए सूची का पारदर्शी और त्रुटिरहित होना जरूरी है, सपा इसके लिए संघर्ष करेगी। सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि वोट चोरी को लेकर देश-प्रदेश में आक्रोश है। सपा जनता के बीच जाकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएगी। वार्ता में पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, महेश शिरोमणि दोहरे, तिलकचंद अहिरवार, महेंद्र कठेरिया, प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, शिवराम कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव बजरिया, लाखन सिंह कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम सक्सेना, राघवेंद्र सिंह, संतोष कोरी, भानू राजपूत, जमालुद्दीन पप्पू, वीरेंद्र यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सत्य, अहिंसा व सादगी से जिलेभर में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**▸ डीएम ने महापुरुषों को अर्पित किया श्रद्धासुमन**

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिले में श्रद्धा, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम समीर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। 'रघुपति राघव राजा राम' भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर का वातावरण गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के संदेश से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

डीएम ने कहा कि 2 अक्टूबर देश के इतिहास में विशेष महत्व का दिन है। इसी दिन महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे दो महान व्यक्तित्वों ने जन्म लेकर देश के सार्वजनिक जीवन को अपने विचारों और कर्मों से समृद्ध किया। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को स्वतंत्रता आंदोलन का माध्यम बनाकर देशवासियों को एकजुट किया और जनभागीदारी के साथ स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी।

उनके आदर्शों को केवल जयंती समारोहों तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन और कार्यशैली में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणादायी मिसाल बताया। कहा कि शास्त्री जी ने अपने आचरण से सार्वजनिक जीवन में सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के उच्च मानदंड स्थापित किए। उनके द्वारा दिया गया 'जय जवान, जय किसान' का संदेश देश की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करता है। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलने व जनसेवा और राष्ट्रहित में पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व राजीव राज, ए डीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, ए डीएम न्यायिक शत्रुहन पाठक, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, एसडीएम कुमार संजय आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा

## आक्रोशित परिजनों ने ऑपरेशन करने आए चिकित्सक को बनाया बंधक, पुलिस ने निकाला बाहर

समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।

चांदा बाजार स्थित न्यू आयुषी पाली क्लीनिक में शुक्रवार को डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित परिजनों ने ऑपरेशन करने आए चिकित्सक को कथित तौर पर बंधक बना लिया और मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चिकित्सक को बाहर निकाला।

प्रतापपुर कमैचा क्षेत्र निवासी रामजीत निषाद की पुत्री अंजली निषाद को प्रसव के लिए क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, दोपहर बाद बाहर से आए चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन किया। इसके बाद मृत नवजात पैदा हुआ। बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण क्लीनिक पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर डायल-112 पुलिस पहुंची और चिकित्सक को वाहन में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने वाहन को भी रोक दिया।

बाद में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में प्रसूता अंजली को एंबुलेंस से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर सीओ लंभुआ ऋत्विक कपूर, चांदा प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार पांडेय समेत पुलिस अधिकारी और कई थानों की फोर्स मौजूद रही। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित कर जांच शुरू कर दी है।



हंगामे की जानकारी पर सीओ लंभुआ के साथ मौके पर कई थानों की पुलिस

### नहर में स्कूटी समेत गिरी शिक्षिका, मौत



**सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे कुलफतपुरवा के पास गुरुवार को नहर पुल की टूटी रेलिंग के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में शिवकरी गांव निवासी शिक्षिका अंशू (21) पुत्री रामचंद्र की डूबने से मौत हो गई। अंशू हरौरा कस्बा स्थित एक स्कूल में शिक्षिका थी। गुरुवार को स्कूल बंद होने के बाद वह स्कूटी से घर लौट रही थी। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। नहर में स्कूटी और पास में मोबाइल मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। धनपतगंज पुलिस ने मायंग के गोताखोरों की मदद से तलाश कराई। करीब 300 मीटर दूर नहर से अंशू का शव बरामद हुआ। भाई अजीत ने शव की पहचान की। थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया कि पुल की रेलिंग टूटी है। प्रथम दृष्टया स्कूटी नहर में गिरने से हादसा हुआ है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रेलिंग तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

# चांदा पहुंचे शिक्षक अवध ओझा युवाओं को लक्ष्य के प्रति किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज,चांदा, सुलतानपुर।

विद्यार्थियों और युवाओं में शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से सुप्रसिद्ध शिक्षक अवध ओझा शुक्रवार को चांदा कस्बे पहुंचे।

उनके पहुंचने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान युवाओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

अवध ओझा को बॉलीवुड लेखक रितेश सिंह राजवाड़ा, प्रतापपुर कमैचा के प्रधान प्रतिनिधि अजय दूबे और राकिब अली ने आमंत्रित किया था। चांदा पहुंचने पर युवाओं ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। अवध ओझा ने विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

उन्होंने शिक्षा के महत्व और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आने वाली चुनौतियों का धैर्य एवं आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य के प्रति समर्पण और लगातार प्रयास जरूरी है। उनके साथ संवाद को युवाओं ने प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर अजय दूबे, रितेश सिंह राजवाड़ा, विजय दूबे, ईशू गुप्ता, साहिल दूबे, मोंटी, राकिब, बाबुल, शिवा समेत कई युवा, विद्यार्थी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गांधी-शास्त्री व मसूरिया दीन पासी को किया याद

**सुलतानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दीन पासी की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने सुपर मार्केट और दीवानी स्थित गांधी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में महापुरुषों के जीवन और योगदान पर चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि गांधी ने सत्य-अहिंसा के जरिए स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी, शास्त्री ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की, जबकि मसूरिया दीन पासी का संघर्ष अन्याय के खिलाफ प्रेरणा देता है। उन्होंने महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अमोल वाजपेई, नफीस फारूकी, सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, सियाराम तिवारी, आरबी पांडेय, प्रेम प्रकाश अग्रहरि समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ता की बाइक की टक्कर से मौत

समृद्धि न्यूज,सुलतानपुर।

कूरेभार क्षेत्र के पकड़ीपुर (कसमऊ) इनायतपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गौतम पुत्र मुन्नालाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार को वह साइकिल से घर लौट रहे थे। गांव में ही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए सुलतानपुर ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देर शाम शव पैतृक गांव पहुंचने की बात कही गई है। शनिवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजकुमार गौतम सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय थे और भारतीय बौद्ध परिषद के अध्यक्ष रह चुके थे। वह शादी-विवाह कराने के कार्य से भी जुड़े थे। सुलतानपुर के सुपर मार्केट में उनकी कपड़े की दुकान भी थी। मौत से क्षेत्र में शोक है।



फाइल फोटो मृतक राजकुमार

### केएनआई में गांधी जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**सुलतानपुर।** केएनआई स्वायत्तशासी संस्थान में शुक्रवार को गांधी जयंती मनाई गई। उपप्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, प्रो. सुशील कुमार सिंह समेत प्राध्यापकों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। फरीदीपुर विधि संकाय में 'गांधी की विकास अवधारणा एवं भारत' विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी मौजूद रहीं। डॉ. शक्ति सिंह ने सत्य और स्वावलंबन, प्रो. सुशील कुमार सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी के विचारों तथा डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह ने राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. आरपी मिश्र ने स्वच्छ भारत की गांधीवादी अवधारणा को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। डॉ. अवधेश दूबे ने आभार जताया।

# सेवा सेतु अभियान के तहत लगा योग-ध्यान शिविर

समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।

विकास खंड प्रतापपुर कमैचा सभागार में शुक्रवार को आयुष विभाग की ओर से सेवा सेतु अभियान के तहत योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक अजय मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

योग प्रशिक्षक ने नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक तनाव कम करने और कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कर्मचारियों से योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

शिविर में एडीओ पंचायत हरिकेश कनौजिया, एडीओ ग्राम्य विकास विनोद कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी यादव समेत ब्लॉक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षक के निर्देशन में उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया तथा ध्यान सत्र में भी भाग लिया। कर्मचारियों ने नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित किए जाने को उपयोगी बताया।

# टीपीएल के तीसरे सीजन का भव्य आगाज

**उद्घाटन मुकाबलों में करौंदीकला, दूबेपुर, कादीपुर और अखंडनगर ने दर्ज की जीत**

समृद्धि न्यूज,लंभुआ, सुलतानपुर।

शिक्षक एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच देने वाली टीपीएल (टीचर प्रीमीयर लीग) के तीसरे सीजन का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व विधायक सोनू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने छह गेंद खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले दिन चार मुकाबले खेले गए। करौंदीकला ने भदैया को हराकर जीत दर्ज की। लंभुआ के खिलाफ दूबेपुर विजयी रहा, जिसमें आयुष सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। दोस्तपुर को हराकर कादीपुर ने 30 रन से जीत हासिल की। कादीपुर के प्रमोद कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथे मुकाबले में अखंडनगर ने मोतिगरपुर को हराया। मोतिगरपुर ने 84 रन बनाए थे। अखंडनगर के गौरव सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। उद्घाटन समारोह में जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, मंत्री राम आशीष मौर्य, आयोजक पंकज यादव समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।



क्रिकेट मैच का उद्घाटन करते पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह

## खबरें एक नजर में

### गांधी-शास्त्री जयंती पर गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

**सुलतानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को गोमती मित्र मंडल ने उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक चले अभियान में सदस्यों ने कार्यालय परिसर स्थित पार्क की सफाई की। पार्क में फैली गंदगी, कूड़ा-कचरा और झाड़ियां हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि स्वच्छता एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई जरूरी है। अभियान में संरक्षक रतन कसौधन, राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, अजय वर्मा, विकास शर्मा समेत सैकड़ों गोमती मित्र शामिल रहे।

### गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर दिया संदेश

**सुलतानपुर।** गांधी जयंती पर शारदा सहायक खंड-49 कार्यालय पयागीपुर में अधिशासी अभियंता अमित कुमार चौधरी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों के साथ परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, शांति और अहिंसा के लिए विश्वभर में सम्मानित हैं। उनकी जयंती पर स्वच्छता को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी और दृढ़ संकल्प का उदाहरण था। देश के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर सहायक अभियंता रूबी चंदन, डीएस मिश्र, शरद कुमार, संजीव शर्मा, देवेंद्र, आलोक, कुलदीप वर्मा, नीरज मिश्र, विजय कुमार सोनी समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**सुलतानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुपर मार्केट परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर मंडल अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीता शरण त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज को एकता, सद्भाव और सेवा का मार्ग दिखाते हैं। जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, गांधी सिंह, जिला महामंत्री संदीप सिंह, आशीष सिंह रानू, इंद्रदेव मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश चौरसिया, राहुलभान मिश्र, सौरभ पांडेय, अनुज प्रताप सिंह, हिमांशु गुप्ता समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुख-दुख के साथी बने राणा सूबेदार सिंह चौहान

**प्रतापगढ़।** राजनीति के दौर में जहाँ जनप्रतिनिधि अमूमन चुनावों के समय ही सक्रिय नजर आते हैं, वहीं विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में मेढ़ावा राजभवन के राणा सूबेदार सिंह चौहान ने निःस्वार्थ जनसेवा से एक अलग पहचान बनाई है। पिछले 5-7 वर्षों से वे अनवरत जनता के बीच रहकर हर सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। राणा सूबेदार सिंह ने सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के सैकड़ों विद्यालयों में गरीब बच्चों को बैग बांटे, खेलकूद और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर आर्थिक व नैतिक सहयोग दिया। लक्ष्मणपुर की रामकथा, दुर्गापूजा, पूरे रूप की कबड्डी प्रतियोगिता, किठावर का कवि सम्मेलन या मदरसों के बच्चों की मदद—बिना किसी भेदभाव के उन्होंने हर वर्ग का हाथ थामा है। वर्ष 2022 से शुरू हुआ यह जनसेवा का सफर अब उस मुकाम पर पहुंच गया है, जहां क्षेत्रीय जनता स्वयं उन्हें चुनाव मैदान में उतरने का आग्रह कर रही है। आगामी मिशन 2027 को लेकर विश्वनाथगंज की सियासत में हलचल तेज है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बदलाव तय है और जो नेता जनता के दिलों को समझेगा, भविष्य उसी का होगा।

# तेज डीजे की आवाज के खिलाफ निकला शांति मार्च

**चार धर्मों के धर्मगुरु समेत विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों और नागरिकों ने लिया हिस्सा**

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को तेज डीजे की आवाज और अत्यधिक वाइब्रेशन के खिलाफ घर सुलतानपुर फाउंडेशन की पहल पर शांति मार्च निकाला गया। मार्च में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों, चिकित्सकों, शिक्षकों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण ढंग से लोगों से ध्वनि प्रदूषण कम करने की अपील की।

मार्च तिकोनिया पार्क से शुरू होकर आजाद पार्क, कोतवाली गल्ला मंडी, जीएन रोड, आगरा चौराहा, डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा, चौक घंटाघर, ठठेरी बाजार और रामलीला मैदान होते हुए पंचरस्ता पहुंचा। इस दौरान 'शांति ही शक्ति है' और 'तेज डीजे नहीं, स्वस्थ समाज चाहिए' जैसे संदेश दिए गए।

फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि अभियान किसी धर्म, समुदाय या परंपरा के विरोध में नहीं है। उद्देश्य सार्वजनिक आयोजनों में ध्वनि की तीव्रता मानकों के अनुरूप रखने के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को परेशानी न हो। मार्च में हिंदू, सिख, मुस्लिम और ईसाई धर्मों के धर्मगुरुओं के अलावा नगर सुरक्षा संगठन, कक्कू पांडेय यूथ ब्रिगेड, संयुक्त सेवा समिति, रोटरी क्लब, आईएमए, भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, यूनिक फाउंडेशन, स्वर्णकार एवं व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे। श्री गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चे भी मार्च में शामिल हुए।




डीजे के शोर के विरोध में शाति मार्च निकालते सामाजिक कार्यकर्ता

# पीएम आवास के नाम पर दिव्यांग से वसूली, सभासद समेत दो पर आरोप



**कुंडा-प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। नगर पंचायत मानिकपुर के चौराही आदर्श नगर निवासी एक पैर से दिव्यांग और अत्यंत गरीब विष्णु पाल (पुत्र गौरत) ने धांधली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित विष्णु पाल ने शिकायत में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची (संख्या 1446) में उसका नाम चयन प्रक्रिया में शामिल है। वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है और उसके पास रहने का कोई अन्य साधन नहीं है। आरोप है कि योजना में नाम पक्का कराने के नाम पर शाहाबाद उत्तरी निवासी पीताम्बर लाल (पितई) ने 5,000 रुपये और स्थानीय वार्ड सभासद (चौरही) ने 3,000 रुपये की अवैध वसूली कर ली। पीड़ित का आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने उसे धमकी दी है कि यदि उन्हें और पैसे नहीं दिए गए तो उसका आवास निरस्त करा दिया जाएगा। पीड़ित दिव्यांग ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और उसे आवास दिलाने की गुहार लगाई है।

# टेकारी के राज भवन व मंदिर में चोरी, पुलिस ने जांच में जुटी

समृद्धि न्यूज,डीह-रायबरेली।

टेकारी दांदू स्थित राजकोट में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा संदिग्ध चोरी की गई जिसकी सूचना राजघराने का कार्यभार देखरहे मुंशी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दिया उन्होंने दिए गए तहरीर में बताया कि टेकारी स्टेट का राज परिवार लखनऊ में रहता है उनके राज घराने का कार्य भार वह देखते है बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा महल के अंदर घुसकर वहां स्थित मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर में स्थापित मूर्ति व माला के साथ महल के जीने के दरवाजा का ताला व रसोईघर का ताला तोड़ कर सामान की चोरी किया गया सुबह जब मंदिर व महल की देखरेख करने वाले शिवानंद मिश्रा जब महल के अंदर गए तो देखा और चोरी होने की जानकारी दी । राज घराने के राजकुमार अखिलेश्वरी प्रताप सिंह परिवार के साथ लखनऊ में रहते है। महल में कौन कौन समान की चोरी हुई है यह जानकारी किसी को नहीं है केवल आशंका जताई जा रही है कि चोरी में भारी क्षति की हुई हैं। चोरी की घटना की जानकारी राज परिवार को दिया गया है । वहीं राजघराने में हुई चोरी की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम व एसओ टीम के साथ क्षेत्रीय पुलिस महल के अंदर जांच पड़ताल कर रही है।

### कोटेदार की शिकायत करने वाले युवक पर किया हमला

**सलोन-रायबरेली।** सरकारी राशन में कथित घटतौली की शिकायत करना युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि जांच से नाराज कोटेदार पक्ष ने बुधवार रात झाऊ का पुरवा मजरे बिसाइया में रवि सिंह के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव में उसकी मां और बहन से भी मारपीट की गई। हवाई फायरिंग की भी चर्चा है, हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है। रवि के भाई भानु प्रताप के मुताबिक, राशन में घटतौली की शिकायत उच्चाधिकारियों और शासन के पोर्टल पर की गई थी। आरोप है कि इससे नाराज कोटेदार पक्ष ने पहले भी रवि के साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। रामा देवी की तहरीर पर कोटेदार प्रेम कुमार पासी समेत छह लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रेम कुमार, चंद्रपाल पासी और राजकुमार पासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गंभीर रूप से घायल रवि को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# खादी स्वतंत्रता आंदोलन की रही है महती पहचान : दिनेश प्रताप सिंह

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली के सुपर मार्केट स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वदेशी खादी वस्त्रों की खरीदारी की।इस अवसर पर मंत्री ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने से स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और बुनकरों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी, खादी और आत्मनिर्भरता को देश की आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती का आधार माना था। खादी स्वतंत्रता आंदोलन की महत्वपूर्ण पहचान रही है और आज भी यह स्थानीय उत्पादन, श्रम की गरिमा तथा आत्मनिर्भरता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को दैनिक जीवन में अपनाकर स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के प्रयासों को मजबूती दी जा सकती है। स्वदेशी उत्पादों के प्रति जनभागीदारी बढ़ने से स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।



### वैश्य समाज की बैठक में सामाजिक एकजुटता और अधिकारों पर हुई चर्चा

**महाराजगंज-रायबरेली।** महाराजगंज वैश्य समाज की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष ओमप्रकाश फौजी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का संचालन समाज के महामंत्री प्रिन्सू वैश्य ने किया। बैठक में समाज की एकजुटता, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा समाज के लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों के अनुभव और योगदान को सम्मान देते हुए आकाश वैश्य द्वारा उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन समाज की सबसे बड़ी ताकत है और उनके अनुभव से नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। बैठक में जाति हेतु बैकवर्ड सर्टिफिकेट (पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र) से जुड़े विषय को प्रमुखता से उठाया गया। समाज के सदस्यों ने प्रमाणपत्र बनवाने में आने वाली समस्याओं तथा पात्र लोगों को मिलने वाले अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# कपड़ा शोरूम में लगी आग, लाखों का सामान जला



समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

एसपी कार्यालय के समीप स्थित महालक्ष्मी कलेक्शन नामक कपड़ा शोरूम में शुक्रवार भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक भीषण आग लग गई। दुकान से उठते काले धुएं के गुबार ने आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मचा दी। गनीमत रही कि पास स्थित जिम सेंटर के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दुकान के बोर्ड पर दर्ज नंबर के जरिए संचालकों—शेषाद्री सिंह, अनुराग सिंह और रवि सिंह—को तुरंत सूचित किया, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दुकान में धुआं अत्यधिक घना होने के कारण दमकलकर्मियों को अंदर जाने में खासी दिक्कत आई, जिसके बाद स्मोक एग्जॉस्ट मशीन मंगवाई गई। दमकलकर्मियों ने ऑक्सीजन मास्क और जीवनरक्षक उपकरणों का प्रयोग करते हुए भीतर प्रवेश किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

इस अग्निकांड में शोरूम में रखे महंगे कपड़े, साड़ियां, कॉस्मेटिक सामान और गल्ले में रखी नकदी जलकर नष्ट होने का अनुमान है, हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन दुकान की विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। सहायक अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम दुबे ने बताया कि सुबह करीब सवा पांच बजे सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। प्राथमिक जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है और घटना में आसपास की सभी अन्य दुकानें सुरक्षित हैं।

### श्री अन्न की खेती के लिए लोगों को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** विकास खंड शंकरगढ़ के सभागार में साप्ताहिक सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने योजनाओं के लिए पात्रता, मिलने वाले लाभ तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया।इस दौरान कृषि विभाग की ओर से बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी, सावा और रामदाना जैसे मिलेट्स यानी श्री अन्न की खेती को लेकर भी जानकारी दी गई। किसानों एवं प्रतिभागियों को उन्नत बीज, बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण तथा आधुनिक फसल प्रबंधन तकनीकों के बारे में बताया गया। साथ ही श्री अन्न के पोषण महत्व, खाने के फायदे, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्री अन्न की फसलें कम पानी में भी उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं, इसलिए किसानों को इन फसलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विद्यार्थियों और समुदाय तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 25 सितंबर से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

# डीएम ने राष्ट्रपिता की जयंती पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को गाँधी जयंती की शुभकामनायें देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में हम सभी बचपन से ही जानते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन में जो सिद्धांत बनाये तथा जिसका अनुसरण करते हुए भारत वर्ष को गौरवशाली राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास किया, उसे हमें अपने जीवन में अनुसरण एवं आत्मसात करना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी लोगो से अपने कार्यालय, आवास व आस-पास में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा उनके आदर्शो एवं उनकी जीवन शैली से हम सभी को सीख लेनी चाहिए। हमें सच्चे मन से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ईमानदारी, निष्ठा एवं लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगो की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। दूसरे के दुख दर्द को महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी दूसरो से जो अपेक्षा करते है, पहले उसकी शुरूआत स्वयं अपने से करना चाहिए तथा स्वयं उसको अपने ऊपर लागू करें, जो बोले, वहीं करें। जिलाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी ने अपने जीवन में सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांतों का पालन किया।



# विद्यालय में गूंजा गांधी-शास्त्री जयंती पर राष्ट्रप्रेम का संदेश

**ध्वजारोहण, पुष्पांजलि के साथ हुई निबंध व भाषण प्रतियोगिता**

समृद्धि न्यूज, तेराजाकेट, कन्नौज।




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बाबू जगेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज, तेराजाकेट में शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। जयंती समारोह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के विचारों तथा शास्त्री जी के सादगी, ईमानदारी, त्याग एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को केवल स्मरण करना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।निदेशक नवनीत कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को देश के महान व्यक्तित्वों के जीवन और विचारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उपप्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह एवं ओमेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सत्य, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रहित को जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अवनीश पाल,विकास, ओमेंद्र, समीर, दुर्गेश, मनीष,अमन सरनाम, रंजीत, स्वाती, सौम्या, श्रुति, प्रियंका, प्रीति, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण करके उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और सेवा के प्रतीक थे, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने देश को 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में इन महान नेताओं के आदर्शों को अपनाकर ही समाज और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। विनोद दुबे ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांधीजी के सिद्धांतों और शास्त्री जी की सादगी को अपने जीवन में उतारें तथा जनसेवा के कामों में सक्रिय रहें। कार्यक्रम में विनोद दुबे पप्पू, आसाराम यादव, देवकी नंदन दुबे मुन्ना, अजय दुबे, सुरेश तोमर, जितेंद्र कुमार यादव, महेश दीक्षित, प्रदीप दुबे, दिनेश पांडे, भैयालाल दुबे, चातक कुशवाहा, इकराम कुरैशी, रघुनंदन जाटव, राजीव यादव, दिनेश तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, हरि शंकर मिश्रा एडवोकेट व रवींद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## तर्पण

### अधूरा रह गया बिटिया लक्ष्मी का डॉक्टर बनने का सपना: धर्मेंद्र कुमार गुप्ता




ब्रह्मलीन डॉक्टर लक्ष्मी गुप्ता


धर्मेंद्र कुमार गुप्ता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समय से पहले ही ईश्वर ने मेरी प्यारी बिटिया लक्ष्मी को मुझसे छीन लिया इसके कारण उसका डॉक्टर बनने का सपना अधूरा रह गया। मेरी बिटिया लक्ष्मी निवाड़ी रोड मोदीनगर (गाजियाबाद) स्थित एक डेंटल मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस तृतीय वर्ष की छात्रा थी। वह निवाड़ी रोड पर सूर्या एन्क्लेव कॉलोनी में किराये के पीजी कमरे में रहती थी। पढ़ने में होशियार लक्ष्मी गुप्ता बीएएमएस करने के साथ ही नीट की तैयारी भी कर रही थी। 14 जून 2023 को आए परीक्षा परिणाम में उसने एमबीबीएस के लिए नीट में क्वालीफाई कर लिया था। उसी रात उसने फोन करके मुझे यह खुशखबरी दी थी लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। 14/15 जून 2023 की रात में ही किसी समय उसकी हत्या कर दी गई। वहां की पुलिस आज दिन तक इस हत्याकांड का खुलासा नहीं कर पाई है। आज वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन मुझे व मेरे परिवार को ऐसा लगता है जैसे वह हम सबके आसपास ही है। पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर उसको शत-शत नमन। सम्मुख नहीं तुम हमारे, हृदय में तुम्हारा वास है। मुस्कुराता हुआ चेहरा तुम्हारा, हमारी जिंदगी की आस है। धर्मेंद्र, बीना गुप्ता- सेवाराम ट्रेडिंग कंपनी नवीन मंडी छिबरामऊ, - नीरज कोल्ड स्टोरेज तालग्राम (कन्नौज),- भारत कोल्ड स्टोरेज भोगांव (मैनपुरी) - लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज छिबरामऊ

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



कृष्णा फाउंडेशन की ओर से ग्राम हसनपुर सानी में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान 60 पौधे रोपित कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि हसनपुर सानी में पिछले वर्ष भी दो बार पौधारोपण किया गया था। अभियान के तहत लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया गया तो सभी पौधे सुरक्षित मिले और काफी बड़े हो चुके हैं। पौधों की अच्छी स्थिति देखकर फाउंडेशन के सदस्यों ने खुशी जताई। रंजू सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान से लोग प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे। पौधारोपण में रजनीश कुमार, राजीव कुमार, अजीत सिंह पाल, योगेंद्र पाल, अवनीश कुमार, रामू सिंह, बंटू पाल, प्रवेश पाल, गौतम, प्रमोद और जयसिंह पाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोशाला के पौधों में किया जा रहा कम्पोस्ट खाद का उपयोग

**ईको स्वच्छ ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान**

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।




नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने और कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलने की दिशा में ईको स्वच्छ वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगरपालिका क्षेत्र से एकत्रित जैविक कचरे से तैयार कम्पोस्ट खाद का उपयोग छिबरामऊ स्थित गौशाला परिसर में लगे पौधों में किया गया। इस अवसर पर ईको स्वच्छ की टीम ने गौशाला परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि कचरे का उचित प्रबंधन कर उसे उपयोगी संसाधन में बदलना स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जैविक कचरे से तैयार कम्पोस्ट का पौधों में उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम है। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पटेल ने कहा कि नगर में कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण और पुनः उपयोग पर लगातार कार्य किया जा रहा है। ईको स्वच्छ को डायरेक्टर अनुष्किा मिश्रा ने कहा कि कचरे का केवल संग्रहण ही नहीं, बल्कि उसका उचित पृथक्करण और प्रसंस्करण भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सही प्रबंधन से कचरा समस्या के बजाय उपयोगी संसाधन बन सकता है। कंपनी द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरित नगर के लिए इस तरह के अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे।

## पुष्प वर्षा करके किया संकल्प सेवा यात्रा का स्वागत



**सभासद हिमांक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वड़नगर से वाराणसी तक चल रही सेवा यात्रा का नगर में पूर्वी बाईपास पर सभासद हिमांक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभासद प्रदीप चौहान, सतेंद्र शाक्य, अमित गुप्ता, गोपाल बाल्मीकि, किशनलाल बाल्मीकि, फकरे आलम, राघव त्रिपाठी, गोपाल गुप्ता, रामनारायण कमल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और बच्चों की उपस्थिति में प्रधानाचार्य श्री योगेन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री ने देश की आजादी के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर यह सिद्ध किया कि बिना हथियार के भी दुश्मन पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अनुशासन सबसे पहले स्वयं और परिवार में लागू किया जाए, उसके बाद सभी अनुशासन में रहेंगे। यही पाठ हमारे महापुरुषों ने पढ़ाया है, जिसका पालन देशवासियों ने किया और उसी की बदौलत आज भारत नई बुलंदियों की ओर अग्रसर हो रहा है। गूंजे गांधी जी के प्रिय भजन और देशभक्ति गीत कार्यक्रम में प्रवक्ता राजीव कुमार ने गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सहायक अध्यापिका पूनम गौतम ने दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल गीत प्रस्तुत किया। वहीं दिव्य दीपक दीक्षित ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत हुई प्रतियोगिताएं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पप्पू सरोज के आदेशानुसार फ्रस्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत विद्यालय में पोस्टर पेंटिंग, भाषण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बताया कि कैसे हम विद्यालय, गांव, नगर और देश को स्वच्छ रख सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं अन्नपूर्णा, चांदनी, शुभांगी, नैन्सी, दिव्य वर्मा, सृष्टि आदि को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धाभाव, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। देशभक्ति के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि रामानन्द वर्मा ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा और शास्त्री जी के जय जवान जय किसान नारे को याद किया। विशिष्ट अतिथि अवधेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने भारतीय परम्परा के अनुसार अतिथियों का आदर सत्कार किया। विद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र दुबे की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के बहिन व आचार्य, आचार्या उपस्थित रहे।

### समाजवादियों ने बापू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित गांधी पार्क में समाजवादियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सपा विधायक अरविन्द सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, लालू ठेकेदार, जयगुरदेव, मोनू सिंह, विवेक यादव, हिमांशु यादव, आशीष यादव व मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव मौजूद रहे। समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर, वरिष्ठ सपा नेता शैलेंद्र सिंह राठौर बबल, दीपू चौहान, स्वदेश पाल, जिला सचिव, गोविंद यादव, गौरव यादव, आशीष यादव, अंकित, राजेश मीना, गगन यादव, देवेश पाल, मोनू यादव, अनूप पाल, बीनू पाल, राजेश मीणा, गोलू यादव, अंकित यादव, अयान, अनूप पाल, मोनू यादव, अरविंद गुप्ता व अवनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर नगर पालिका में ध्वजारोहण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में गांधी जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार" ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। स्वच्छता उनके सपनों का भारत था। हम सभी को उनके बताए सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के मार्ग पर चलना होगा। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना ही गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पालिका के सफाई कर्मचारी ही स्वच्छता के असली हीरो हैं, उनके सम्मान से हमें प्रेरणा मिलती है। सफाई कर्मियों का सम्मान पालिका प्रशासन ने अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सफाई नायकों एवं सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सफाई नायक सुधांशु सक्सेना, नरेन्द्र मिश्रा तथा सफाई कर्मचारी अंकित, अनिल, संजय, सचिन कुमार, अजय कुमार, विनोद कुमार, अर्जुन, सूरज, रामा शामिल रहे। कार्यक्रम में सभासद सुरेंद्र कुमार, आफताब आलम, शहंशाह, वीरेंद्र कुमार, परमजीत, सिराज, धर्मेंद्र गुप्ता, सुनील कुमार, संतोष कुमार गुप्ता, शासकीय सभासद मुरारी कटेरिया, राकेश कुशवाहा, शिवम राज वर्मा, कमल दुबे, चंदन चौरसिया सहित समस्त पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोजीपुर के मजरा महुअन नगला में तालाब का पानी सड़क पर भरने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गंदा पानी और कीचड़ जमा होने से स्कूली बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे रोजाना गंदे पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे कपड़े खराब हो जाते हैं। बाइक और साइकिल सवार भी आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। राम बहादुर शाक्य के घर के सामने जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सड़क के दोनों ओर नाला बनवाने, नालियों की सफाई कराने और सड़क को ऊंचा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से समस्या बनी हुई है। गंदा पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। हरेन्द्र सिंह शाक्य, मुंशी लाल शाक्य, अनिल कुमार शाक्य समेत ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की।

## समधन नगर पंचायत में श्रद्धा से मनाई गांधी-शास्त्री जयंती



**ध्वजारोहण कर महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

**समृद्धि न्यूज, समधन।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत समधन कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण के बाद महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष असमा बेगम, अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता, समस्त सम्मानित सभासदगण एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महान विभूतियों के आदर्श हम सभी को जनसेवा, स्वच्छता, सद्भाव एवं राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में दोनों महान विभूतियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बुलंद होगी आवाज

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश में शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश ने अपनी ताकत बढ़ा दी है। महासंघ के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन 4 अक्टूबर 2026, रविवार को प्रातः 11 बजे रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में होने जा रहा है। प्रदेश के बड़े नेता करेंगे उद्घाटन, 3 अक्टूबर को होंगे रवाना कार्यालय का उद्घाटन महासंघ के दो सबसे बड़े प्रदेश स्तरीय नेताओं के द्वारा किया जाएगा। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला एवं प्रदेश महामंत्री अवधेश कुमार मिश्र 3 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर के लिए रवाना होंगे और 4 अक्टूबर को विधिवत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करेंगे। प्रदेश नेतृत्व के आने की खबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में भारी उत्साह है। शिक्षक और शिक्षणेत्तर शक्ति हमारी पहचान महासंघ ने भारत जय शिक्षक जय के नारे के साथ संकल्प लिया है कि और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए समर्पित, शिक्षक और शिक्षणेत्तर शक्ति हमारी पहचान। महासंघ का कहना है कि यह कार्यालय सिर्फ एक कार्यालय नहीं, बल्कि जी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बनेगा आवाज। यहां शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए नेतृत्व एवं संगठन निर्माण के संकल्प के साथ कार्य किया जाएगा।

# सिमरापुर में घर में घुसकर नकदी व जेवर उठा ले गए चोर

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।



ब्लॉक क्षेत्र के जलालपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत सिमरापुर गांव में बृहस्पतिवार रात चोरों ने घर में घुसकर नकदी और जेवर चोरी कर लिए। सुबह कमरे में सामान बिखरा देखकर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सिमरापुर निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र ओमकार के मुताबिक, रात में परिजन बरामदे और बाहरी कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्सों को खंगाल डाला। सुबह जब परिजन कमरे में पहुंचे तो सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। जांच करने पर जेवर और नकदी गायब मिली। परिजनों के अनुसार चोर करीब 16 हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने का हार, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी और सोने की जंजीर ले गए हैं। चोरी की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और जलालपुर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए जांच शुरू कर दी है।

# पुष्पांजलि संग निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज, समधन।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बाबू जगेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज, तेराजाकेट में शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। जयंती समारोह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, त्याग और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। निदेशक नवनीत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को देश के महान व्यक्तित्वों के जीवन और विचारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उपप्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह एवं ओमेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सत्य, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रहित को जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अवनीश पाल, विकास, ओमेंद्र, समीर, दुर्गेश, मनीष, अमन सरनाम, रंजीत, स्वाती, सौम्या, श्रुति, प्रियंका, प्रीति सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सार्वजनिक सूचना

कन्नौज जनपद के लिए ECCE Educator एवं अन्य पदों हेतु चयन प्रक्रिया के संबंध में जनपद कन्नौज में ECCE Educator एवं अन्य पदों हेतु सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रथम रैंडमाइजेशन सूची के क्रम में चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की परीक्षा आयोजित किया जाना निर्धारित है। अतः प्रथम रैंडमाइजेशन सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 04 अक्टूबर 2026 (रविवार) को निम्न स्थान पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हों-

दिनांक: 04-10-2026

स्थान: के.के. इण्टर कॉलेज, ग्वाल मैदान, जनपद कन्नौज समय: प्रातः 11:00 बजे समस्त अभ्यर्थी अपने साथ एक वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड/अन्य मान्य Id proof) की मूल प्रति एवं छाया प्रति तथा आवश्यक शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां एवं दो नवीनतम फोटोग्राफ लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**नोट: निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी की अनुपस्थिति के लिए संस्था/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।**

**आदेशानुसार**
**ट्रोमसो सर्विसेज प्रा.लि.**
**मानिक मोती कॉम्प्लेक्स, हुसैनगंज, लखनऊ।**

# विद्यालय के किचन का जंगला तोड़ दो सिलेंडर चोरी

**पहले भी विद्यालय में तीन बार हो चुकी है चोरी, प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दी तहरीर**

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।


विद्यालय में घटना की जानकारी लेती पुलिस व मौजूद ग्रामीण

ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां में चोरों ने गुरुवार रात रसोईघर के रोशनदान का जंगला तोड़कर अंदर रखे दो गैस सिलेंडर चोरी कर लिए।

शुक्रवार सुबह विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने बताया कि सुबह विद्यालय पहुंचने पर रसोईघर का जंगला उखड़ा मिला। अंदर रखे दोनों गैस सिलेंडर भी गायब थे। उन्होंने तत्काल जलालपुर पनवारा चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने घटनास्थल की जांच- पड़ताल की। प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय में इससे पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है। 31 दिसंबर 2022, 10 मई 2023 और चार अप्रैल 2025 को चोर विद्यालय को निशाना बना चुके हैं। प्रधानाध्यापक ने जलालपुर पनवारा चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनएकता वेलफेयर समिति ने मनाई महात्मा गांधी जयंती

**तिर्वा, कन्नौज।** शुक्रवार को जन एकता वेलफेयर समिति प्रांतीय मुख्य कार्यालय तिर्वा पर डाक्टर सदाकत हुसैन ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को मनाया। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुऐ समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष डाक्टर सदाकत हुसैन ने कहा कि आजादी के लिये महात्मा गांधी अकेले चले लोग जुड़ते गये आखिर कारवाँ बना और अंग्रेजो से आजादी मिली इसलिए किसी भी समिति या दल की मुख्य ताकत संगठन होती है। हम सबको एकता को ही अपनाना होगा तभी हम सब देश के प्रति जागरूक लोगों को लेकर साथ चलना चाहिए क्योंकि अब देश के युवा रोज़गार चाहते है हम अमन पसन्द अमन चैन की ही कामना करते है आप ईमानदारी एवं जायज सभी जन मुद्दों पर जोरदार आवाज उठाएंगे।

# गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज, कन्नौज।



विद्यालय गोमती देवी आ.इ.का. के प्रांगण में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। विद्यालय प्रबन्धक विजय मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। प्रबन्धक ने छात्र-छात्राओं को गांधी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण देते हुए सामान्य स्थिति से उठकर प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुँचने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं के उद्बोधन में गांधी जी के सत्य, अहिंसा, परोपकार और सत्याग्रह पर चलकर देश को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराने का संदेश भी प्रबन्धक ने दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह ने भी अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की सेवा करने का संदेश दिया। कन्नौज की पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमती उषा दुबे ने विशेष रूप से छात्राओं को शिक्षित होकर देश की सेवा करने का उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था।

इस मौके पर एडवोकेट राजेन्द्र बाबू द्विवेदी, पीयूष चतुर्वेदी, विद्यालय के शिक्षक सतीश चन्द्र, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, कमलेश कुमार, राजेश सिंह, माधव राम त्रिपाठी, शिव कुमार वर्मा, धीरज मिश्रा, मो0 आरिफ, ध्रुव त्रिपाठी, पवन यादव, बीनू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।





# गंगापार में बाढ़ का कहर, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने दी दो नावें

**नाव मिलने से ग्रामीणों को मिलेगी राहत**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

गंगापार क्षेत्र में बाढ़ के पानी से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए समाजवादी पार्टी के नि0 प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ग्रामीणों की मदद के लिए आगे आए हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने 193 अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिथनापुर के मजरा बजीरपुर के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए एक नाव सौंपी। नाव मिलने से ग्रामीणों को जलभराव के बीच आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान मुंशी प्रेमचंद्र कोटेदार, गुड्डू राजपूत, रामरूप राजपूत, ठाकुर रवेंद्र सिंह परमार, डॉ. समरपाल राजपूत, डॉ. यादराम राजपूत, लक्ष्मण और अरविंद कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। इसके पश्चात डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ग्राम पंचायत बेचें पट्टी कोला सोता के ग्रामीणों से बाढ़ के कारण आ रही समस्याओं पर चर्चा की और वहां के निवासियों को भी आवागमन हेतु एक नाव भेंट की। इस मौके पर धनपाल कश्यप, अरविंद कश्यप, पिंकू कश्यप, रामबरन कश्यप, कल्लू कश्यप, मनीराम कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बाढ़ की इस आपदा में वे ग्रामीणों के साथ खड़े हैं और क्षेत्र में हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास जारी रखेंगे।



ग्रामीणों को नाव सौंपते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

## प्रेमी युगल ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी किशोरी व युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को कायमगंज सीएचसी में लेकर आए।

जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं किशोरी ने बताया की वह बचपन से ही वह अपने मामा के यहाँ रहती है। मामा और नाना को प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर पिटाई करते थे।

प्रेमी और प्रेमिका ने गाँव के बाहर बाग में गए वहां दोनों ने एक दूसरे को मंगल सूत्र पहनाने और मांग भरने की बात बताई। इसके बाद दोनों ने जहरीला कीटनाशक पी लिया।

# गांधी जयन्ती पर आर्मी पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती को धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने दीपप्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। स्वच्छता पखवारे के अन्तिम दिन विद्यालय के स्काउट गाइड, 12 यूपी बटालियन और 4 यूपी बटालियन के एनसीसी कैडिट्स ने विद्यालय परिसर में 50 पौधे लगाये। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाना चाहिए। स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी मां के नाम से एक पौधे को लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने और अपने सम्बन्धियों के जन्म दिन या अन्य स्मरणीय अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगायें। स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत आवश्यक है। महापुरुषों के आदर्शों से हमें सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी, स्मिता बोस, डॉ. राजेश पाण्डेय, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, चञ्चल शर्मा, अनुराधा मुखर्जी, राधामोहन तिवारी, नविता नागपाल, सर्वेश कुमार मिश्र, अनुपम उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते शिक्षक व छात्र

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

श्यामनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ हुआ। वरिष्ठ आचार्य अशोक सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। आचार्य परिवार व कर्मचारी बंधुओं ने राष्ट्रगान गाया तथा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्य वक्ता अशोक सिंह ने आचार्य कहा कि महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत और शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन व जय जवान, जय किसान का नारा आज भी संपूर्ण राष्ट्र को दिशा दिखाने का कार्य करता है। संचालन आचार्य सुशील शुक्ला ने किया। व्यवस्था प्रमुख चंदन लाल मिश्रा ने उपस्थित सभी आचार्यों, कर्मचारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त आचार्य, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद नर्सिंग कालेज में गांधी के आदर्शों का किया गया स्मरण



कार्यक्रम में मौजूद डायरेक्टर व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ़नर्सिंग में गांधी जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कॉलेज के नर्सिंग छात्र–छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने छात्र–छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों के साथ मिलकर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति एवं मानवता के आदर्शों का स्मरण किया। चेयरमैन अनुराग दुबे ने सभी को महात्मा गांधी के महान आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सभी को सत्य, शांति, अहिंसा एवं समाज के प्रति नि:स्वार्थ सेवा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# विकासखंड व नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विकासखंड कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकासखंड कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने अपने साथी कर्मचारियों के साथ विधिवत ध्वजारोहण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और देश में शांति व एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों में मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी राधेश्याम, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, लिपिक राज भारती, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, मनरेगा एपीओ गौरव दिवाकर, विनीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अधिकारी प्रमोद कुमार, लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ व अन्य

## खबरें एक नजर में

### केडी बालिका डिग्री कॉलेज में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज आवास विकास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित, ईमानदारी, सादगी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन महान नेताओं का जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी है और हमें उनके आदर्शों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### निषाद पार्टी ने गांधी व शास्त्री जयंती पर नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बढ़पुर स्थित एक परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास मनाई गई। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप की देखरेख में संपन्न हुआ। तहसील सदर कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह, अनुराग तिवारी, जनार्दन दत्त राजपूत, रीना कश्यप, ओम बाबू मास्टर, ऋषभ मिश्र, राहुल कन्नौजिया, जितेन्द्र कन्नौजिया, रूपेश गुप्ता, अमरनाथ, बाबूराम, प्रदीप सक्सेना, आरके पाल, हृदयेश यादव, राजकपूर, राजेश बाथम, अजीत बाथम, धर्मेन्द्र कश्यप, पवन सम्राट, श्याम, देवेन्द्र, दुर्गेश कश्यप मौजूद रहे। संचालन संजीव बाथम ने किया।

### महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में मनी गांधी व शास्त्री जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल प्रबंधक महेश चंद्र सिंह ने ध्वजारोहण कर की। ध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति के जयघोष से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन एवं उच्च विचारों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ मौजूद रहा।

# बघार नाले में मछली पकड़ते समय छात्र की डूबने से मौत

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दमोह नगरिया में अपने साथी बच्चों के साथ बघार नाले में मछली पकड़ने गए 14 वर्षीय छात्र की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। खबर मिलते ही छात्र के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नगला दमोह नगरिया निवासी रजनीश कुमार बाल्मीकि का 14 वर्षीय पुत्र शेखर अपने दोस्तों के साथ बघार नाले के पास खेलने गया था। इसी दौरान बच्चे नाले में मछली पकड़ने लगे। नाले में पानी का बहाव और गहराई अधिक होने के कारण शेखर अनजाने में गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। शेखर को डूबता देख साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाना और चीखना-पुकारना शुरू कर दिया। बच्चों की आवाज सुनकर कुतुबुद्दीनपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार सैकड़ों ग्रामीणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद छात्र को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने तुरंत घटना की सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हलका इंचार्ज दरोगा और कांस्टेबल नंदलाल मौके पर पहुंचे। परिजन तत्काल छात्र को निजी वाहन से सीएचसी ले गए, जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर मृतक की मां सोनी देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



जांच पड़ताल करती पुलिस व मृतक का फाइल फोटो

# प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



गांधी व शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी देने के साथ हुआ। प्रधानाध्यापक ने साथी शिक्षकों और बच्चों के साथ मिलकर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। छात्र–छात्राओं को दोनों महापुरुषों के सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्शों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटिहार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर मौजूद रहे।

# माय भारत के तत्वावधान में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

**गांधी के अहिंसा के संदेश और शास्त्री की ईमानदारी को आज भी प्रासंगिक बताया**

कमालगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में माय भारत संगठन के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान प्रदीप आर्य ने की। संस्था की ओर से साधना राजपूत ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गांधी के अहिंसा के संदेश और शास्त्री की ईमानदारी को आज भी प्रासंगिक बताया।

आचार्य संदीप आर्य ने शास्त्री के जय जवान, जय किसान के नारे को याद करते हुए कहा कि महानता के लिए वैभव नहीं, बल्कि चरित्र और त्याग की आवश्यकता होती है। साहिल कुमार, अभय सिंह, एमडीएस लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुमित राजपूत, मंजेश यादव, रोशन, अमित, अतुल यादव, प्रांशु, धीरेन्द्र, योगेश, सुरभि दीक्षित, काजल, अजरा, प्रिया कुशवाहा, रितुल मुस्कान आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

**सांसद ने विद्यार्थियों व सफाई मित्रों को किया सम्मानित**

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका परिषद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पर सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत मौजूद रहे, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. सुरभि तथा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा, चेयरमैन डॉ. शरद गंगवार रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार दुबे, ब्लॉक प्रमुख समशाबाद प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत, ऋषिपाल शशिवाल, महेंद्र राजपूत और अमरदीप दीक्षित मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में उपजिलाधिकारी कायमगंज अभिषेक वर्मा तथा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र उपस्थित रहे। संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे ने किया, जबकि ईओ डॉ. लव कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा व विधायक डॉ. सुरभि ने विचार व्यक्त किए। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प सफाई मित्रों का सम्मान करना है और आज हम उसी संकल्प को दोहरा रहे हैं। नगर पालिका में कार्यरत सभी सफाई मित्रों को अंगवस्त्र, माला, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। जन-जागरूकता में योगदान के लिए मां गायत्री विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल आजाद, लेखाकार विजय सिंह, नीरज गुप्ता, धर्मेंद्र, अरशद, सौरभ मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र व अतिथिगण

# 30 साल से फरार चल रहा शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना जहानगंज पुलिस ने 30 वर्षों से फरार चल रहे एक मफरूर (भगोड़े) अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम रामवीर पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम बहवलपुर, फरीदा पेंढत थाना ऐका जनपद फिरोजाबाद है। 1 सितंबर 1996 को जहांगीरपुर निवासी वादी मोहम्मद फयाज खाँ पुत्र नियाज खाँ ने थाना जहानगंज पर तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे 10,500 की नकदी और एक घड़ी लूट ली थी। तहरीर के आधार पर थाना जहानगंज में धारा 392 के तहत नाहिद खाँ तथा 2 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त रामवीर का नाम प्रकाश में आया था। 30 वर्षों तक पुलिस और अदालत को छकाता आरोपी रहा। नाम प्रकाश में आने के बाद से ही आरोपी रामवीर गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने संभावित ठिकानों से फरार चल रहा था। पुलिस की लगातार दबिश के बावजूद न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसके खिलाफ धारा 82 व 83 उद्घोषणा एवं कुर्की की विधिक कार्रवाई की गई। 04 नवंबर 2023 न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 299 द0प्र0स0 के तहत औपचारिक रूप से मफरूर भगोड़ा घोषित किया गया। 05 नवंबर 2024 विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र ने अभियुक्त रामवीर के विरुद्ध स्थायी गैर-जमानतीय वारंट जारी कर पुलिस को त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। 02 अक्टूबर को थाना जहानगंज पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी रामवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह वर्ष 1996 की लूट की घटना में शामिल था और पिछले 30 सालों से पुलिस व अदालत से छिपकर रह रहा था। उसने बताया कि वह अपनी सफाई अब अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत करेगा।



घटना का खुलासा करते एएसपी

# आतिशबाजी दुकानों पर एसडीएम व सीओ ने मारा छापा

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

दीपावली पर्व से पूर्व आतिशबाजी दुकानों पर किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए कायमगंज प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। हाल ही में हुई एक घटना को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ लाइसेंसी आतिशबाजी दुकानों की जांच करने निकले। जांच टीम सबसे पहले ग्राम मझोला स्थित संजीव यादव की आतिशबाजी की दुकान पर पहुंची। मौके पर दुकान में काम बंद पाया गया। इस पर उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों को पूर्ण किए बिना किसी भी हाल में काम शुरू न किया जाए। सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किये गये है। आपात स्थिति से निपटने के लिए दुकान परिसर में पानी और बालू का पर्याप्त इंतजाम हर समय रहना चाहिए। आग बुझाने वाले उपकरण फायर एक्सटिंग्विशर हमेशा चालू और दुरुस्त हालत में रखे जाएं। भवन या दुकान के जो हिस्से जर्जर स्थिति में हैं, उनका तत्काल प्लास्टर कराकर सुदृढ़ीकरण किया जाए। किसी भी प्रकार के अवैध दैमार का निर्माण या भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी दुकान पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जांच-पड़ताल करते एसडीएम व सीओ

## विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान में कार्यक्रम आयोजित

**फर्रुखाबाद।** श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर अपने विचार साझा किए। छात्रा सपना ने कहा कि गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने के लिए प्रेरणादायक हैं। वहीं, छात्र आयुष द्विवेदी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन और देश के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों को केवल याद करना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में अपनाना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में संस्थान की स्टाफ सदस्य फाल्गुनी एवं सुपर्णा मिश्रा, राधारमण शुक्ला सहित छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

# रखा बालिका इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाई गई गांधी जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



गांधी जयंती मनाती शिक्षिकाएं व छात्राएं

रखा बालिका इंटर कॉलेज में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

30 सितंबर को विद्यालय में पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक जज ने छात्राओं को पाक्सो एक्ट के प्रावधानों, बाल सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। 1 अक्टूबर को पास्को एक्ट से संबंधित पेंटिंग, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा कुमारी संतोषी ने प्रथम, कक्षा 9 की छात्रा अंजलि ने द्वितीय तथा कक्षा 10 की छात्रा मनु दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा कुमारी आयशा ने प्रथम, कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय तथा कक्षा 9 की छात्रा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अपने भाषणों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल सुरक्षा एवं जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ0 नीतू मसीह ने झंडा रोहण के बाद सत्य अहिंसा की शपथ, स्वच्छता की शपथ, नशा मुक्ति की शपथ तत्पश्चात महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य डॉ0 नीतू मसीह के नेतृत्व में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। छात्राओं ने सामूहिक रूप से रामधुन भी प्रस्तुत की। छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने स्वच्छता की शपथ भी ली। संचालन भावना लाल ने किया। इस अवसर पर कुमारी वीना एडवर्ड, सहायक अध्यापिका नीतिका सनी, सहायक अध्यापिका नेहा मिश्रा, सहायक अध्यापिका कुमारी ममता, पोर्शिया पॉल, कुमारी पूजा, कुमारी लक्ष्मी उपस्थित रहीं।

## गांधी जयंती पर एमआईसी के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर के नेतृत्व में 50 एनसीसी कैडेट्स एवं लगभग 500 विद्यार्थियों ने स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से पुलिस लाइन तक प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी का शुभारंभ जिला न्यायाधीश ने किया। विद्यार्थियों के हाथों में महापुरुषों के आदर्शों एवं राष्ट्रीय एकता से संबंधित तख्तियां थीं। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स का उत्साह और अनुशासन देखने योग्य रहा। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल रैली का आयोजन किया। विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं शपथ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिक्षक अशोक कटेरिया, विश्व प्रकाश सहित अन्य वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने कहा कि प्रतिवर्ष लगभग 6 से 7 एनसीसी कैडेट्स भारतीय सेना में भर्ती होकर देशसेवा करते हैं। उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों से लगातार विद्यालय के विद्यार्थियों का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन होना विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि है। संचालन डॉ0 दिनेश चन्द्रा सहायक अध्यापक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अशोक कटेरिया, प्रदीप जायसवाल, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, अनिल सिंह, निरुक्त मिश्रा उपस्थित रहे।



प्रभात फेरी में भाग लेते डीआईओएस व अन्य

## सेवा यात्रियों पर पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

बांगरमऊ, उन्नाव। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुजरात वड़नगर से वाराणसी जाने वाली यात्रा के बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर बिल्हौर मार्ग गंगा नदी पुल पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सेवा यात्रियों पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। सेवा संकल्प यात्रियों का बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ पुल, भुड्डा चौराहा,बेरियागाड़ा, मदारनगर,कल्याणी नदी पुल, नानामऊ रोड चौराहा हरदोई उन्नाव रोड पर कार्यकर्ताओं व आम जनमानस ने जेसीबी से पुष्प वर्षा करके जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की भीड़ से उनके उत्साह का अंदाजा लगाया जा सकता था। ग्राम बेरियागाड़ा में आयोजित लाभार्थी संवाद में सेवा यात्रा में चल रहे यात्रियों ने वहाँ पर मौजूद लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं की हकीकत जानी।

# जनतंत्र क्रान्तिकारी मोर्चा ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

▸ सांसद मुकेश राजपूत भी हुए शामिल

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

स्वराज आश्रम खादी भवन रेलवे रोड में जनतन्त्र क्रान्तिकारी मोर्चा एवं अन्य नागरिकों ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम में लोगों ने ध्वजारोहण व झण्डा अभिवादन के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का सस्वर गायन किया।

महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित किया गया। मिष्ठान वितरण किया गया और गांधी के प्रिय भजनों रघुपति राघव राजाराम एवं वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे का सामूहिक सस्वर पाठ हुआ। सांसद मुकेश राजपूत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द राजपूत कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने भी महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर भजन पाठ में भाग लिया। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय संस्थापक व अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्र, संजय गुप्ता, पृथ्वी नारायण, रामलगन यादव, राम नारायण मिश्र, शेर सिंह यादव, नरेन्द्र कुमार, श्याम सुन्दर शर्मा, रामचन्द्र सिंह, दिनेश शर्मा, डॉ0 मोहम्मद हुदा हसन उपस्थित रहे।



सामूहिक गान में भाग लेते लोग

## सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय में मनाई गयी गाँधी जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनोआ में सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 157वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने ध्वजारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया। गाँधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक विचार है। गाँधी जी का संपूर्ण जीवन सेवा, सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन का प्रतीक है। रोवर्स-रेंजर्स एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रकोष्ठ के छात्र-छात्राओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ ली तथा स्वच्छता ही सेवा है विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं पुष्पेंद्र, मयंक, अभय, आकांक्षा, अमित, प्रज्ञा, अंकित, सलोनी, शालिनी, मोनी, नेहा, भूमि, तनिष्का, अनुष्का, आकृति, सौम्या, सोनाली की भूमिका रही।



झण्डा रोहण करती प्राचार्या कल्पना सिंह

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में मनी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल एवं प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगीत शिक्षिका अर्चिसा श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत रघुपति राघव राजा राम ने कार्यक्रम को भावपूर्ण ऊँचाई प्रदान की। अध्यापक दुर्लभ शुक्ला एवं पंकज सिंह ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं राष्ट्रसेवा के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डा. लकी चावला ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, उनकी सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं देश के प्रति अद्वितीय समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में सत्य, अनुशासन, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रप्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल व उप-प्रधानाचार्या डॉ. अंजू सिंह ने ने भी विचार रखे। अध्यापिका प्रभा मिश्रा आभार व्यक्त किया।




झण्डारोहण के दौरान मौजूद प्रबंधक व प्राधानाचार्य

## खबरें एक नजर में

### सौहार्द व भाईचारे के लिए सद्भावना सम्मेलन 4 को



बैठक में मौजूद डॉ. रामकृष्ण व अन्य

फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शहर में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से सद्भावना मंच फरुखाबाद द्वारा एक सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में आयोजित होगा। पल्ला स्थित डॉ. रामकृष्ण राजपूत के निवास पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न धर्मों, भाषाओं, खान-पान और पूजा-पद्धतियों की विविधता के बावजूद आपसी विश्वास, भाईचारे और अनेकता में एकता की विरासत पर खड़ा है, लेकिन हाल के वर्षों में अवसरवादिता, नफरत और भय की राजनीति के कारण सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और अविश्वास बढ़ा है, जिससे सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में, समाज को नफरत और ध्रुवीकरण के प्रभाव से बचाने तथा शहरों, कस्बों, गांवों और मोहल्लों के स्तर पर आपसी प्रेम व सहयोग बहाल करने के लिए सद्भावना मंच के गठन की पहल की जा रही है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

### प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मनाई गई गांधी जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में गांधी जयंती के अवसर पर स्कूल स्टाफके साथ बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। विद्यालय प्रांगण में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। आकाश पाल ने बापूजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। योगेन्द्र कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय की घटनाओं पर बताया। इस अवसर पर स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कमलेश राजपूत, मेमवती, आशा, उमा उपस्थित रहे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को कमरे में किया बंद

बांगरमऊ,उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर खालसा निवासी विवाहिता ने दहेज में पल्सर बाइक, एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने विवाहिता को कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस की मदद से उसे बाहर निकलवाया। मामले में पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर खालसा निवासी सरिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 10 मई 2025 को क्षेत्र के ही ग्राम दारापुर निवासी खुशीराम के साथ हुई थी। शादी में पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान - दहेज दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग पल्सर बाइक, एक लाख रुपये नकद और एक तोला सोने की जंजीर की मांग करने लगे। उनकी मांग पूरी न होने पर ससुराली जन उसे गाली - गलौज और प्रताडित करने लगे स पीड़ित सरिता के अनुसार 29 सितंबर को पति खुशीराम, ससुर राम खेलावन और सास कमला समेत अन्य लोगों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट में जब वह बेहोश हो गईऔर होश में आने के बाद उसने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। उसका आरोप है कि इसके बाद उसे कमरे में बंद कर ताला लगा दिया गया। सूचना मिलने पर पिता 112 नंबर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और उसे किसी तरह बाहर निकलवाया। विवाहिता ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती जनपद में समारोहपूर्वक मनायी गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगे को सलामी ली और राष्ट्रगान गाया गया।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई, साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी का राष्ट्र निर्माण में योगदान अतुल्यनीय है, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि उनके द्वारा किए गए कार्यो और आदर्शों को नागरिकों तक पहुंचाना, हम सबका दायित्व है कि राष्ट्र निर्माण में अपनीदृअपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए योगदान दे। हम सबको नकारात्मक सोचों में कैसे सुधार कर सकते है का चिंतन करना चाहिए कि इसमें कैसे सुधार कर सकते है और सकारात्मक कार्यो/सिद्धांतों से प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब जो कार्य करते है तो अपनेदृअपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करते हुए अपने से संबंधित अपने पटल पर कोई भी पत्रावली लंबित न रखे यह योगदान भी फ्तेहपुर को आगे ले जाने में मददगार साबित होगा। हमे दोनों महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व से कुछ न कुछ हर पल सीखना चाहिए, हमे विचार अवश्य करना चाहिए कि हम अपने कार्य के प्रति कितना निष्ठावान है और क्या कार्य कर रहे है, के प्रति विचार अवश्य करें।

## जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

बांगरमऊ,उन्नाव। नगर एवं क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और सार्वजनिक स्थलों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन, संघर्ष और विचारों को याद किया गया। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ दिग्विजय नरायन, डॉ सविता राजन राष्ट्रपिता गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर प्राचार्य द्वारा माल्यार्पण प्राध्यापक,कर्मचारी व छात्र छात्राओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसी क्रम में क्षेत्र के रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# 57 यूपी बटालियन के तत्वावधान में कैंप आयोजित



समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

शुक्रवार को कैंप का प्रारंभ स्वच्छता अभियान के साथ की गई इस दौरान सभी कैडेट्स ने स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत लिविंग एरिया ,ग्राउंड एरिया , मेस एरिया फायर रेंज मैं साफ सफाई किया और कूड़े के ढेर को निर्धारित जगह पर डाल करके स्वछता के प्रति जागरूकता फैलाई। प्रातः पर अल्फा कंपनी के द्वारा अनपढ़ नेता, ब्रैवो कंपनी के द्वारा लोगों की सोच,चार्ली कंपनी के द्वारा स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता ,और डेल्टा कंपनी के द्वारा स्वच्छता अभियान से होने वाले फायदे, विषयों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में स्वच्छता जागरूकता के प्रति संदेश देने का काम किया दोपहर की सेंट्रल क्लास में अग्निशमन केंद्र मीरपुर कैंट से आए हुए कांस्टेबल आदित्य पाठक और अजीत पटेल ने कैडेट को आग से बचाव के तरीके बताएं।

# डीएम ने चरखा चलाकर दिया आत्मनिर्भरता का सन्देश

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

ग्राम सेवा संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने चरखा चलाकर स्वदेशी व आत्मनिर्भरता का संन्देश दिया साथ ही खादी के उत्पादित वस्तुओं एवं ग्रामोद्योगिक वस्तुओं का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने ग्रामोद्योग संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उनके कार्यो को जाना और खादी ग्रामोद्योग को कैसे बढ़ाया जाय कि भी चर्चा की। मैं खादी के प्रति समर्थन अभियान में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं संस्था के अध्यक्ष, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी फ्तेहपुर, वरिष्ठ सहायक सहित संबंधित उपस्थित रहे।



# महापुरुषों की जयंती मनाकर कांग्रेस ने निकाला मार्च

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



आज कांग्रेसियों ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री व स्वर्गीय मसूरिया दीन पासी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमाओं में जाकर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी के साथ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में चुनाव आयोग के विरुद्ध मार्च भी निकाला कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने तीनों महापुरुषों को देश के सच्चे नायक बताते हुए कहा कि अगर हम उनके आदर्शों का अक्षर्षतःपालन करलें तो निश्चित ही विश्व में अग्रणी होंगे परंतु आज की ओछी राजनीति ने उन्हें भी नहीं बख्शा आगे उन्होंने कहा कि मसूरिया दीन पासी ने पासी समाज पर लगे जरायम पेशा कानून को हटवा कर अपने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी निभाई जो सराहनीय कार्य रहा। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि आज हम जिस मुकाम में खड़े हैं वो महात्मा गांधी जी की त्याग और तपस्या का परिणाम है साथ ही स्वर्गीय शास्त्री जी की बेदाग ईमानदार नीति भी हमें विश्व में गौरवान्वित करती है इसी के साथ उन्होंने मसूरिया दीन पासी जी की देश के स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए संघर्ष की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता संतोष कुमारी शुक्ला, कलीम उल्ला सिद्दीकी, राजीव लोचन निषाद, आदित्य श्रीवास्तव, अरुण जायसवाल, बसीर अहमद, राम नरेश महराज, शमशाद, मो. हफीज, सहाब अली, अजय कुमार बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, आनन्द सिंह गौतम, ओम प्रकाश कोरी, निजामुद्दीन, इंद्रजीत लोधी, मिसबाहुल, चौधरी मोइन राइन, अब्दुल रज्जाक, राशिद सिद्दीकी, अमीरउज्जमा खां, मो. रमजान, शेर आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धासुमन सम्मान के साथ मनायी गयी गांधी व शास्त्री की जयंती

उन्नाव। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी जी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विधेस अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कहकशा अंजुम जी उपस्थित उप जिलाधिकारी गण ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के अवसर पर महात्मा गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए व रघुपति राघव राजा राम का गायन मधुर तम धुन में हारमोनियम और ढोलक के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करने से पूर्व जिलाधिकारी ने उपस्थित जनों को गांधी जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं मानव सेवा के विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में व्यापारियों ने मनाया 'नो यूपीआई डे'



कानपुर। 2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर आगामी 15 अक्टूबर से प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी के विरोध में व्यापारियों ने गांधी जयंती पर 'नो यूपीआई डे' मनाया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने और प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता के नेतृत्व में सागर मार्केट, केनाल रोड के बाहर 'व्यापारियों की आवाज सुनो सत्याग्रह' के तहत धरना-प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों ने नगाड़ा-डमरू बजाकर विरोध जताया और यूपीआई से भुगतान स्वीकार नहीं किया। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि एमडीआर शुल्क और जीएसटी से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी, जबकि अनरजिस्टर्ड व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने सरकार से प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग की। संगठन से जुड़े प्रदेश के अन्य जिलों में भी व्यापारियों ने 'नो यूपीआई डे' मनाया।

# गांधी जयंती पर दौड़े युवा, गांव में गूंजा स्वच्छता का संदेश

समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।

गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर क्षेत्र में युवा जोश और सामाजिक सरोकार का संगम देखने को मिला। एसबीआई ग्राम सेवा प्रोजेक्ट के तहत आरोह फाउंडेशन एवं एसबीआई फाउंडेशन की ओर से मैराथन दौड़, स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवाओं ने दौड़ के माध्यम से अनुशासन और फिटनेस का संदेश दिया, वहीं ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता की अलख जगाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक भरावन परिसर से मैराथन दौड़ के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने ब्लॉक से अतरौली चौराहे तक दौड़ लगाई और वापस ब्लॉक परिसर पहुंचे। करीब एक किलोमीटर की इस प्रतियोगिता में यूथ ट्रेनिंग सेंटर के 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

मैराथन में संदीप कुमार ने प्रथम, लवकुश ने द्वितीय और नागेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दुर्गा चौथे, शशि पांचवें, अजय राजपूत छठे, इमरान सातवें, अभय सैनी आठवें, नरेंद्र कुमार नौवें और प्रदीप कुमार दसवें स्थान पर रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी शीर्ष 10 धावकों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद महमदापुर गांव में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया गया। ङ्खञ्जष्ट विद्यार्थियों और फाउंडेशन की टीम ने गांव की गलियों एवं मोहल्लों में सफाई कर श्रमदान किया। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई।



# गांधी व शास्त्री जयंती पर पुलिस आयुक्त ने प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के महान आदर्शों को आत्मसात करने की शपथ दिलाई गई। सभी से पुलिस सेवा को जनसेवा का माध्यम मानते हुए नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा, अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया गया।




## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम भूलवश गुड़िया दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक एवं सही नाम राधिका यादव है। गुड़िया एवं राधिका यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री की पहचान उसके सही नाम राधिका यादव से ही की जाए।

**राम आधार यादव**
**पुत्र श्यामलाल,निवासी - अल्लीपुर, मजरा सोनिकपुर, भरावन, जिला हरदोई (उ.प्र.)**

# मंडलायुक्त ने गांधी जयंती पर किया ध्वजारोहण

**सोहावल तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी ने किया झंडारोहण**

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**





मण्डलायुक्त ने कार्यालय पर झंडा रोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने झंडारोहण कर गाँधी जी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। झंडारोहण होने के पश्चात् राष्ट्रगान हुआ, सोहावल तहसील के अधिकारियों ने किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया।

सोहावल तहसील परिसर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल ने झंडारोहण करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया।

इस अवसर पर सोहावल तहसील में आयोजित कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल के साथ तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, ना. तहसीलदार सुश्री रेशू जैन, लेखपाल संघ सोहावल अध्यक्ष सुशील कुमार, मंत्री तरुण मिश्रा, उपमंत्री शिवानी मालवीय, जिला मंत्री राहुल यादव, राजस्व निरीक्षक संघ जिलाध्यक्ष जयनारायण तिवारी, राजस्व निरीक्षकगणों में राम अभिलाख यादव, दिनेश मिश्रा, शोभाराम यादव, उदयराज, अनिल मौर्या, मो. इरफान, लेखपालों में प्रमुख रूप से दिनेश चौरसिया, बाबादीन, सूरज कुमार, सुरेश शर्मा, सचिन मिश्रा, गरिमा सिंह, पारुल सिंह, अंजली शुक्ला, अर्चना यादव, रोशनी गुप्ता, श्रद्धा तिवारी, गंगावती, संग्रह अमीनों में बद्री पाण्डेय, अंबिका प्रसाद, प्रदीप कुमार, नायब नाजिर अभिषेक यादव, राजस्व लिपिक दिनेश कुमार, मनमोहन तिवारी, शशांक शर्मा सहित समस्त तहसील स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर झंडारोहण होने के पश्चात् राष्ट्रगान हुआ, तत्पश्चात् राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया तथा रघुपति राघव राजाराम का भजन का आयोजन किया गया।

# मतदाता सूची पर सपा का संग्राम 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान का ऐलान

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**

**विस स्तर पर बैठक के बाद मुख्यालय से निकलेगा जन-आक्रोश मार्च**

मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सात दिवसीय 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' चलाने का ऐलान किया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव और महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सत्ताधारी दल के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बिना उचित आधार के वैध मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद 326 की भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटना गंभीर विषय है। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर मतदाता सूचियों की पड़ताल करेंगे और नाम काटे जाने की शिकायतों को सामने लाकर संबंधित स्तर पर आवाज उठाएंगे। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करेगी। अभियान के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय अभियान के तहत शुक्रवार से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके बाद जिला मुख्यालय पर विशाल जन-आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। पार्टी के अनुसार अभियान में विधायक और सांसद भी सड़क पर उतरकर भागीदारी करेंगे। नेताओं ने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखने और मतदान के अधिकार की रक्षा के मुद्दे पर पार्टी चरणबद्ध तरीके से अपना अभियान आगे बढ़ाएगी।

## खबरें एक नजर में

### जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष ने पद से दिया इस्तीफा

**अयोध्या।** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अरविंद कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. अरविंद कुमार ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डी.एस. मातोलिया को संबोधित इस्तीफे में डॉ अरविंद कुमार ने अपना व्यक्तिगत कारण दर्शाया है। इस संबंध में डॉक्टर मार्तोलिया का कहना है कि हमारे मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार का इस्तीफा हमें प्राप्त हुआ है, जिस पर शासन के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### गांधी जयंती पर मलिन बस्ती में लगाया झाड़ू

**अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि पूरी दुनिया ने गांधी के सत्याग्रह की बदौलत अपने अधिकारों एवं स्वतंत्रता के लिए लड़ना और अड़ना सीखा। उन्होंने कहा कि गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षितिज हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने गांधी के मूल्य से प्रेरित होकर स्वच्छता के मिशन को अपने की आवश्यकता जताई। पार्षद चंदन सिंह एवं ज्ञान केशरवानी, अपर आयुक्त डॉ.नागेंद्र नाथ ने संबोधित किया। इस मौके पर पार्षद जगत नारायण यादव, अनीता द्विवेदी, हरिश्चंद्र अग्रहरि, अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव समेत नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने गांधी के भजनों की प्रस्तुति दी। महापौर ने उन्हें सम्मानित किया। मलिन बस्ती रेतिया में स्वच्छता का अभियान चला कर गांधी को नमन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया।

### गांधी-शास्त्री के विचारों को करें आत्मसात: डॉ. राठी

**महाराजगंज।** जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज में गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने केयरटेकर अधिकारी डॉ. अपर्णा राठी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेट्स ने परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। डॉ. अपर्णा राठी ने कहा कि स्वच्छता महात्मा गांधी के जीवन और विचारों का महत्वपूर्ण हिस्सा थी तथा इसे व्यवहार में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में डॉ. धर्मवीर, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. शांति शरण मिश्रा, डॉ. शिवानंद सिंह, संतोष पटेल, सुनील तिवारी, सूरज प्रकाश, कृष्ण यादव सहित एनसीसी कैडेट्स एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर बालू घाट पर खोदाई



**चुनार( मिर्जापुर)।** नगर में दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को गंगा जी के रेट पर बालू घाट नगर पालिका परिषद चुनार के इओ विजय शंकर यादव के नेतृत्व में जेसीबी से गड्ढा की खुदाई किया जा रहा है जिसमें पानी भरकर मां दुर्गा का विसर्जन किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि बीते कई वर्षों से जरगो नदी में विसर्जन किया जाता था जिसमें गंदे नालों का भी पानी उसमें जाता था। स्थानीय नागरिकों की मांग पर सुविधा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था बालू घाट गंगा नदी के पास रेत पर तालाब जैसी व्यवस्था की जा रही है जिसमें मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन किया जा सके। इस दौरान उपस्थित सफ़ाई निरीक्षक लालमणि यादव लिपिक गौरव पांडे उपस्थित रहे।

### हलिया में गांधी-शास्त्री जयंती पर किया ध्वजारोहण व माल्यार्पण



**हलिया (मिर्जापुर)।** गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर हलिया में विभिन्न कार्यालयों में ध्वजारोहण व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों के साथ ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।इसी क्रम में रेंज कार्यालय पर रेंजर संतोष कुमार राय, पीएचसी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार, विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय,पशु चिकित्सालय पर डॉ. कमलेश कुमार, चकबंदी कार्यालय पर सहायक चकबंदी अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल एवं श्रवण कुमार प्रजापति ने ध्वजारोहण किया और महापुरुषों के विचारों को याद किया।इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में सचिव व प्रशासक ने ध्वजारोहण किया है इस दौरान एसआई श्याम लाल, घनश्याम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राधेश्याम, विनोद कुमार, मोहन लाल, आदि मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिस लाइन में समारोह आयोजित, पुलिसकर्मी सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन, महाराजगंज में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई।अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के आदर्श तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, निष्ठा एवं देशभक्ति की भावना आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पुलिस विभाग का दायित्व है कि इन आदर्शों को आत्मसात कर समाज में शांति, एकता एवं सद्भावना बनाए रखने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जनपद के सभी पुलिस थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। और ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन की शपथ लिया गया।

### गांधी व शास्त्री की जयंती पर सफाई मित्र सम्मानित



**महाराजगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद महाराजगंज में श्रद्धा पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके उपरांत नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद में 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा द्वारा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों के समर्पण, मेहनत एवं स्वच्छता के प्रति उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन से अभय कुमार गुप्ता, कार्यालय सहायक स्वच्छ भारत मिशन एवं कर्मचारी संघ अध्यक्ष ऋषभ दुबे, सभासद सिद्धार्थ नाथ शुक्ला, लाल जी गुप्ता, सदरे आलम, कैशियर कृष्ण मणि पटेल, इंद्रासन, आरिफ खान, विनोद गौतम व शकीउल्लाह आदि उपस्थित रहे।

### गांधी व शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारें बच्चे: डॉ. शांति शरण मिश्र

**महाराजगंज।** केरला पब्लिक स्कूल महाराजगंज में गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक संस्था सिटीजन फोरम के सचिव डॉ. शांति शरण मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।डॉ. शांति शरण मिश्र ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से दुनिया को नई राह दिखाई, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा का आदर्श प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए।उन्होंने बच्चों से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।

# स्कूल संचालक की करतूत कैमरे में कैद, शिक्षिका से संबंध का दबाव, विरोध पर नहर में फेंकने की धमकी

**रैन्वो लोरेटो एकेडमी के संचालक का घिनौना कृत्य उजागर**

कुशीनगर। जनपद मुख्यालय रविंद्रनगर धूस थाना क्षेत्र के एक रेन्बो लोरेटो एकेडमी स्कूल के संचालक दिनेश राय पर महिला शिक्षिका ने शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिक्षिका और संचालक के बीच हुई बातचीत का वीडियो भी वायरल हुआ है। शिक्षिका के तहरीर के मुताबिक संचालक ने पत्नी के बीमार होने की बात कहते हुए शिक्षिका से संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर हाथ पकड़ने और नहर में फेंकने की धमकी देने का आरोप है। महिला ने स्कूल की अन्य महिला शिक्षिकाओं के साथ भी कथित अभद्र व्यवहार किए जाने की बात कही है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। शिक्षिका की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक वह रविंद्रनगर धूस क्षेत्र के रैन्बो लोरेटो एकेडमी स्कूल में वाइस प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थी। आरोप है कि घटना से दो दिन पहले स्कूल संचालक दिनेश राय ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया था। महिला के विरोध और समझाने के बाद संचालक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दोबारा ऐसा नहीं करने की बात कही। लेकिन एक अक्टूबर को स्कूल में छुट्टी होने के बाद संचालक की घिनौनी हरकत वीडियो में कैद हो गयी। महिला के मुताबिक संचालक उसके पास आया और बातचीत के दौरान पत्नी के बीमार होने की बात कहते हुए उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो कथित तौर पर उसका हाथ पकड़ लिया और अभद्रता की। विरोध बढ़ने पर उसे धमकाया। तहरीर में महिला ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर संचालक दिनेश राय ने उसे धमकी दी कि ज्यादा बोलने पर जान से मारकर नहर में फेंक दिया जाएगा। इतना ही नहीं, महिला ने पुलिस को दी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल संचालक का व्यवहार केवल उसके साथ ही नहीं, बल्कि विद्यालय में काम करने वाली अन्य महिला शिक्षिकाओं के साथ भी आपत्तिजनक रहा है।

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम 31 तक

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने तथा आमजन, छात्र-छात्राओं एवं व्यापारियों को ऑनलाइन वित्तीय व डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल निर्देशन एवं नोडल अधिकारी (साइबर क्राइम थाना)/ अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद महराजगंज सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में एक व्यापक साइबर जागरूकता अभियान%का संचालन किया जा रहा है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले नए-नए तरीकों से अवगत कराना, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने अथवा फ्रॉड का प्रयास किए जाने पर तत्काल रिपोर्ट करने की प्रक्रिया से जोड़ना है।जागरुकता के क्रम मे विभिन्न संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समय-सारणी निर्धारित की गई है। इसके तहत जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, पुस्तकालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित तिथियों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर को देवलाली इण्टर कालेज, बासपार बैजौली, 05 अक्टूबर को श्रीमती अनार कली देवी कन्या इण्टर कालेज, राजपुर, श्यामदेउरवा, 6 अक्टूबर को विशप एकेडमी, कोतवाली महराजगंज 7 अक्टूबर.को पण्डित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पकड़ी भिटौली, 8 अक्टूबर को राजकीय जिला पुस्तकालय, कोतवाली महराजगंज,9 अक्टूबर को एन सी सी कैम्प, सिसवा बाजार, थाना कोठीभार, 12 अक्टूबर को आदर्श इण्टर कालेज, सिन्दुरिया,13 अक्टूबर को केएमसी मेडिकल कालेज, कोतवाली महराजगं14 अक्टूबर को व्यापार मण्डल अग्रवाल अतिथि भवन, कोतवाली महराजगंज, 15 अक्टूबर–पैरामाउण्ट स्कूल, सिसवामुंशी, भिटौली, 16 अक्टूबर ध्रुवनारायण महिला महाविद्यालय, हरिहरपुर सिन्दुरिया, 17 अक्टूबर को जवाहर नवोदय विद्यालय, कोतवाली महराजगंज तथा 19 अक्टूबर को सुभागी देवी इण्टर कालेज, पनियरा, मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जिला एवं सत्र न्यायालय में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई विशेष विधिक जागरूकता रैली**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी के निर्देशन में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विशेष विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न विद्यालयों में कला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल की कनक शर्मा को प्रथम पुरस्कार, सेंट थ्रेसेस स्कूल की सूर्याशी सिंह एवं गीता इंटरनेशनल स्कूल की दीक्षा यादव को द्वितीय पुरस्कार तथा सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल की रूबी गौतम एवं प्रियांशी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। गीता इंटरनेशनल स्कूल, पडरौना की निकिता गुप्ता, आयुषी सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी, अश्वी जायसवाल एवं अंजली मद्धेशिया को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिसमें न्यायिक अधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से संबंधित यौन अपराधों के लिए विशेष कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया है। यौन शोषण, छेड़छाड़ अथवा यौन हमला गंभीर अपराध हैं और अधिनियम में इनके लिए दंड का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बच्चों की तत्काल सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा पुलिस सहायता के लिए 112 पर संपर्क किया जा सकता है। बच्चों की सुरक्षा, देखभाल एवं संरक्षण के लिए बाल कल्याण समिति तथा निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर से संपर्क किया जा सकता है।

### गांधी जयंती पर पुलिसकर्मियों ने लिया सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प



**भांवरकोल/गाजीपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाने के समस्त पुलिसकर्मियों ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया गया। पुलिसकर्मियों ने समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, कानून–व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया गया। पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारकर ही समाज में विश्वास, सद्भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में थाने के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर 51 टीवी मरीजों को भेंट की पोषण पोटली

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।**



क्षेत्र में स्थित गांधी पार्क प्रांगण में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वर्गीय दशरथ सिंह शास्त्री के स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा चुनार क्षेत्र के 51 टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को पोषण युक्त पोटली भेंट कर गोद लेने का सराहनीय पहल किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के के मिश्रा वह विशिष्ट अतिथि चुनार क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर के के मिश्रा द्वारा शास्त्री परिवार द्वारा स्मृति दिवस के रूप में मरीजों के हित में किए गए इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पोषण पोटली आप सभी के स्वास्थ्य के लिए एक मार्गदर्शन है कि आप सभी आगामी समय में अपने खान पान पर विशेष ध्यान रखते हुए, टीबी की दवा का सेवन नियमित रूप से करें जिससे कि आप सभी जल्द से जल्द पुनः पूर्ण रुप से स्वस्थ हों सकें। सीएमओ द्वारा जनपद को टीबी मुक्त बनाने हेतु मरीजों को स्वस्थ्य होकर समाज में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी सुझाव दिया।

विशिष्ट अतिथि चुनार क्षेत्राधिकार गायत्री यादव द्वारा अपने संबोधन में लोगों को नशे से दूर रहने का सूझाव देते हुए कहा कि स्वास्थ्य है तो जीवन है, इस लिए आप अपने साथ साथ अपने लोगों को भी नशे से दूर रखते हुए टीबी रोग को समाज से मिटाने का प्रयास कर देश को टीबी मुक्त करें। वही कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षय रोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं रेडक्रास सोसायटी मीरजापुर के सक्रिय सदस्य सतीश शंकर यादव द्वारा कार्यक्रम में मौजूद सभी को टीबी रोग के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए वर्तमान में सरकार द्वारा दी जा रही सभी सरकारी निरूशुल्क सुविधाओं का विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा शास्त्री परिवार के सदस्यों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में किए गए सहयोग के उपलक्ष्य में उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया तथा सभी मौजूद लोगों के बीच टीबी हारेगा देश जीतेगा के शपथ प्रकिया को भी पूर्ण किया। वहीं सर्वम संस्था के मालिक संजय भट्टाचार्या द्वारा मंचासीन सभी गणमान्यों को बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान दिया गया। उक्त आयोजन में शास्त्री परिवार के सदस्य सुबोध कुमार सिंह, सेवानिवृत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सरला, अलका, भावना, प्रशांत सिंह एडवोकेट के साथ साथ पीएचसी चुनार प्रभारी डॉक्टर राकेश सिंह वह अमित कुमार सिंह, अखिलेश यादव, सर्वेश कुमार, इफ्तिखार, भनभावन आदि स्वास्थ्य कर्मी के अलावा सर्वम सेवा संस्था वाराणसी के पदाधिकारी संजय भट्टाचार्या, हिमांशु त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण, स्वच्छता का दिया संदेश

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आमघाट पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा शास्त्री नगर चौराहे पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के सम्मान में नारे लगाते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने सुहवल मंडल के युवराजपुर एवं रेवतीपुर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई कार्य में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित विषय नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया था। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति और किसानों के प्रति सम्मान आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इन महापुरुषों के विचारों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, विनोद अग्रवाल, रासबिहारी राय, सुमश्रन बिंद, अभिनव सिंह छोटू, गर्वजीत सिंह, अजय कुशवाहा, पंकज राय, शिवम प्रकाश त्रिपाठी, आयुष सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।